# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024


नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उनको क्या 'फूलमालाएं' चढ़ाएं हम ? 4 जून के बाद इनके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई होगी

**भोपाल।** भाजपा के कद्दावर नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तकरीबन एक दशक से हरियाणा, बंगाल समेत अन्य राज्यों में भाजपा का इकबाल बुलंद करने के बाद अब अपने गृहप्रदेश लौट आए हैं। लोकसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने महाकौशल क्षेत्र में छिंदवाड़ा की जिम्मेदारी सौंपी है। यह लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का करीब 5 दशक से गढ़ बना हुआ है। इस किले को भेदने के लिए पार्टी ने मंत्री विजयवर्गीय को सबसे उपयुक्त माना है। यही वजह है कि वे छिंदवाड़ा में डेरा डाले हुए हैं। उनका कहना है कि हम कांग्रेस को और कमजोर करना चाहते हैं, इसलिए पार्टी ने निर्णय लिया है कि कांग्रेसियों को पार्टी में शामिल करना है। क्योंकि, कांग्रेस की विचारधारा देश से अलग है। उनका मानना है कि कांग्रेसियों को लाने हम किसी के घर नहीं गए, जो कांग्रेस की लीडरशिप से तंग आ चुके हैं, वे खुद हमारे पास आ रहे हैं। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह दोनों ही बड़े नेता हैं, इनके बारे में मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

**ये भी बोले विजयवर्गीय?**

- *कांग्रेसियों को लाने हम किसी के घर नहीं गए, जो कांग्रेस की लीडरशिप से तंग आ चुके हैं, वे खुद हमारे पास आ रहे*
- *अब लोगों को समझ में आ गया है कि कमलनाथ हमेशा के लिए घर बैठने वाले हैं, इसलिए अबकी बार भाजपा को वोट देना है*



**सवालः** जिस छिंदवाड़ा को जीतने की अभिलाषा थी, वे आपके पास ही आ रहे थे, मामला कहां अटक गया?

**जवाबः** यह बात सही है कि कांग्रेस के कुछ लोग टिकट मांगने भाजपा के पास आए थे, उस पर चर्चा के बाद तय हुआ कि उनको पार्टी में नहीं लेना है। मेरे कहने का अंदाज अलग है। हालांकि, पार्टी जो निर्णय करती है, उस पर मैं कोई टिप्पणी नहीं करता हूं। पार्टी का निर्णय है कि कांग्रेस के लोगों को भाजपा में लेना है। कांग्रेस की नीति है कि भ्रष्टाचार की आवाज उठाओ, उनकी नीति है कि तुष्टीकरण की नीति अपनाओ तो वे भाजपा को कोसते रहे। जो लोग आ रहे हैं, उन्होंने अपनी पार्टी की रीति-नीति के साथ किसी ने 10 साल तो किसी ने 50 साल तक काम किया, लेकिन अब वे भाजपा में आ गए तो वे भाजपा की रीति-नीति के अनुसार काम करेंगे। वे भाजपा में आए तो सोच-समझकर आए हैं। उन्हें पीएम मोदी पर विश्वास है।

**सवालः** इस चुनाव का 2019 के चुनाव से कोई अंतर देख रहे हैं क्या ?

**जवाबः** इस बार देश की जनता ने तय कर लिया है कि नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाना है। विपक्ष कहीं पर भी संयुक्त दिखाई नहीं दे रहा है। एकदम बिखरा हुआ है। उनकी विचारधारा स्पष्ट नहीं है। इसलिए, यह निश्चय भी हो गया है कि 400 पार करेंगे। राहुल गांधी कोई भी घोषणा करें, उससे मेरा कोई ऐतराज नहीं है। वे चाहे साल में महिलाओं को 1 लाख रुपए दें या महीने में साढ़े 8 हजार, वो उनका प्लान है। हम तो साढ़े 1200 से रुपए प्रतिमाह दे रहे हैं। वह जो भी घोषणा करेंगे, वह घोषणा ही रहेगी, क्योंकि, वे सरकार में ही आने वाले नहीं है।

**सवालः** जब आपकी नीतियां इतनी अच्छी हैं तो विपक्ष के ईडी, सीबीआई,आयकर का दुरुपयोग करने वाले आरोप आप लोग क्यों झेल रहे हो?

**जवाबः** इसका मतलब है कि जिसने देश के अंदर भ्रष्टाचार किया है, उनको फूलमालाएं चढ़ाएं क्या हम? जिन्होंने देश का पैसा खाया, जनता को लूटा हो, उन लोगों को बख्श दें। प्रधानमंत्री ने कहा है कि 4 जून के बाद इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई होगी। जिन्होंने देश का पैसा खाया है, उन्हें मैं छोडूंगा नहीं। उन्हें जेल जाना ही पड़ेगा। उनका यह देश और जनता के प्रति कमिटमेंट है। इसको तो आभार माना जाना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए इलेक्ट्रोरल बांड के रूप में पैसा लेना तो एक अच्छी बात है। इसमें कोई गलत नहीं है। ये किससे लिया या किससे नहीं लिया, यह एक विश्लेषण वाली बात हो सकती है, लेकिन ये जो प्रक्रिया है, मैं उसका स्वागत करता हूं।

**मां महागौरी**



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

**खबर संक्षेप**

### आने वाला है एमपी बोर्ड 10वीं, 12वीं का परिणाम


**नई दिल्ली।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मप्र 10वीं, 12वीं की परीक्षाओं के नतीजों को जारी करने की तैयारी है और ये तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं।



एमपी बोर्ड रिजल्ट 2024 को 20 अप्रैल के दिन दोपहर 2 बजे जारी किया जा सकता है। बोर्ड एग्जाम 2024 में इस वर्ष 16 लाख छात्र छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराई थी, जो अपनी परीक्षाओं के परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा टॉपर्स की वेरिफिकेशन और उनके इंटरव्यू की प्रोसेस भी अपने अंतिम चरण में हैं। एमपी बोर्ड रिजल्ट 2024 को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जारी किया जाएगा ।

### इजराइल-ईरान टेंशन से सेंसेक्स 845 अंक गिरा

**मुंबई।** भारतीय शेयर मार्केट में सोमवार को ईरान-इजरायल के बीच चल रहे तनाव का साफ असर देखने को मिला। सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जमकर बिकवाली हुई और इसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों धड़ाम हो गए।



कारोबार बंद होने के समय बीएसई सेंसेक्स 845 अंकों और एनएसई निफ्टी 246 अंकों गिरावट के साथ बंद हुए। निवेशकों में मायूसी छा गई। सबसे ज्यादा गिरावट मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में देखी गई।

**लोकसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी का महत्वपूर्ण साक्षात्कार, ईडी-सीबीआई, आयकर विभाग और ईसी के जुड़े सवालों के दिए जवाब**

# मेरे फैसले किसी को डराने या किसी को 'दबाने' के लिए नहीं, 'विकास' के लिए

मोदी से जब समान अवसर की कमी और ईडी, सीबीआई, ईसी आदि एजेंसियों पर कथित प्रभाव के बारे में भी पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इनमें से एक भी कानून (ईडी, सीबीआई केस दायर करना) मेरी सरकार द्वारा नहीं लाया गया, इसके विपरीत, चुनाव आयोग में सुधार मेरी सरकार द्वारा लाया गया। पहले एक परिवार के करीबी लोगों को चुनाव आयुक्त बनाया गया, जिन्हें बाद में राज्यसभा सीटें और मंत्रालय मिले। हम (भाजपा) उस स्तर पर नहीं खेल सकते।

**ईवीएम पर विपक्ष के सवाल**

कहा कि वास्तव में, वे अपनी हार का कारण ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि, हार का दोष सीधे तौर पर उन्हें न दिया जाए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने विपक्षी नेताओं पर जमकर निशाना साधा है। पीएम मोदी ने देशवासियों से कहा कि मेरे फैसले किसी को डराने या किसी को कमतर करने के लिए नहीं होते हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों से कहा कि मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। वे देश के समग्र विकास के लिए बनाए जाते हैं।जब पीएम नरेंद्र मोदी से विपक्ष के इस आरोप के बारे में पूछा गया कि एजेंसियां सरकार के नियंत्रण में हैं, और जब ईवीएम पर सवाल उठाया गया तो उन्होंने कहा कि वास्तव में, वे अपनी हार का कारण ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं।



**मैं मां भारती का बेटा हूं**

1 सवाल पूछा गया कि पहले कहा जाता था कि इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा और अब है मोदी इज भारत और भारत इज मोदी। वे बोले-ऐसा है कि देश यह कहता है और मैं खुद भी फील करता हूं कि मैं मां भारती का बेटा हूं।

2 मोदी ने कहा कि जो भ्रष्टाचार से घिरे हैं, उनमें पाप का डर होता है। आज कितने विपक्ष के नेता जेल में हैं। मुझे कोई नहीं बताता। और क्या ये वही विपक्षी नेता हैं, जो सरकारें चलाते थे? ये पाप का डर है। आखिर एक ईमानदार व्यक्ति को किस बात का डर?

### *ईडी का काम बेहतरीन, एजेंसी के 97% केस उन पर जो राजनीति से नहीं जुड़े*

*पीएम ने कहा है कि ईडी आज के समय में बेहतरीन काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि एजेंसी के 97 फीसदी केस ऐसे लोगों पर हैं, जो राजनीति में शामिल नहीं है। इतना ही नहीं पीएम ने कहा कि ईडी और सीबीआई से जुड़े कोई भी कानून भाजपा के समय में नहीं आए। बल्कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग में बदलाव के लिए कानून लाई। मोदी ने कहा कि एक ईमानदार आदमी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पर जो भ्रष्टाचार से घिरे हैं, उनमें पाप का डर होता है। आज कितने विपक्ष के नेता जेल में हैं। मुझे कोई नहीं बताता। और क्या ये वही विपक्षी नेता हैं, जो सरकारें चलाते थे? ये पाप का डर है। आखिर एक ईमानदार व्यक्ति को किस बात का डर? जब मैं मुख्यमंत्री था, तब उन्होंने मेरे गृह मंत्री को जेल में डाल दिया था। देश को समझना होगा कि राजनीतिक नेताओं पर ईडी के सिर्फ तीन फीसदी केस ही हैं। 97 फीसदी मामले उन लोगों पर हैं, जो राजनीति से नहीं जुड़े हैं।*

**मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया, मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं**

*एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रधानमंत्री मोदी ने साक्षात्कार में कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है। हमने इसके लिए समिति बनाई, जिसे कई लोगों ने अपने सुझाव दिए। एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा। ज्यादातर सरकारों का स्वाभाव होता है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। लेकिन यह जरूर है कि मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है। पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता। मैं समय नहीं बिगाड़ना चाहता। मुझे पता है कि देश में बहुत चीजों की आवश्यकता है। हर परिवार के बहुत सपने होते हैं, उनका सपना कैसे पूरा किया जाए, वह मेरे दिल में है। इसलिए मैं कहता हूं कि जो हुआ वह बस ट्रेलर है। मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं।*

### कांग्रेस के घोषणा पत्र से युवा मतदाता निराश, आज की पीढ़ी सस्ते डेटा से खुश

कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये घोषणापत्र अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से विफल करता है। कांग्रेस का घोषणा पत्र पहली बार मतदान करने वाले मतदाता की आकांक्षाओं को भी एक तरह से नष्ट कर देता है। मोदी ने कहा कि मैं जब विकसित भारत- 2047 की बात करता हूं तो यह उनके लिए हैं, जो आज 20 साल के हैं। यह उनकी पूरी जिंदगी का टाइम फ्रेम है। 2047 में 20 साल वाला आज का युवा, 40-45 साल का होगा। भारत का विकास और उसके जीवन का विकास एक साथ होगा। विकसित भारत- 2047 का सबसे बड़ा लाभार्थी वही होगा। मैं उन्हें यही समझा रहा हूं कि आप मेरे साथ जुड़े और अपना भविष्य बनाएं। मुझे विश्वास है कि वे जुड़ेंगे। अगर आप ध्यान दें तो इस घोषणा पत्र से सबसे बड़ा नुकसान 25 साल से कम उम्र के लोगों को है। मैं उन युवाओं के जीवन को बेहतर बनाना चाहता हूं। मैं देश में नवाचार को ताकत देना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सोच रही है कि हमारी जिंदगी बेहतर हो रही है। आज भारत में सबसे सस्ता इंटरनेट है। सस्ते इंटरनेट के कारण युवाओं को देश में डिजिटल क्रांति लाने की ताकत आई है। मैंने हाल ही में गेमर्स से मुलाकात की थी। उन्होंने मुझसे कहा कि सर, हम दुनिया में खेलने जाते हैं, वहां डेटा बहुत महंगा है, हमारे लिए भारत में बहुत सारे अवसर हैं।

**करदाताओं का सम्मान करना चाहिए**

पीएम ने कहा कि देश में करदाताओं का सम्मान होना चाहिए। लोगों को सरकार पर भरोसा है, अब कर संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले 10 साल के शासन में आईटीआर फाइल धारकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पहले चार करोड़ से भी कम लोग आईटीआर फाइल करते थे, अब आठ करोड़ से अधिक लोग आईटीआर फाइल कर रहे हैं। मैं करदाताओं से अनुरोध करता हूं कि देश के लिए आप कम से कम ऐसे तीन लोगों को प्रेरित करें, जो अभी कर नहीं देते हैं। जब मैं गरीबों के लिए घर बनाता हूं तो उस ईंट का भुगतान करदाता करता है। जब करदाताओं के कारण गरीब को मुफ्त राशन दे पाता हूं। करदाताओं के कारण जरूरतमंद को खाना मिलता है।

**विदिशा में भीषण सड़क हादसा**

## ट्रक और ट्रैक्टर में भिड़ंत से दो किसानों की मौत, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा में एक भीषण हादसा हो गया। एक ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में दो किसानों की मौत हो गई। यह विदिशा-सागर हाईवे की घटना है। टक्कर के बाद छह किसान ट्रॉली के नीचे दब गए। दो की मौत हो गई, चार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक, बगरोद के पास संस्कार वेयर हाउस के सामने सुबह करीब साढ़े तीन बजे यह हादसा हुआ। दरअसल, यहां अनाज बेचने आए किसानों के ट्रैक्टर-ट्राली की कतार लगी थी।



**सपा-कांग्रेस का साझा समर्थन**

## खजुराहो में वीडी शर्मा को टक्कर देंगे आरबी प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



खजुराहो लोकसभा सीट काफी समय से विवादित चल रही है। इस सीट से मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रत्याशी हैं। जहां पहले कांग्रेस ने गठबंधन के तहत यह सीट सपा को दी थी, वहीं सपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो जाने पर गठबंधन का कोई उम्मीदवार यहां से नहीं बचा, जिसके बाद सोमवार को कांग्रेस और सपा ने संयुक्त रूप से पीसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान किया। बता दें कि अब यहां से वीडी शर्मा को ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के उम्मीदवार राजा भैया (आरबी) प्रजापति सीधे टक्कर देंगे। जिसमें उन्हें सभी विपक्षी पार्टियों का सहयोग मिलेगा, इसलिए अब यह लोकसभ सीट और ज्यादा हॉट होने वाली है।

### मुनि श्री समय सागर जी महाराज बनेगे नवआचाय

**सर संघ संचालक मोहन भागवत जी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे**

**कुंडलपुर में आज होगा आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महामहोत्सव**

**दमोह।** जैन तीर्थ कुंडलपुर में आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महा महोत्सव आज भव्य रूप से मनाया जायेगा जिसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुचेंगे। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी की संघ परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये आज उनके शिष्य मुनि श्री समय सागर जी महाराज को आचार्य पद इस आयोजन में दिया जायेगा। यहां आचार्य श्री के संघ के 300 से अधिक साधु संत एवं पूरे देश की समाज एक साथ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का उत्तरदायित्व संभालने मुनि श्री से



निवेदन करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ प्रमुख मोहन भागवत, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन भागवत सहित अनेक बड़े नेता, उद्योगपति शामिल होंगे। ऐतिहासिक आयोजन को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई। ढाई लाख स्क्वायर फीट में बने पंडाल में एक साथ लाखों श्रद्धालु इस महोत्सव के साक्षी बनेंगे। आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था के लिये विशेष इंतजाम किये गये है।

**21 पूर्व जजों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा**

संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित ये तत्व कोशिश कर रहे हैं कि हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो जाए

## जनता का विश्वास कम हो रहा, हम दबाव में हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के 21 पूर्व जजों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने देश के मौजूदा हालात में न्यायपालिका पर बढ़ते दबाव की बात की है। उन्होंने ये भी कहा है कि न्यायिक प्रणाली में अब जनता का विश्वास कम हो रहा है। इस चिट्ठी को लिखने वालों में 17 हाई कोर्ट के पूर्व जज हैं और बाकी सुप्रीम कोर्ट के जज हैं। इन सभी जजों ने 14 अप्रैल को एक सामूहिक पत्र में चीफ जस्टिस



डीवाई चंद्रचूड़ से जो कुछ भी कहा है, वो देश के हर जागरूक नागरिक को पढ़ना चाहिए। पूर्व 21 जजों ने लिखा है कि कुछ गुटों द्वारा सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जिसको लेकर हम चिंतित हैं।

**ये हमारे देश के लोकतंत्र के लिए हानिकारक**

पत्र में आगे लिखा कि हम खासतौर से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के बारे में चिंतित हैं, जो न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए हानिकारक भी हैं। किसी के विचारों से मेल खाने वाले न्यायिक निर्णयों की चयनात्मक रूप से प्रशंसा करने और उन फैसलों की तीखी आलोचना करने की प्रथा जो न्यायिक समीक्षा और कानून के शासन के सार को कमजोर नहीं करते हैं।

**खुशखबरी : ला नीना प्रभाव के चलते सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून**

**भारतीय मौसम विभाग का अनुमान**

भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर 2023 तक का डेटा देखने से पता चलता है कि देश में नौ बार मानसून सामान्य से बेहतर रहा है। ला नीना प्रभाव के चलते ही ऐसा हुआ।

## इस साल 'जमकर बरसेंगे' बादल, पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर तक हो सकती है बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इस साल मानसून सामान्य से बेहतर रह सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। ला नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर 2023 तक का डेटा देखने से पता चलता है कि देश में नौ बार मानसून सामान्य से बेहतर रहा है।

देश में चार महीनों तक (जून से सितंबर तक) सामान्य से ज्यादा बारिश होगी और 106 प्रतिशत तक होगी



### *मानसूनी हवाएं कमजोर होने से पैदा होते हैं सूखे के हालात*

*अल नीनो प्रभाव में मध्य प्रशांत महासागर की सतह का पानी गर्म होता है, इसके चलते मानसूनी हवाएं कमजोर होती हैं और भारत में सूखे के हालात पैदा होते हैं। ला नीना प्रभाव में पूर्व से पश्चिम की तरफ हवाएं तेज हो जाती हैं, जिससे समुद्र की सतह का गर्म पानी पश्चिम की तरफ चला जाता है। इसके चलते समुद्र का ठंडा पानी ऊपर सतह पर आ जाता है, जिससे पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है। भारत में 70 फीसदी बारिश दक्षिण पश्चिमी मानसून के चलते ही होती है। मानसूनी बारिश देश के कृषि क्षेत्र के लिए बेहद अहम है ।*



प्रधानमंत्री मोदी ने केरल के पलक्कड़ में चुनावी जनसभा में कहा

# जनता के पैसों को लूट रहे, ये भ्रष्टाचार के नए-नए मॉडल ला रहे, प्रवर्तन निदेशालय ने अटैच की 90 करोड़ रुपए की संपत्ति

एजेंसी ▶▶ पलक्कड़

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल के पलक्कड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीपीएम के मुख्यमंत्री तीन साल से लगातार झूठ बोल रहे हैं कि इस कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिलेगा। ये यह भी झूठ बोलते हैं कि दोषियों पर कार्रवाई होगी।

ये आपका सेवक मोदी है जिसने इस केस की जांच करवाई। अब तक स्कैम करने वालों की करीब 90 करोड़ की संपत्ति भारत सरकार के ईडी ने अटैच कर ली है। मैं इस बारे में कानूनी सलाह ले रहा हूं कि कैसे जिनके पैसे डूब गए हैं, ऐसे गरीबों को उनका पैसा वापस करूं? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पहले भी देश में 17 हजार करोड़ ऐसे स्कैम पीड़ितों को वापस दिलवा चुकी है। मैं कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को ये भरोसा दिलाता हूं कि उनका पैसा वापस दिलाने में भाजपा और मेरी सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। पीएम मोदी ने अलाथुर में जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि करुवन्नूर कोऑपरेटिव बैंक स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस किया जाएगा।

**भाजपा सरकार ने देश में 17 हजार करोड़ वापस दिलवाए**

नए एयरपोर्ट एक्सप्रेसवे बन रहे, बुलेट ट्रेन पर चल रहा काम

हम लूट के पैसों को वापस दिलवाने के लिए कानूनी सलाह ले रहे

उन्होंने कहा कि सीपीएम के मुख्यमंत्री तीन साल से लगातार झूठ बोल रहे हैं कि इस कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिलेगा। ये यह भी झूठ बोलते हैं कि दोषियों पर कार्रवाई होगी। आज तक लूट के अलावा कुछ नहीं किया



## सीपीएम वालों ने गरीबों के जमा पैसे वाले बैंक को ही कंगाल कर डाला

पीएम मोदी ने कहा कि जनता का हर एक रुपया लूटना चाहते हैं। जिस बैंक में गरीबों और मध्यम वर्ग ने अपनी मेहनत के सैकड़ों-करोड़ों रुपए जमा किए थे, उस बैंक को सीपीएम को लोगों ने पूरी तरह लूटकर कंगाल कर दिया। इन्होंने गरीब की बेटी की शादी को भी अनेक संकटों में डाल दिया।केरल के लोगों ने बीते 10 सालों में देखा है कि कैसे एनडीए सरकार ने दुनिया भर में भारत की साख बढ़ाई है। कांग्रेस सरकार ने भारत की छवि कमजोर देश की बना दी थी। भाजपा सरकार ने भारत को एक मजबूत देश बनाया है। आज जब कोई भारतीय विदेश जाता है तो उसे सम्मान से देखा जाता है।

### हमारे 10 साल के काम तो केवल ट्रेलर...

पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत युद्ध में फंसे अपने नागरिकों को रेस्क्यू करने की ताकत रखता है। आज का भारत कोरोना जैसी महामारी में दूसरे देशों की ओर नहीं देखता। हम स्वदेशी वैक्सीन बनाते हैं। अपने देश के साथ-साथ दूसरे देशों की सहायता भी करते हैं। मोदी कहता है कि 10 साल में इनता सारा काम भले हुआ लेकिन जो हुआ है वो तो ट्रेलर है ट्रेलर।

### आधुनिक संरचना से होगी भारत की पहचान

पीएम ने कहा कि विकसित होते भारत की पहचान आधुनिक संरचना से भी होगी। आज देश में नए एक्सप्रेस बन रहे हैं, नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने कल अपने घोषणापत्र में घोषणा की है कि जैसे पश्चिम भारत में अहमदाबाद-मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन का काम चल रहा है। देश की पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

## एक भाषा और एक नेता चाहते हैं भाजपा-संघ

**वायनाड में भाजपा पर राहुल का हमला भाजपा और संघ के विचारों पर आरोप**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड में एक बड़ा रोड शो किया। इसमें हजारों लोग शामिल थे। इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिवादन भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर करारा हमला बोला है। राहुल का रोड शो वायनाड के सुल्तान बठेरी में हुआ। राहुल एक कार की खुली छत पर बैठकर जनता का अभिवादन करते नजर आए। राहुलने कहा कि यह सोच लोगों का अपमान है कि भारत में केवल एक ही नेता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अंग्रेजों से आजादी सिर्फ आरएसएस की विचारधारा का औपनिवेश बनने के लिए नहीं मिली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मान्यताओं, भाषा धर्म, संस्कृति से प्यार और उनका सम्मान करना चाहती है।

## राजस्थान में बरसीं प्रियंका गांधी



### भाजपा जनता के अधिकार छीन रही

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राजस्थान में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में संविधान बदलने की बात इसलिए हो रही है क्योंकि भाजपा के लोग जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 10 साल के शासन और झूठे वादों के बाद उनकी बातें अब हल्की लगने लग गई हैं। प्रियंका गांधी बांदीकुई (दौसा) में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर कई हमले किए।

**मणिपुर और त्रिपुरा में शाह**

## हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे, अफ्स्पा का दायरा घटा



**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इंफाल में अमित शाह ने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसित तब बनेगा जब मणिपुर विकसित होगा।

### 10 समझौतों पर हस्ताक्षर, हजारों आतंकवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला।** गृह मंत्री शाह ने त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली में कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में 10 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में 10,000 से अधिक विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण कर फिर से अपने जीवन की शुरुआत की।कांग्रेस सरकार के दौरान, देश भर में आदिवासी विकास के लिए कुल बजट केवल 24,000 करोड़ था और मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ कर दिया।

### पूर्वोत्तर को 98,000 करोड़ की मिलीं परियोजनाएं

उन्होंने बताया कि 2014 से पहले, देश में केवल 90 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय थे और 10 वर्षों में मोदी सरकार ने आदिवासी छात्रों की शिक्षा के लिए पूरे भारत में 740 ऐसे स्कूल स्थापित किए हैं।उन्होंने कहा कि 21 प्रतिशत घर इसके अंतर्गत हैं।केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान, त्रिपुरा को 40,000 करोड़ की परियोजनाएं मिलीं, जबकि मोदी सरकार के दस वर्षों के दौरान, राज्य को 98,000 करोड़ की बड़ी संख्या में परियोजनाएं मिलीं।

मसूरी में नड्डा ने कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

## जमीन से लेकर आसमान तक किया घोटाला, कांग्रेस ने देश को गर्त में डाला

उत्तराखंड लोकसभा चुनाव के दौरान मसूरी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जमीन से लेकर आसमान तक सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। यूपी में गोमती रिवर घोटाला, लैपटॉप घोटाला किया, लालू ने जमीन के बदले नौकरी, चारा घोटाला किया, ममता बेनर्जी सरकार में घोटाले हुए हैं। इंडिया गठबंधन के कई नेता या जेल में हैं या बेल पर हैं। कांग्रेस शासनकाल में देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा। मोदी सरकार ने देश को विकसीत राष्ट्र बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।



### पहले नेता ये तय नहीं कर पाए मानवता जरूरी है या राजनीति

**देहरादून।** नड्डा ने कहा कि पहले लोग ये तय नहीं कर पाए कि अर्थ जरूरी है, अर्थशास्त्र जरूरी है या मानवता जरूरी है। मसूरी के गांधी चौक पर आयोजित विजय संकल्प जनसभा में नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले राजनीति का रवैया उदासीन भरा था, लेकिन मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल, तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है।

### बीजेडी के पूर्व सांसद प्रभास कुमार भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** बीजद के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के पहले चरण के पहले ही भाजपा में शामिल हो गए। प्रभास ने बीजद छोड़कर भाजपा में शामिल होने का कारण भी बताया और कहा कि वो प्रधानमंत्री मोदी के काम से काफी प्रभावित हैं।प्रभास ने कहा कि बीजू जनता दल (बीजेडी) में कोई गरिमा और स्वाभिमान नहीं है।

**खबर संक्षेप**

### अनंतपुर के एक गोदाम में लगी भीषण आग

**अनंतपुर।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर शहर के गुट्टी रोड पर सोमवार की सुबह एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। समाचार एजेंसी एएनआई ने एक वीडियो साझा किया है। इसमेंबताया गया कि अग्निशमन अभियान के दौरान गोदाम से धुएं का गुबार निकल रहा है।



### अमानतुल्लाह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्लाह खान को बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को अमानतुल्लाह खान को अग्रिम जमानत देने इनकार कर दिया। खान पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती और कुछ संपत्तियों को पट्टे पर देने में अनियमितता बरती थी। इसके बाद खान के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया गया था।



### जयपुर एयरपोर्ट से सफर करना पड़ेगा महंगा!

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई यात्रा अब महंगी हो सकती है। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों पर लगने वाले टैक्स यूडीएफ को दोगुना करने की तैयारी कर ली है। यूजर डवलपमेंट फीस के तौर पर वसूला जाता है। वर्तमान में जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले हर यात्री से 465 रुपए बतौर यूडीएफ टैक्स लिया जाता है। इसे 910 रुपए करने की तैयारी की जा रही है।



दिल्ली शराब नीति घोटाले में केजरीवाल ने की त्वरित सुनवाई की मांग

# सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से किया इनकार 24 अप्रैल तक ईडी से जवाब तलब किया



**केजरीवाल को जेल में ही रहना होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अब केजरीवाल मामले पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दावा किया कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने मामले की अगली सुनवाई जल्दी करने की मांग की।

## जस्टिस खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ अब 29 को करेगी सुनवाई



### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी उस याचिका को खारिज करते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। कोटआ ने कहा था कि बार-बार समन भेजने के बावजूद केजरीवाल के ईडी के समक्ष पेश नहीं होने और जांच में शामिल नहीं होने से ईडी के पास कोई विकल्प नहीं था।

### ईडी के दावे का भी हवाला दिया

उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका खारिज करते समय निदेशालय के इस दावे का भी हवाला दिया था कि केजरीवाल अपराध से हुई आय के उपयोग और उसे छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ककहा था कि 'आम और खास व्यक्ति' के खिलाफ जांच अलग-अलग नहीं हो सकती।

### जेल से चलेगी दिल्ली सरकार, अब हर दिन दो मंत्रियों से मिलेंगे केजरीवाल

खबर है कि केजरीवाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों से भी जेल में मुलाकात करेंगे और सरकार के काम काज का ब्योरा लेंगे। पंजाब से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि जेल में मैं और भगवंत मान केजरीवाल से मिलने गए थे।

**केजरीवाल से मुलाकात के बाद भावुक हुए मान**

### आतंकवादियों की तरह हो रहा व्यवहार



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में केजरीवाल से मुलाकात की। मान ने कहा उन्हें वे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो कट्टर अपराधियों को भी मिलती हैं।

**जेल मैन्युअल के हिसाब से हुई दोनों की मुलाकात**

जेल प्रशासन का कहना है कि दोनों नेताओं की मुलाकात पूरी तरीके से जेल मैन्युअल के हिसाब से हुई है। सुरक्षा चीफ ने प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामला**

## मुस्लिम पक्ष को झटका, कोर्ट में एक साथ नहीं होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ मथुरा

यहां के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। इस केस के जुड़े सभी मामलों की इलाहाबाद हाईकोर्ट में एकसाथ सुनवाई के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है।

जमीन विवाद से जुड़े मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसकर करने के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निचली अदालत में चल रहे 15 मामलों को सुनवाई के लिए खुद से समझ ट्रांसफर कर लिया था।



### हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले को मुस्लिम पक्ष की ओर से चुनौती दी गई। सोमवार को इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं दी। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की मांग को खारिज कर दिया और कहा कि हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी।

### क्या है पूरा मामला ?

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह से संबंधित कई याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई की जा रही है। हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं में दावा किया गया है कि मस्जिद का निर्माण कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर किया गया है। वहीं मुस्लिम पक्ष की ओर से दलील दी जा रही है कि हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाएं पोषणीय नहीं है। 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने दलील पेश की है।

**अयोध्या से दिल्ली जा रही थी उड़ान**

## चंडीगढ़ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, 2 मिनट का था फ्यूल

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

अयोध्या से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई2702 दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद इसे चंडीगढ़ डायवर्ट किया गया जहां उसे लैंड किया गया। हालंकि इस दौरान प्लेन के पास सिर्फ 2 मिनट का फ्यूल बच गया था।

ये घटना 13 अप्रैल की है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी क्राइम सतीश कुमार ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर की है। इस फ्लाइट में वो भी सवार थे। हालांकि चंडीगढ़ एयरपोर्ट के सीईओ राकेश सहाय ने घटना को सिरे से खारिज कर दिया है। इस मामले में इंडिगो ने सफाई भी दी है और कहा है कि कैप्टन ने सारे नियमों का पालन किया है और सभी सुरक्षित हैं। विमान में पर्याप्त फ्यूल था और विमान को चंडीगढ़ ले जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई। इंडिगो के मुताबिक उसके लिए यात्रियों की सुरक्षा सबसे अहम है।

**यात्रियों की जान हलक में आई**



**मणिपुर हिंसा के विस्थापितों ने की वोटिंग सुविधा देने की मांग**

## सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराई याचिका, बाधाएं आने का दिया हवाला

### नौलक खामसुअनथांग सहित अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि सर्वोच्च अदालत चुनाव आयोग (ईसीआई) को निर्देश दे कि वे जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए 18,000 लोगों के लिए लोकसभा चुनाव में मतदान की व्यवस्था करे। जिन राज्यों में विस्थापित लोग रह रहे हैं, वहां-वहां चुनाव आयोग विशेष मतदान केंद्र स्थापित करे। मणिपुर में दो लोकसभा सीट है, जहां दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को मतदान होना है।

**खास बातें**

- लोगों ने चुनाव आयोग से निर्देश देने की मांग उठाई
- 18,000 लोगों के लिए चुनाव में मतदान की मांग की थी

### विधायकों ने चुनाव आयोग के सामने रखी थी बात




कुकी और मैतेई समूहों के नेताओं ने चुनाव आयोग के साथ भी यह मुद्दा उठाया था। जिन लोगों ने राज्य के बाहर शरण ली है, उनका कहना है कि अगर मतदान की व्यवस्था नहीं हो सकती है तो उन्हें डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करने की अनुमति दी जानी चाहिए। मणिपुर के कुकी समुदाय से जुड़े दस विधायकों ने इस महीने की शुरुआत में चुनाव आयोग से कहा था कि राज्य के बाहर रह रहे विस्थापित लोगों को वहां से मतदान करने की अनुमति दी जाए, जहां वो रह रहे हैं।

### मैतेई समूह ने डाक मतपत्र की व्यवस्था मांगी

उधर, एक मैतेई समूह ने भी इस बारे में चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि राज्य के बाहर रहने वाले मणिपुर के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था की जाए। समूह से जुड़े लोगों ने कहा कि राज्य के बाहर रहने वाले मतदाताओं के लिए महंगी उड़ानें लेना असंभव है और सड़क यात्रा पूरी तरह से असुरक्षित है।

### सीजेआई की पीठ ने सुनवाई की

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की तीन सदस्यीय पीठ ने मणिपुर निवासी नौलक खामसुअनथांग सहित अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत के हस्तक्षेप के कारण मणिपुर में लोकसभा चुनाव कराने में बाधाएं आ सकती हैं।आपने अंतिम समय में याचिका दायर की है। ऐसे में क्या ही किया जा सकता है। हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

जबलपुर
मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष-7
■ वर्ष : 18 अंक : 340
■ पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 39
न्यून. 24

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर 'अच्छी खबर'

## ऑल टाइम हाई हुआ विदेशी मुद्रा भंडार, 648 अरब डॉलर के पार



सोने के भंडार में तेज बढ़ोतरी के चलते देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई हो चला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक अच्छी खबर आई है। दरअसल, सोने के भंडार में तेज बढ़ोतरी के चलते देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऑल टाइम हाई हो चला है। जी हां, लगातार सातवें सप्ताह बढ़कर यह 648 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है, जो अब तक का ऑल टाइम हाई है। इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी है। इससे पहले यह 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.951 अरब डॉलर से बढ़कर 645.583 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

### फॉरेन करेंसी असेट्स हुआ 571.17 अरब डॉलर

वहीं, आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार को अहम हिस्सा मानने वाली फॉरेन करेंसी असेट्स 54.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 571.17 अरब डॉलर हो गई। ज्ञात हो, फॉरेन करेंसी एसेट्स, फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का अहम हिस्सा होते हैं।

वो अद्भुत 5 मिनट

वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे

# 17 अप्रैल दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य किरणें, सुबह 3.30 बजे से होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि केवल रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को रामलला की दर्शन अवधि में बदलाव किया जाएगा। मंगला आरती के बाद ब्रहम मुहूर्त में प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ- साथ हो सकेंगे। श्रीरामलला मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनवमी पर रात्रि 11 बजे तक दर्शन हो सकेंगे।

रामनवमी पर रात्रि 11 बजे तक दर्शन हो सकेंगे

मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा



### 19 तक कोई पास नहीं बनेंगे

तीर्थ क्षेत्र की ओर से बताया गया कि रामनवमी पर शयन आरती के पश्चात मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि मंदिर से दूर सुरक्षित रखकर आएं। बताया कि दिनांक 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वीआईपी दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे। सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' द्वारा यात्री सेवा केंद्र बनाया गया है जिसमें जन-सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में लगभग 80 से 100 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 10 मई को खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट



**देहरादून।** यमुनोत्री जयंती के अवसर पर रविवार को पुरोहित समाज ने यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित कर दी है। मां यमुना के मंदिर के कपाट 10 मई को अक्षय तृतीया पर सुबह 10.29 बजे रोहिणी नक्षत्र में खोले जाएंगे। पुजारी ने बताया कि इससे पहले मां यमुना की डोली खरसाली गांव में सुबह 6.15 बजे यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी।

### थोक महंगाई दर मार्च में बढ़कर 0.53 फीसदी पर



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। फरवरी में डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर 0.20 फीसदी पर थी। यह मार्च में बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा इजाफा आलू और प्याज की कीमतों में देखने को मिला है। यानी मार्च के महीने में मामूली रूप से बढ़ी है।

### भारत में बैन हुए 2 लाख से अधिक अकाउंट्स



**नई दिल्ली।** एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अपनी कंप्लायंस रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पॉलिसी उल्लंघन को लेकर 2,13,000 अकाउंट्स बैन किए हैं। यह आंकड़ा 26 फरवरी से 25 मार्च 2024 के बीच का है। ये अकाउंट्स बाल यौन शोषण और अश्लीलता को बढ़ावा दे रहे थे।

सीएम डॉ. यादव व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा- संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारेंगे

# हमारे संकल्प पत्र से प्रदेश में भी टूरिज्म, मेडिकल शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बढ़ेंगी

आने वाले दो सालों में मप्र के हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी।

संकल्प पत्र में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों का भी निदान खोजा गया है। अब सैटेलाइट टाउन का संकल्प लिया गया है। सैटेलाइट टाउन के जरिए शहर के साथ ही उसके आसपास वाले इलाकों का भी विकास होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पार्टी के संकल्प-पत्र 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी-2024' का विमोचन किया।

राजधानी के बंसल-वन स्थित प्रदेश मीडिया सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का ये संकल्प पत्र देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश के विकास को भी गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है और यह संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का दस्तावेज है, जिसमें देश के साथ मध्यप्रदेश के विकास को भी गति देने वाले प्रावधान हैं। संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में धरातल पर उतारेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी बोलते हैं, यही समय है सही समय है। निश्चित रूप से यह भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़ने का सही समय है और हम इस समय का सदुपयोग करेंगे। इस संकल्प पत्र से मध्यप्रदेश में भी टूरिज्म, मेडिकल, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बढ़ेंगी।

डॉ. यादव ने कहा कि मोदी बोलते हैं, यही समय है सही समय है। निश्चित रूप से यह भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़ने का सही समय है और हम इस समय का सदुपयोग करेंगे।




### स्वाभिमान के साथ ही युवाओं को रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में पर्यटन के विस्तार के लिए कई कदम उठाए गए हैं। आने वाले दो सालों में मप्र के हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी। भाजपा ने संकल्प पत्र के माध्यम से देश के स्वाभिमान के साथ ही युवाओं को रोजगार, गरीबों को काम सहित अन्य क्षेत्रों का भी ध्यान रखा है। संकल्प पत्र में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों का भी निदान खोजा गया है। अब सैटेलाइट टाउन का संकल्प लिया गया है। अब सैटेलाइट टाउन के जरिए शहर के साथ ही उसके आसपास वाले शहर का भी विकास होगा।

#### मुद्रा लोन में 20 लाख रुपए तक लिमिट : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी के संकल्प पत्र में भारत का श्रेष्ठ बनाने का निश्चय है, तो 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोड मैप भी है। पार्टी का संकल्प पत्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अगले पांच वर्षों का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें देश के विकास का जो ताना-बाना बुना गया है, उसमें मप्र की भी बड़ी भूमिका रहने वाली है। 70 साल से ऊपर के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

चुनाव अधिकारियों को तलाशी में क्या मिला, अभी खुलासा नहीं

वायनाड में 26 अप्रैल को मतदान होगा

## राहुल गांधी के 'हेलीकॉप्टर' की तलाशी, तमिलनाडु में लैंड होते ही पहुंचे अधिकारी



रविवार को ली थी टीएमसी के अभिषेक बेनर्जी के हेलीकॉप्टर की आयकर विभाग ने तलाशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तमिलनाडु के नीलगिरी में चुनाव अधिकारियों ने तलाशी ली है। पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के उड़न दस्ते के अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर के यहां उतरने के बाद तलाशी ली। राहुल गांधी चुनावप्रचार के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दक्षिण भारतीय राज्य पहुंचे थे।

### क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर में कुछ फल और फिश सैंडविच मिले?

वहीं, तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने अभिषेक बेनर्जी के ट्वीट पर लिखा- क्या हताश लोगों को हेलीकॉप्टर में कुछ फल और फिश सैंडविच मिले? पार्टी के एक और नेता साकेत गोखले ने इस पर लिखा कि अपनी हताशा में भाजपा सरकार अब चुनाव से ठीक 5 दिन पहले एक उम्मीदवार को स्वतंत्र रूप से प्रचार करने से रोकने के लिए आयकर विभाग का इस्तेमाल कर रही है।

इधर, नाथ के बंगले में पहुंची पुलिस

## पूर्व सीएम नाथ के पीए मिगलानी से पूछताछ, आईटी एक्ट में केस

भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू का आरोप है कि कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी और निजी चैनल के वीडियो पत्रकार ने अन्य मीडियाकर्मियों को मेरा एक फर्जी वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख रुपए का प्रलोभन दिया था।



भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू ने पुलिस में शिकायत की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पूर्व सीएम कमलनाथ के छिंदवाड़ा के शिकारपुर स्थित बंगले में पुलिस पहुंची। हालांकि, थोड़ी देर छानबीन के करने के बाद पुलिस लौट गई। पुलिस ने कमलनाथ के निज सचिव आरके मिगलानी और एक अन्य के खिलाफ आईटी एक्ट में केस दर्ज किया है।यह कार्रवाई छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की शिकायत पर की गई है। बंटी साहू का आरोप है कि कमलनाथ के पीए आरके मिगलानी और निजी चैनल के वीडियो पत्रकार ने अन्य मीडियाकर्मियों को मेरा एक फर्जी वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख रुपए का प्रलोभन दिया था।

### सचिन गुप्ता का मोबाइल जब्त

छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि आरके मिगलानी और सचिन गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सचिन गुप्ता से पुलिस पूछताछ कर रही है, उनका मोबाइल जब्त कर लिया है। मिगलानी से पूछताछ के लिए पुलिस गई थी। मिगलानी ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कुछ समय मांगा है। ऐसे में पुलिस उन्हें नोटिस देकर वापस आ गई है। छिंदवाड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में कमलनाथ के बेटे और वर्तमान सांसद नकुलनाथ मैदान में हैं।

पहले फेज में 102 सीटों पर वोटिंग 19 को

## मप्र में 6 सीटों के लिए होगा मतदान 17 की शाम 6 बजे से प्रचार पर रोक

सीधी, शहडोल जबलपुर, मंडला बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में होगी वोटिंग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। पहले फेज में 102 सीटों पर वोटिंग होगी। ये निर्वाचन क्षेत्र 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकांश सीटें तमिलनाडु (39) में हैं। जबकि राजस्थान की 12 सीटें पर, उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 6, असम की 5, उत्तराखंडकी 5 और महाराष्ट्र की 5 सीटों पर पहले चरण में वोटिंग होगी।

लोकसभा चुनाव 2024: टूटे सारे रिकॉर्ड

## मतदान से पहले ही 4650 करोड़ जब्त इतिहास में पहली बार इतनी जब्ती

आम चुनाव में धनबल पर नकेल कसने चुनाव आयोग की बड़ी मुहिम




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर बार की तरह इस बार भी चुनाव आयोग तत्पर है ताकि निष्पक्ष चुनाव हों। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के अब तक 75 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा अवैध पैसे जब्त किए हैं। 2024 के आम चुनाव में धनबल पर नकेल कसने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी मुहिम चला रखी है। आयोग द्वारा शेयर की गई जानकारी के मुताबिक 1 मार्च 2024 से अब तक हर दिन 100 करोड़ रुपए की जब्ती की गई है।

सीएम ने रोडमल नागर का नामांकन कराया दाखिल

## सबसे बड़े रामद्रोही दिग्विजय, हर जगह 'रंग' बदलकर करते हैं बात

यहां डुप्लीकेट रंग नहीं चलेंगे, असली रंग में आना पड़ेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी रोडमल नागर का नामांकन दाखिल कराया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव राम के भक्तों, पक्षधरों और राम के विरोधियां के बीच है। कांग्रेस ने हिंदू-मुसलमानों को लड़ाकर वोट बैंक की राजनीति की है।

गुजरात का अरबपति दंपती बने संन्यासी

# दान कर दी 200 करोड़ की पूरी संपत्ति बेटे-बेटी के नक्शेकदम पर चल रहे

'भौतिकवादी वस्तु' रखने की अनुमति नहीं होगी, वो पूरे भारत में नंगे पैर यात्रा करेंगे और केवल भिक्षा पर जीवित रहेंगे

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के कंस्ट्रक्शन बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपए की संपत्ति दान कर दी है। दोनों ने भिक्षु बनने का फैसला करते हुए अपनी जीवनभर की कमाई दान कर दी है।

भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने फरवरी में एक समारोह में अपनी सारी संपत्ति दान में दे दी और इस महीने के अंत में दोनों आधिकारिक रूप से भिक्षु बन जाएंगे। हिम्मतनगर के कंस्ट्रक्शन बिजनेसमैन अपनी 19 वर्षीय बेटी और 16 वर्षीय बेटे के नक्शेकदम पर चल रहे हैं, जो 2022 में भिक्षु बन गए थे। उनके समुदाय के लोगों का कहना है कि भावेश और उनकी पत्नी अपने बच्चों के "अपनी भौतिक आसक्तियों को त्यागें और तप पथ में शामिल होंने" के कदम से काफी प्रेरित थे।



मस्क संभवतः 22 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्य टेस्ला को लुभाने की दौड़ में

# पीएम ने कहा - एलन मस्क मोदी के समर्थक हैं यह एक बात है, लेकिन मूल रूप से वे भारत के समर्थक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। ऐसे में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी। वहीं, पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि एलन मस्क भारत के समर्थक हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने ट्वीट कर इसका खुलासा किया था।

टेस्ला की एंट्री से देश की अर्थव्यवस्था के लिए अपार संभावनाएं



फाइल फोटो

### 2 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा

पहले बताया जा चुका है कि टेस्ला के अधिकारी भारत में एक निर्माण संयंत्र के लिए संभावित जगहों का पता लगा रहे थे। जिसके लिए लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश हो सकता है। वहीं विभिन्न राज्य सरकारों ने टेस्ला के 2 अरब डॉलर के निवेश को आकर्षित करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### उपयुक्त जगह की तलाश कर रही कंपनी

*भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने में टेस्ला की रुचि बढ़ गई है। क्योंकि कंपनी एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए उपयुक्त जगह की तलाश कर रही है। सरकार की ईवी योजना के तहत, जिसका लक्ष्य भारत को अत्याधुनिक तकनीक से लैस ईवी के लिए पसंदीदा विनिर्माण स्थल के रूप में स्थापित करना है, कई प्रमुख उद्देश्यों को रेखांकित किया गया है।*

**लोकसभा क्षेत्र**
उज्जैन
1 भाजपा प्रत्याशी
अनिल फिरोजिया
2 कांग्रेस प्रत्याशी
महेश परमार
**पिछली बार कौन जीता**
अनिल फिरोजिया
**जीत का अंतर**
3 लाख 65 हजार 637

## क्या रहेंगे मुद्दे?

मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र होने के कारण उज्जैन लोकसभा सीट हाईप्रोफाइल हो गई है। इसलिए यहां का चुनाव राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर ही लड़ा जा रहा है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे कर रखा है। राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाने की याद दिलाई जा रही है। यह प्रचार भी हो रहा है कि अब मथुरा और काशी की बारी है। यह मोदी और भाजपा के रहते ही संभव हो सकता है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कामों का प्रचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस के पास भी मुद्दे कम नहीं हैं। बताया जा रहा है कि सत्ता में आने पर कांग्रेस ने किस तरह किसानों का कर्ज माफ करने की शुरुआत की, जिस पर भाजपा की सत्ता आने पर ब्रेक लग गया। महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए देने के वादे के साथ घोषणा पत्र में शामिल 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार किया जा रहा है।

### विधानसभा चुनाव में भी हो चुकी दोनों के बीच टक्कर, सांसद के प्रति असंतोष, पर भाजपा को बढ़त हासिल

# उज्जैन में भाजपा के फिरोजिया, कांग्रेस के परमार के बीच कड़ा मुकाबला

*महाकाल की नगरी उज्जैन विश्वप्रसिद्ध है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव यहां से आते हैं। इस लिहाज से उज्जैन लोकसभा सीट के चुनाव पर सबकी नजर है। भाजपा की ओर से सांसद अनिल फिरोजिया फिर मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस ने तराना विधानसभा सीट के अपने विधायक महेश परमार को प्रत्याशी बनाया है। दोनों पहले तराना विधानसीट के चुनाव में आमने-सामने रह चुके हैं। परमार से फिरोजिया हार भी चुके हैं। महापौर के चुनाव में भी परमार ने भाजपा को अच्छी टक्कर दी थी। दोनों का प्रचार गति पकड़ रहा है। फिरोजिया ने पिछला चुनाव लगभग पौने 4 लाख वोटों के अंतर से जीता था, लेकिन इस बार उनके प्रति कुछ असंतोष है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के सामने प्रत्याशी को पहले से ज्यादा अंतर से चुनाव जिताने की चुनौती है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

उज्जैन में भाजपा-कांग्रेस के दो महाबलियों के बीच तगड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। ये हैं भाजपा के सांसद अनिल फिरोजिया और कांग्रेस के विधायक महेश परमार। तराना विधानसभा सीट में पहले भी दोनों आमने-सामने रह चुके हैं। अनिल फिरोजिया पहले तराना से विधायक थे, लेकिन दूसरी बार उन्हें कांग्रेस के महेश परमार ने हरा दिया था।

इसके बाद महेश लगातार दूसरी बार तराना से विधायक बने और अब कांग्रेस से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। फिरोजिया की राजनीतिक पृष्ठभूमि मजबूत है। पहले उनके पिता विधायक थे। इसके बाद उनके परिवार की सदस्य रेखा फिरोजिया विधायक रहीं। अनिल खुद पहले विधायक रहे और अब सांसद हैं। महेश परमार की पकड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पहले वे अनिल फिरोजिया को विधानसभा चुनाव हरा चुके हैं और अब दूसरी बार विधायक हैं। उन्होंने उज्जैन महापौर का चुनाव भी मजबूती से लड़ा है। इस लिहाज से दोनों प्रत्याशी मजबूत हैं।


अनिल फिरोजिया


महेश परमार

उज्जैन से पहली लिस्ट में अनिल फिरोजिया का नाम घोषित न होने पर उनका टिकट काटे जाने की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उन्हें नहीं चाहते। हालांकि बाद में उनका नाम घोषित हो गया। वहीं कांग्रेस के महेश परमार विधानसभा चुनाव में फिरोजिया को हरा चुके थे। परमार दो बार से लगातार विधायक हैं और महापौर के चुनाव में भी भाजपा को अच्छी टक्कर दी थी। इसलिए कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनाव के लिए महेश परमार को ही उपयुक्त समझा। उज्जैन में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तो यहां लगातार आते ही हैं, उनके अलावा भाजपा के कई अन्य दिग्गज यहां प्रचार के लिए आ चुके हैं।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

2018 की तुलना में कांग्रेस को विधानसभा के 2023 में हुए चुनाव में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है जबकि भाजपा ने बढ़त बनाई है। 2018 में लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 5 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं जबकि भाजपा को 3 पर ही संतोष करना पड़ा था लेकिन 2023 में भाजपा ने 8 में से 6 सीटें जीत कर बाजी मार ली। कांग्रेस को महज 2 सीटों पर संतोष करना पड़ा। इनमें महिदपुर सीट कांग्रेस ने महज 290 वोटों के अंतर से जीती। जबकि तराना में जीत का अंतर 2183 वोट था। इसके विपरीत भाजपा का 6 सीटों में जीत का अंतर 1 लाख 79 हजार 624 वोट रहा। इस बड़े अंतर को पाटना कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि कांग्रेस ने 2018 में जब 8 में से 5 विधानसभा सीटें जीती थीं, उसके 4 माह बाद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पौने 4 लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। अब विधानसभा में भी उसे बढ़त हासिल है और भाजपा के पक्ष में राम लहर भी है।

### रतलाम को भी छूती है उज्जैन लोकसभा सीट

उज्जैन लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया मोटे तौर पर उज्जैन जिले में ही है, क्योंकि जिले की सभी 7 सीटें इस लोकसभा क्षेत्र के तहत आती हैं, लेकिन यह सीट रतलाम जिले को भी छूती है। जिले की एक विधानसभा सीट आलोट भी उज्जैन के अंतर्गत है। आलोट में भाजपा का कब्जा है। उज्जैन जिले की विधानसभा सीटें नागदा-खाचरोद, महिदपुर, तराना, घटिया, उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण और बड़नगर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। उज्जैन जिले की महिदपुर और तराना कांग्रेस के पास हैं, जबकि शेष पांच सीटों नागदा-खाचरोद, घटिया, उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण और बड़नगर भाजपा के कब्जे में हैं। जहां तक उज्जैन सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 से अब तक हुए 8 चुनाव में से सिर्फ एक बार 2009 में ही कांग्रेस के प्रेमचंद गुड्डू लगभग 16 हजार वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष 7 चुनाव भाजपा की झोली में गए।

### जातीय समीकरणों का नहीं पड़ता असर

उज्जैन लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी इसी वर्ग के होने के कारण यहां जातीय आधार पर लामबंदी दिखाई नहीं पड़ती। वैसे भी विधानसभा चुनाव में जातीय समीकरणों का महत्व ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र बड़ा होने के कारण ये समीकरण बेअसर हो जाते हैं। सीट में दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा है। बैरवा और बलाई समाज का झुकाव हार-जीत में मुख्य भूमिका निभाता है। पिछड़ा वर्ग और ब्राह्मण बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों का रुझान भाजपा की ओर रहता है, जबकि पिछड़ा वर्ग बटा नजर आता है। कांग्रेस के महेश परमार का पिछड़े वर्ग की कुछ जातियों में अच्छा संपर्क है। उसे इसका लाभ मिल सकता है।

---

जैसा मैंने देखा
## चुनाव...
### जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटलजी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। वह भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। माधवराव सिंधिया ने 1971 ,77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था। माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए ग्वालियर सीट से वाजपेयी के खिलाफ खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ। बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था। मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी। सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने ये प्रस्ताव भावुकता में दिया था, उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसला आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था।


राकेश अचल
वरिष्ठ पत्रकार

यह भी जानिए...
### लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले ऑनलाइन भी जमानत राशि जमा कर सकते हैं प्रत्याशी

लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को नाम निर्देशन पत्र के साथ 25 हजार रुपए की निक्षेप या जमानत राशि जमा करनी होगी, लेकिन यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का है, भले ही वो अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा है तो उसे इसका आधा यानि 12 हजार 500 रुपए की राशि जमानत के रूप में नाम-निर्देशन पत्र के साथ जमा करनी होगी। निवार्चन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को जमानत राशि रिटर्निंग अधिकारी के पास अथवा भारतीय रिजर्व बैंक या सरकारी खजाने में चालान भरकर जमा करना होगी। उसे चालान या रसीद की मूल प्रति नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग अधिकारी को नाम-निर्देशन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगी। उम्मीदवार द्वारा जमानत राशि ऑनलाइन भी जमा कराई जा सकती है।

**नामांकन पत्र के सेट प्रस्तुत कर सकता है चार**



निर्वाचन आयोग के मुताबिक कोई भी उम्मीदवार एक निवार्चन क्षेत्र से नामांकन पत्र के चार सेट रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत कर सकता है, लेकिन उसे जमानत या निक्षेप राशि जमा करने की मूल रसीद नामांकन पत्र पहले सेट के साथ ही रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी। यदि कोई उम्मीदवार एक साथ दो निवार्चन क्षेत्रों से भी चुनाव लड़ता है तो ऐसी स्थिति में उसे दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अलग-अलग निक्षेप राशि रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी।

**चुनावी चटखारे...**

*मतदान करना है सब काम छोड़कर,*
*बात यह आप अच्छे से मान लीजिए।*
*लोकतंत्र के दोस्तों यह पर्व पुनीत है,*
*इसकी जड़ों को आप पहचान लीजिए।*



*एक वोट कितना जरूरी है देश के लिए,*
*इस बात का आप सब ज्ञान लीजिए।*
*विकसित भारत चाहते हो अगर बनाना,*
*अमूल्य है हर एक मत यह जान लीजिए।*
*कुमार अखिलेश,भोपाल*

बुजुर्ग मतदाता से बात
### प्रचार के लिए उम्मीदवार खादी के कुर्ता-पायजामा पहनकर घर-घर जाते थे


बलवान सिंह पटेल

लोकसभा चुनाव को लेकर शहरभर में चर्चाओं का दौर धीरे-धीरे हर दिन तेज हो रहा है। चुनाव और वोटिंग से जुड़े अनुभव और मतदान के संबंध में बुजुर्ग बताते हैं, जो कम से कम 25 से 30 साल पहले से चुनाव के लिए मतदान कर रहे हों। शहर से सटे रासलाखेड़ी क्षेत्र के एक 62 साल से अधिक के बुजुर्ग बलवान सिंह पटेल बताते हैं कि अब तो चुनाव के लिए प्रचार करना काफी आसान हो गया है। पहले उम्मीदवार सुबह से ही खादी का कुर्ता-पायजामा पहनकर घर- घर जाते थे। वोट नहीं मांगते थे, केवल मिलना जुलना करते थे। सबसे खास बात है कि ज्यादातर लोग उन दिनों खादी या लट्टे के बने कपड़े पहनते थे। लट्टा, खादी की तरह ही कपड़ा होता था, जो काफी मतबूत और सस्ता होता था। उन दिनों यह बहुत प्रचलित था। धीरे-धीरे पॉलिस्टर का कपड़ा आया तो लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया। आज खादी का कपड़ा काफी महंगा है। खैर, जो भी हो, उन दिनों मतदान करने के लिए सुबह से ही लोग अपनी सुविधा और वाहन जैसे बैलगाड़ी, साइकिल, पैदल या समूह में मतदान केंद्र जाते थे और एक -एक कर पर्ची पर मोहर लगाकर अपने अंगूठे पर निशान भी लगवाते थे। तब वोट का न तो किसी को कोई लालच होता था, और न ही लुभावने वादे, आज हालात अलग हैं। तरक्की होती है तो सब बदलता है, इस लिए वोटिंग के तरीके और अन्य सबकुछ भी बदल रहा है।

---

### पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला
## अमर बोले- मानसिक संतुलन खो चुके हैं कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

भाजपा के सीनियर विधायक अमर अग्रवाल ने कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बड़ा हमला बोला है। पीएम मोदी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करने पर विधायक अमर अग्रवाल ने निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस नेता चरणदास महंत, कवासी लखमा और कन्हैया कुमार का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। आगे उन्होंने कहा कि कन्हैया, लखमा और महंत जिस भाषा का प्रयोग कर रहे हैं यह कांग्रेस की संस्कृति है। मोदी जब गुजरात के सीएम थे तब सोनिया गांधी ने उन्हें मौत का सौदागर कहा।

#### न जनता इन्हें गंभीरता से लेती है ना भाजपा

2014 में मणिशंकर अय्यर ने चाय वाला कहा, लेकिन इस देश की जनता अमर्यादित टिप्पणी को पसंद नहीं करती है। जितना ये मोदी के व्यक्तिगत जाते हैं मोदी उतना ऊपर जाते जा रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस का यही मानसिक संतुलन पार्टी को रसातल में ले जा रहा है। न जनता इनको गंभीरता से लेती है ना भाजपा। विधायक अमर अग्रवाल ने इस दौरान भाजपा के मेनिफेस्टो पर मिडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर आधारित है। गरीब युवा अन्नदाता और नारी पर भाजपा का फोकस होगा।

## अवैध शराब की जांच के लिए जंगल में गई टीम, लौटी तो जल चुका था वाहन

### ग्राम परसापाली में कार्रवाई के लिए तीन वाहनों में पहुंचा था चुनावी उड़नदस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शराब के अवैध भंडारण की सूचना पर सरायपाली अनुभाग के बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम परसापाली पहुंची चुनावी उड़नदस्ता एसएसटी वाहन आगजनी की शिकार हो गई। टीम के सदस्य निरीक्षण के लिए गाड़ी छोड़कर जंगल में गए थे। वापस लौटने पर पाया कि गाड़ी पूरी तरह जल चुकी है। मामले की जानकारी मिलते ही बलौदा पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, बलौदा थाना क्षेत्र के पलसापाली के जंगल में अवैध शराब बनाए जाने की सूचना पर राजस्व, आबकारी व एसएसटी, पुलिस की संयुक्त टीम कार्रवाई के लिए गई थी। अलग-अलग विभाग के तीनों वाहनों को जंगल की ओर जाने वाले मार्ग पर छोड़कर टीम के सदस्य जंगल की ओर रवाना हुए। वहीं, पुलिस की वाहन जंगल के और अंदर तक गई और साथ में चालक भी मौजूद रहा। वहां पर मौके से शराब बनाए जाने के सामानों के साथ लगभग 6 लाख 50 हजार रुपये की शराब और महुआ बरामद किया गया। इधर टीम के सदस्य शराब बनाने के सामान और शराब को नष्ट करने में जुटे हुए थे। उधर, दूसरी ओर सड़क पर खड़ी उड़नदस्ते की गाड़ी आग से जल रही थी। कार्रवाई कर टीम के सदस्यों के वापस लौटते तक एक वाहन पूरी तरह से जल चुकी थी।



### नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या कर शव गांव के पास फेंका

**कांकेर।** कांकेर में नक्सलियों की बौखलाहट एक बार फिर सामने आई है। नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर गांव के पास फेक दिया है। पूरा मामला छोटेबेठिया थाना अंतर्गत हिदुर गांव है जहां के रहने वाले ग्रामीण की हत्या नक्सलियों ने की है। पुलिस अधीक्षक आइके एलिसेला ने पूरे मामले में पतासाजी की बात कही है।

बता दें कि इसी हिदुर के पहाड़ी जंगल मे 3 मार्च को जवानों ने 10 लाख के इनामी नक्सली नागेश को मुठभेड़ में मार गिराया था। जवान लगातार नक्सलियों के ठिकानों में जाकर एंटी नक्सल ऑपरेशन चला रहे हैं जिसकी बौखलाहट में नक्सली ग्रामीणों की हत्या कर रहे है।

## अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, जीजा-साली की मौत

### पांच वर्ष का बेटा गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

महासमुंद जिले में नेशनल हाइवे-53 पर दर्दनाक हादसा हो गया। अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साली और एक बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में जीजा-साली की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पांच साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, बाइक सवार सभी शेर गांव खपराखोल पिथौरा से रायपुर जा रहे थे। मृतकों की शिनाख्त केशव खड़िया और पुनिता भारद्वाज के रूप में हुई है। पांच वर्षीय रुद्र भारद्वाज का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

#### युवती का शव मिलने से मचा हड़कंप, हत्या की जताई जा रही आशंका

कोरबा। कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र लेमरू थाना अंतर्गत सतरेंगा के खैरभावना दुकान क्षेत्र में नहाने गए लोगों में उस समय हड़कंप मच गया जब पानी में एक युवती की लाश दिखी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की माने तो सोमवार की सुबह रोज की तरह जब नहाने के लिए गांव के लोग सतरेंगा से लगे नदी किनारे पहुंचे तो इस दौरान एक युवती की लाश पानी में उतराती हुई देखा। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच कार्रवाई में जुट गई है।

---

### भैषमा से बुधवारी लौट रही थी महिला
## ऑटो चालक ने चांदी के गहनों से भरा थैला लौटाया, महिला ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में ऑटो संघ इन दिनों अपने द्वारा किए गए नेक कार्यों के लिए काफी सुर्खियां बटोर रहा है। संघ के ऑटो चालक इन दिनों लगातार अपनी ईमानदारी के नमूने पेश कर रहे हैं, जिससे संघ की चौतरफा प्रशंशा हो रही है। एक बार फिर से एक ऑटो चालक ने चांदी के जेवरातों से भर थैला उसकी वास्तविक हकदार को लौटा दिया। भैषमा से बुधवारी लौट रही महिला का थैला ऑटो में छूट गया था जिसे संघ के कार्यालय में महिला को बुलवाकर वापस किया गया। जिला ऑटो संघ ने चांदी के जेवरातों से भरा थैला उसके वास्तविक हकदार को वापस लौटा दिया। भैषमा से बुधवारी वापसी के दौरान महिला गायत्री बरेठ का थैला ऑटो में ही छूट गया था, जिसमें महिला ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए गहने बनवाए थे। अपने स्तर पर काफी खोजबीन करने के बाद जब उसे सफलता नहीं मिली तब वह सीधे ऑटो संघ के कार्यालय पहुंची जहां संघ ने महिला को उसका गहनों से भरा थैला लौटा दिया।



#### ऑटो में छूट गया था थैला

जिला ऑटो संघ के अध्यक्ष गिरजेश ठाकुर ने बताया कि श्याम दास कृष्णा नगर निवासी को ऑटो में सवारी ले जाते समय ऑटो में थैला छूट गया था, जब वह देर रात घर पहुंचा तो ऑटो का साफ-सफाई कर रहे थे। इस दौरान उसे एक थैला मिला, जिसमें चांदी भरा हुआ था। उसने तत्काल जिला ऑटो संघ के हवाले किया। जहां काफी खोजबीन के बाद एक महिला ढूंढते हुए जिला ऑटो कार्यालय पहुंची, उससे उसे सम्मान पूर्वक वापस लौटाया गया।

### सीएम ने उत्तर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित
## कार्यकर्ता श्रीराम के जीवन से सीखें, कैसे उन्होंने राम राज्य की स्थापना की, भाजपा का लक्ष्य भी बड़ा है : डॉ. मोहन

लालघाटी के गुफा मंदिर के मानस उद्यान में हुआ कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा का कार्यकर्ता वह ताकत है, जिसके कारण पार्टी ने कई रिकार्ड बनाए और आगे भी बनाएगी। जब सामूहिक शक्तियां एकत्रित होती हैं तो रामराज्य की स्थापना होती है। कार्यकर्ताओं को रामायण एवं श्रीराम के जीवन से सीखना चाहिए कि कैसे भगवान श्रीराम ने अपनी सेना तैयार की और किस तरह उन्होंने रामराज्य की स्थापना की।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लालघाटी के गुफा मंदिर स्थित मानस उद्यान में उत्तर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को पूर्व मंत्री व लोकसभा प्रभारी कमल पटेल एवं पार्टी प्रत्याशी आलोक शर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामायण सबने पढ़ी है और रामायण के घटनाक्रमों को याद करें तो देखेंगे कि रामजी का जीवन कितना उतार-चढ़ाव वाला रहा। उन्होंने कहा कि बड़ा कार्य करने के लिए सबको साथ लेकर चलना पड़ता है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पार्टी के प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज राजगढ़, ग्वालियर मैनपुरी व इटावा प्रवास पर, वीडी सीधी जाएंगे

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजगढ़, ग्वालियर, मैनपुरी व इटावा उत्तरप्रदेश प्रवास पर रहेंगे। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजगढ़ व सीधी, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भोपाल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर एवं गुना, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय छिंदवाड़ा, प्रहलाद पटेल इंदौर एवं पूर्व मंत्री व न्यू ज्वाइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ.नरोत्तम मिश्रा ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सुबह 9.45 बजे बंसल-वन स्थित मीडिया सेंटर, भोपाल में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करेंगे। सुबह 10.25 बजे राजगढ़ पहुंचकर लोकसभा प्रत्याशी रोडमल नागर का नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे एवं दोपहर 12.45 बजे ग्वालियर पहुंचकर लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह का नामांकन पत्र दाखिल कराएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.20 बजे उत्तरप्रदेश के मैनपुरी और दोपहर 3.40 बजे इटावा के सेफई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# गेहूं उपार्जन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर

## वेयरहाउस में उपार्जन पोर्टल पर दर्ज से ज्यादा पाया गया भंडारित गेहू

### खरीदी केंद्र लुहारी के समिति प्रबंधक सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि, जबलपुर।

गेहूं खरीदी मामले में कलेक्टर ने पहले प्रकार दर्ज करने का आदेश दे दिया है दरअस संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नदीमा शीरी एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे द्वारा पाटन तहसील के सेवा सहकारी समिति लुहारी के गेहूँ खरीदी केन्द्र स्थल अमित स्टोरेज वेयर हाउस की आकस्मिक जाँच की गई। जॉच करने पर पाया गया कि ई उपार्जन पोर्टल पर मात्र 2489 क्विं गेहूँ की खरीद दर्ज है जबकि गोदाम का भौतिक सत्यापन करने पर 6743 क्विं गेहूँ भण्डारित पाया गया। इस प्रकार स्टाक में 4254 क्विं गेहूँ अधिक पाया गया। उक्त गेहूँ बिना खरीदी किए तथा बिना हैंडलिंग चालान जारी किए ही,भण्डारित किया जाना पाया गया।



जांच के दौरान पाया गया कि उपार्जन केन्द्र पर लेबर व्यय की दर का बैनर/ पोस्टर लगा नहीं पाया गया। जो कि शासन की नियमावली में भी है

### उपार्जन केन्द्र पर नोडल अधिकारी उपस्थित नहीं मिले

उक्त अनियमितताओं के फलस्वरूप समिति प्रबंधक कृष्ण कुमार गर्ग, कम्प्यूटर आपरेटर यशवंत सिंह,वेयर हाउस मैनेजर अमित अग्रवाल, मार्कफेड के सर्वेयर नब्बू सिंह तथा वेयरहाउस के गोदाम प्रभारी श्री मनोज श्रीवास के विरुद्ध प्रकरण तैयार किया गया है। विस्तृत जाँच में अन्य जो भी दोषी पाए जायेंगे उन के उत्तर दायित्व का निर्धारण कर नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी।




# पुस्तक मेला के आखिरी दिन भी उमड़ी भीड़

जबलपुर।

निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर शहीद स्मारक गोलबाजार में आयोजित प्रदेश के पहले पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के अंतिम दिन सोमवार को भी बच्चों और उनके अभिभावकों ने रियायती दरों पर कॉपी, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्रियां क्रय की। जिला प्रशासन द्वारा एक दिन की अवधि और बढ़ाने के बाद पांच दिवसीय पुस्तक मेला सोमवार को भी आयोजित किया गया था। जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के अंतिम दिन लाडली बसेरा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही स्वीप सेल द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से स्थल पर मौजूद नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी में भारत में ईव्हीम मशीन का निर्माण कौन सी कंपनी करती है? ईव्हीएम का पूरा नाम क्या है? आदि प्रश्न नागरिकों से पूछकर उन्हें मतदाता गतिविधियों से जोड़ा गया। इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले बच्चों एवं नागरिकों को मंच पर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला स्वीप कॉर्डिनेटर प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ. शुभम जैन, सरोज रजक का अहम योगदान रहा।

# कार्यभारित से की गई रिकवरी की राशि 30 दिन में लौटाएं

**जबलपुर**। हाई कोर्ट ने कार्यभारित एवं आकस्मिक निधि कर्मचारी से की गई रिकवरी का अदेश निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि यदि याचिकाकर्ता से कोई रिकवरी की गई है तो उसे 30 दिन के भीतर लौटाएं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आठ प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।हाई कोर्ट ने 10 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण आदेश में यह व्यवस्था दी थी कि कार्यभारित कर्मचारी भी क्रमोन्नति पाने का हकदार है। कोर्ट ने 10 अप्रैल के फैसले के आधार पर इस याचिका का भी निराकरण किया। कटनी जिले के बहोरीबंद निवासी सुखचैन प्रसाद बर्मन की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा व अमित स्थापक ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता कटनी के स्वास्थय विभाग में कार्यभारित एवं आकस्मिक निधि कर्मचारी (चतुर्थ श्रेणी) के रूप में कार्यरत था। विभाग ने यह कहकर उसके विरुद्ध रिकवरी निकाल दी कि कार्यभारित कर्मचारी क्रमोन्नति पाने के पात्र नहीं हैं। दलील दी गई कि मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने वर्ष 2009 में तेजूलाल यादव और 2014 में मानसिंह ठाकुर के मामलों में यह स्पष्ट किया है कि कार्यभारित कर्मचारी भी क्रमोन्नति पाने के हकदार हैं। हाई कोर्ट ने उक्त न्यायदृष्टांत के आधार पर याचिकाकर्ता के विरुद्ध रिकवरी को निरस्त कर दिया।



# एक देश एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करेगा : राकेश सिंह

जबलपुर।

लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने यहां कहा कि जिनको कोई नहीं पूछता, उनको मोदी पूजते है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। श्री सिंह यहां होटल नर्मदा जेक्शन में भाजपा के संकल्प पत्र के लोकापर्ण के बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान श्री सिंह ने आगे कहा कि संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मज़बूत स्तंभ- युवा शक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब, सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस गुणवत्ता के साथ नये मौकों का सृजन करने पर है। एक तरफ हमने कई सारे इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से बड़ी संख्या में रोजगार बनाने की बात की है। दूसरी तरफ हम स्टार्टअप और ग्लोबल सेंटर्स को बढ़ावा देकर हाई वैल्यू सर्विसेज़ पर भी ध्यान देने जा रहे हैं। सिंह ने कहा हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषण युक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो-सस्ती हो। मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हों, मध्यम वर्ग के हों या फिर उच्च मध्यम वर्ग ही क्यों ना हों, उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में शामिल करने का फैसला क्रांतिकारी है। भाजपा ने जो संकल्प किए हैं, उनको अगले पांच साल के भीतर पूरा किया जाएगा। वहीं एक देश एक चुनाव का वादा देश को लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम साबित होगा। पत्रकारवार्ता के दौरान राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, वरिष्ठ विधायक अशोक रोहाणी, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अभिलाष पांडे, ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू उपस्थित रहे।

**युवा, नारी, किसान, गरीब को सशक्त बनाने भाजपा का संकल्प**

### समान नागरिक संहिता का वादा

उन्होंने यहां कहा कि संकल्प पत्र में संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता को राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में से एक के रूप में माना गया है। जब तक भारत एक समान नागरिक संहिता नहीं अपनाता है, जो सभी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करती है, तब तक लैंगिक समानता नहीं हो सकती है। एक समान नागरिक संहिता बनाने के लिए अपने रुख को दोहराती है, जिसमें सर्वेत्तम परंपराओं को शामिल किया जाएगा और उन्हें आधुनिक समय के साथ जोड़ा जाएगा।

# भाजपा ने गायब किए जातिगत आंकड़े : सुहासिनी यादव

## राष्ट्रीय प्रवक्ता बोली, कांग्रेस करेगी सभी वर्गो के साथ न्याय

जबलपुर।

कांग्रेस पार्टी हमेशा सबको साथ लेकर चलती है। इसलिये हमारी प्रतिबध्दता है कि आपकी हिस्सेदारी हमारी जिम्मेदारी होगी। यह बात राष्ट्रीय कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक श्रीमति सुहासिनी शरद यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमति रोशनी यादव ने इंडिया गठबंधन बैनर के तले पत्रकारों से बातचीत करते हुए जबलपुर में कांग्रेस का न्याय पत्र के मुख्य बिन्दुओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा दुख की बात है कि भाजपा ने हर दस साल में होने वाली जनगणना नहीं कराई। 2011 की जनगणना से जातिगत आंकड़े गायब कर दिये गये। कांग्रेस पार्टी हिस्सेदारी न्याय के तहत कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। जिसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामानय वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत का कैप हटाएगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अधिकारों की गारंटी देगी। पत्रकारवार्ता के दौरान विधायक लखन घनघोरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति कमलेश यादव आदि उपस्थित रहे।



### नागरिकों को अधिकार सम्पन्न बनाएंगे

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र में दिशा भी है और दृष्टि भी है। सभी वर्गों के लिये कल्याणकारी योजनाएं एवं सामाजिक आर्थिक राजनैतिक न्याय को लेकर न्याय पत्र में प्रावधान किये गये हैं। इस समावेशी एवं सामाजिक न्याय पत्र के माध्यम से कांग्रेस अपनी परम्परानुसार देश के नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाना चाहती है।

### युवा को मिलेगा न्याय

उन्होंने बताया हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपये की अप्रेटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। 30 लाख नौकरियां दी जाएंगी। पेपर लीक से मुक्ति के लिये नया कानून बनेगा। युवाओं के लिये 5 हजार करोड़ का स्टॉट अप फंड बनाएंगे। इससे 40 साल से कम के युवा अपना व्यवसाय शुरु कर पाएंगे। युवा न्याय के लिये पांच गारंटिया कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र में शामिल की गई है।

# जब्त किताबों की एनसीआईआरटी स्वयं करें जांच

**जबलपुर**। जबलपुर में 9 अप्रैल को करीब 22 हजार स्कूल किताबे जब्त की गई है। वह बिना रजिस्टर्ड प्रकाशकों की थी। इन पर आईएसबीएन नहीं था। जाहिर है कि यह चोरी से किताबे छापने का मामला है।

इस मामलें की जांच स्वयं एनसीइआरटी करे। इससे कॉपीराईट एक्ट 1957 का उल्लंघन कर एनसीईआरटी के शैक्षणिक सामग्री को निजी प्रकाशकों द्वारा छापने का खुलासा होगा।

यह शिकायत नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने राजेश कुमार, डिप्टी सेक्रेटरी एनसीआईआरटी को ईमेल से भेजी है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने जानकारी दी कि जगह-जगह ऐसे छलकपट के स्थिति को संज्ञान में लेकर एनसीआईआरटी स्वयं ने 7 अप्रैल को विज्ञप्ति जारी की है कि कुछ अविवेकी प्रकाशक बगैर अनुमति चोरी छिपे से एनसीआईआरटी की किताबे छाप रहे हे। यह अतिक्रमण कॉपीराईट एक्ट का उल्लंघन है। एनसीईआरटी ने ईमेलआईडी जारी कर शिकायतें मांगी है।

मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा ने बताया कि एनसीआईआरटी को स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई कर प्रदेश के कलेक्टरर्स से रिपोर्ट प्राप्त करना चाहिए तथा कार्रवाई करना चाहिए। केवल अभिभावकों पर शिकायतों का जिम्मा छोड़ा नहीं जाना चाहिए।

**बगैर अनुमति के छपी किताबों का होगा खुलासा**



# नर्मदा घाटों की स्वच्छता में लापरवाही न हो: कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में नर्मदा घाटों में स्वच्छता को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम कमिश्नर प्रीती यादव, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, सभी एसडीएम व संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि नर्मदा घाटों के विकास के साथ वहां स्वच्छता बहुत आवश्यक है, क्योंकि नर्मदा का संबंध लोगों की आस्था से जुड़ा है। लोग जाने अनजाने में नर्मदा घाटों को अस्वच्छ व प्रदूषित कर देते है। अतः कचरा प्रबंधन के लिये समुचित उपाय करें, जगह-जगह डस्टबिन रखे जाये, नर्मदा घाटों में प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाये, प्रदूषण रोकने के लिये सख्ती से सभी आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने कहा कि दीपदान के लिये पत्तों से बने दौने का उपयोग करें और पूजा करने के बाद पूजन सामग्री को व्यवस्थति रूप से रखा जाये। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम घाटों के आस-पास के अवैध निर्माण व अतिक्रमण को चिन्हति करें और आवश्यक कार्यवाही करें। नर्मदा संरक्षण व घाटों की स्वच्छता के लिये समिति बनाये और इसे आस्था व स्वच्छता का संदेश देने के लिये प्रभावी कार्य करें। साथ ही कहा कि परियट को प्रदूषित करने वाले कारकों को चिन्हित कर उन्हें दूर करने के लिये आवश्यक कार्यवाही करें। नर्मदा सहित अन्य नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिये बिना किसी दबाव में आये नियमानुसार कार्यवाही शुरू कर दें। कलेक्टर ने विशेष रूप से कहा कि 19 अप्रैल के बाद इस दिशा में प्रभावी कार्य होते दिखाई देना चाहिये। स्वच्छता को लेकर आम जन को जोड़े और सामूहिक प्रयास से इसे जन आंदोलन का रूप देकर स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित करें।

# मतदान केन्द्र को सजायें और उत्सव जैसा माहौल बनायें : कलेक्टर

**जबलपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने शहपुरा जनपद पंचायत सभागृह में मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को लेकर सचिव, रोजगार सहायक और महिला बाल विकास के सुपरवाइजर्स की बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे छाया, पानी, बिजली, फर्नीचर, शौचालय, रैम्प आदि सुनिश्चित हों।**



मतदान दलों के भोजन व रूकने की व्यवस्था आदि पर चर्चा करते हुये कहा कि मतदान केन्द्र में यह पहले से सुनिश्चित कर ली जाये कि मतदान दल के सदस्य और निर्वाचन अभिकर्ता कहां बैठेंगे, वोटिंग कम्पार्टमेंट कहां होगा, सीसीटीव्ही कैमरा किस जगह पर लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदान करते समय की फोटोग्राफी नहीं होगी। साथ ही मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा। सक्सेना ने कहा कि मतदान केन्द्र के बाहर मोबाईल रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मतदान केन्द्र को सजाये और मतदान के दिन उत्सव जैसा माहौल बनायें। चुनाव में जिनकी ड्यूटी लगी है उनके लिये यह गौरव की बात है कि वे देश के लिये बहुत बड़ी सेवा दे रहे है। चुनाव का सभी काम छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि सभी काम महत्वपूर्ण होते है। अतः इमानदारी से काम करें, लापरवाही बिल्कुल न करें। बिना डर, भय और प्रलोभन में आये बिना अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी मतदाताओं को डराने धमकाने या प्रलोभन देने या कुछ सामग्री वितरण करने की बात संज्ञान में आती है तो तत्काल सूचित करें। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मती जयति सिंह ने भी मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम पीयूष दुबे और जनपद सीईओ मती सौम्या जैन भी मौजूद थे।

**नगर में अनेक स्थानों पर आदिशक्ति की प्रतिमा स्थापित**

# माता के जयकारों से गूंज रहे हैं मठ, मंदिर और देवालय





**सिहोरा।** आदिशक्ति मां जगत जननी की साधना-उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र का आज अष्टमी पर घर घर में कन्या भोजन के कार्यक्रम एंव मंदिरों में भंडारे के आयोजन किए जायेंगे है।नगर के देवी मठो बूढी माई,मां ज्वालादेवी,दुर्गा मंदिर, कंकाली मंदिर,पर्वत वासनी खेर मां,माता देवालय खडरा आदि में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। सभी देवी मंदिरों में घट जवारे की भी स्थापना के साथ नौ दिनो के लिए अखंड ज्योति की भी स्थापना की गई है। समस्त देवालयों में जहां सुबह से ही माता को जल अर्पित करने भक्तों की लम्बी लाइन लग जाती है तो वहीं दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों से सारा वातावरण धर्ममय बना रहता है । घरो मैं भी श्रद्वालुओं द्वारा नौ दिनो तक उपवास रखकर शेरावाली की आराधना की जा रही है।सिहोरा में इस बार अनेक स्थानों पर शारदेय नवरात्र की तरह देवी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है । सभी देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और मंदिर के पुजारीयों द्वारा भक्तों को अच्छे से माता के दर्शन हो इसके लिए भी व्यवस्था की गई है । नवरात्र पर्व पर शिवमंदिर बाबाताल में माता महाकाली इसी तरह कटरा मोहल्ला मार्ग में पीपल छाया दुर्गोत्सव समिति ने भी आदिशक्ति की प्रतिमा स्थापित की गई है जहां प्रतिदिन महिलाओं द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। छात्र उदित विश्वकर्मा के द्वारा बनाई गई मां की प्रतिमा स्टेट बैंक गोरी तिराहा सिहोरा के द्वारा बनाई गई यह प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बन हुई है।



# नागरिक अधिकार मंच ने मनाई डॉ. अम्बेडकर जयंती

**जबलपुर।** संविधान जागरूकता फोरम और नागरिक अधिकार मंच द्वारा हर दिल में संविधान कार्यक्रम के तहत बाबा साहेब की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन माँ चण्डीधाम के पास पोलीपाथर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड. अरविंद श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि रामरतन यादव व अरविंद चौधरी रहे। अध्यक्षता पीके बोस ने की। जनसमूह को संबोधित करते हुए एड. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब एक सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने सभी वर्गों के लोगों के लिए बिना किसी दुर्भावना से कार्य किया। रामरतन यादव ने कहा कि आज जो ये पिछड़ा वर्ग अपने आपको ठाकुर समझ रहा है वह भी वर्णव्यवस्था के अनुसार शूद्र ही है और उन्हें समाज में सम्मान बाबा साहब के संविधान से मिलता है। एड. अरविंद चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब को पढ़िये तभी आपको मुक्ति की राह मिलेगी। कार्यक्रम में राजेन्द्र गुप्ता, अब्दुल रहीम, अर्चना चौधरी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर शैली धोपे, कहकशा खानम, कौशल चौधरी,दीक्षा यादव, कृष्णा चौधरी, रतन चौधरी, दीपक चौधरी, काजल चौधरी, ज्योति चौधरी, रूपा पटेल, रिया चौधरी, रियान कबीर और सुमित बसंल सहित 200 से अधिक बाबा के अनुयायी उपस्थित रहे।

## डीईओ पर निर्वाचन कार्यालय मेहरबान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पं. योगेन्द्र दुबे एवं अटल उपाध्याय ने बताया कि एक ही लोकसभा क्षेत्र में तीन वर्षों से अधिक समय से कार्यरत जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी को अन्यत्र स्थानांतरित करने अनुरोध किया गया था, उक्त शिकायत पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जबलपुर द्वारा रस्म अदायगी करते हुए उन्हें मात्र निर्वाचन संबंधी कार्यों से मुक्त कर उन्हें स्वीप एवं अभिभावक छात्र मेला में बुक बैंक की स्थापना जैसा महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है, जिसमें स्वीप का प्रचार प्रसार भी हो रहा है। निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश के बाद भी घनश्याम सोनी को जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से न हटाया जाना समझ से परे है। अतः पुनः भारत निर्वाचन आयोग एवं मप्र निर्वाचन पदाधिकारी से निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए तीन वर्षों से एक ही लोकसभा क्षेत्र में कार्यरत घनश्याम सोनी को अन्यत्र स्थानांतरण एवं दंडात्मक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

## अखण्ड हनुमान चालीसा का 101101 पाठ 17 से



**जबलपुर।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर समस्त सनातन धर्म प्रेमी, विभिन्न समितियों के तत्वावधान में श्रीराम भक्त हनुमान जी की कृपा से अखण्ड हनुमान चालीसा का 101101 पाठ सनातन धर्म गुरु पं. धर्मेन्द्र उपाध्याय के सान्निध्य में शिष्य मंडल के साथ धनी की कुटिया के आगे संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने सुराही बिल्डिंग के पास आधारताल में 17 अप्रेल को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया जाएगा, जो 18 अप्रेल को सतत जारी रहेगा। कार्यक्रम समापन पर विशाल भंडारा आयोजित है। रामनवमीं के उपलक्ष्य में रात्रि 08 बजे से संगीतमय पाठ भी आयोजित है। उपस्थिति की अपील आयोजकों ने की है।



**भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है : त्रिपाठी**

# भगवान श्रीकृष्ण-रुकमणि विवाह पर नाच उठा जनमानस

**सिहोरा।** शुक्ला जी की बखरी वार्ड नम्बर 8 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन कथा प्रेमी श्रोताओं के लिए यादगार बन गया। इस दिन श्रोताओं को भगवान की महारास लीला पर श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह पर। भक्ति गण व संपूर्ण जनमानस भाव विभोर हो नाच उठा। सभी रूक्मणी कृष्ण विवाह के साक्षी भी बने। महारास लीला से शुरूहुई रूक्मणी के साथ उनके परिणय बंधन (विवाह) तक पहुंची। इस बीच भगवान के मथुरा गमन और कंस उद्धार जैसे महत्वपूर्ण प्रसंग भी आए। गोपिकाओं के युगल और प्रणय गीतों की बृज शैली में नृत्य प्रस्तुति से ने द्वापर युग के इन प्रसंगों को जीवन्त कर दिया।

मथुरा प्रवेश के साथ कृष्ण और गोपिकाओं के विरह वियोग का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। कथाप्रवचन ने पण्डित इंद्रमणि त्रिपाठी ने समझाया कि उद्धव के निर्गुण ब्रह्म को गोपियों ने किस तरह अपने लिए अनुपयोगी सिद्ध कर उद्धव को निरुत्तर कर दिया।

पूरे प्रसंग से व्यासगादी पर विराजित पंडित त्रिपाठी ने समझाया कि ज्ञानमार्ग अहंकार पैदा करता है जबकि भक्तिमार्ग व्यक्ति को नम्र बनाता है। ज्ञान से भगवान की प्राप्ति मिश्री की तरह कड़ी है तो भक्ति रसगुल्ले की तरह सरस और नरम है। रुक्मिणी कृष्ण विवाह कथा समझाने के लिए रुक्मणी के कृष्णवरण की कथा से शिव के लिए पार्वती की तपस्या और दूल्हे बने शिशुपाल की बारात आने पर रुक्मणी के अम्बा पूजन कथा से सीता के गिरिजापूजन प्रसंग श्रोताओं को समझाए कथा के छठे दिन कृष्ण रुक्मणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया। भगवान के विवाह के साक्षी बने श्रोता दर्शकों ने जी भरकर इस मौके पर नाच गाकर खुशियां मनाई। एंव भगवान के पैर पखाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जैन महिला महासमिति की अनूठी पहल



**पाटन।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के माध्यम से डी एन जैन बोडिंग हाऊस सोसाइटी में आयोजित संत शिरोमणी आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज के तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक मुनि 108 सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद और धर्म प्रेरणा से विधा सुधा संस्कार शिविर का गोलबाजार श्री आदिनाथ मंदिर में पूरी आस्था और संस्कार युक्त वातावरण में हुआ। सांगानेर राजस्थान विद्वान पं सौरभ शास्त्री के माध्यम से बच्चों को पूजन विधि धर्म मय शिक्षा सिखाई गयी बाद में बच्चों की परीक्षा के साथ पुरूस्कार और स्वल्प आहार कराया गया। सर्व प्रथम आचार्य भगवन के चित्र पर दीप जलाकर अतिथों ने शुभारंभ किया जिसमे समाज के सम्मानीय गण महिला महासमिति अध्यक्ष प्रीति पाली जैन पंडित अमित शास्त्री सत्येंद्र जैन संजय जैन आर बी संजय जैन लाल बंगला प्रशांत पाल बजाज छोटे लाल जी संजय कैटरस अमित मदर केयर प्रदीप एच बी अलका रेखा चौधरी नीलमणि शर्मिला रचना रितु अनुपमा स्वीटी गोल्डी रूबी रिता जुली प्रिया सुनीता सहित पंचायत सभा के महामंत्री अनिल जैन गोड्डा चक्रेश पन्नी का सहयोग रहा। कार्यक्रम भव्य एवं दिव्य गरिमा पूर्ण होने पर समाज के लोगों ने जैन महिला समिति अध्यक्ष प्रीति पाली की तहे दिल से प्रशंसा की।

## बलेनो कार में पिस्टल कारतूस लेकर घूम रहे थे बदमाश

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत व्हीकल मोड़ महाराजपुर से रिछाई की ओर जाने वाली सड़क पर गत शाम पुलिस ने नाकाबंदी कर अवैध हथियार की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक कारतूस, एक चाकू और एक बलेनो कार जब्त की है। अधारताल थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि बड़ा पत्थर रांझी निवासी 30 वर्षीय आकाश उर्फ गंगू यादव अपने साथी रक्षानगर कालोनी बड़ा पत्थर रांझी निवासी 22 वर्षीय कार चालक आसिफ खान के साथ गत शाम बलेनो कार क्रमांक एमपी 20 जेडजे 2827 में पनागर की ओर से आकर रिछाई की तरफ जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्हीकल मोड महाराजपुर से रिछाई की ओर जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी आकाश उर्फ गंगू यादव और आसिफ खान कार से निकलकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक लोडेड कारतूस, बटनदार चाकू और बलेनो कार जब्त की है। पुलिस ने आरोपी आकाश उर्फ गंगू यादव के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तथा आरोपी आसिफ खान के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत पृथक से कार्रवाई की गई है।

### 27 लीटर कच्ची शराब जप्त

**जबलपुर।** पाटन पुलिस ने ग्राम गाडाघाट स्थित एक टपरिया में अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गाडाघाट टपरिया निवासी 25 वर्षीय सोनेलाल मल्लाह गत दिवस अपनी टपरिया से शराब बेचने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सोनेलाल मल्लाह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी सोनेलाल मल्लाह के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### 5 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर।** खितौला पुलिस ग्राम सरदा के जंगल में चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर पांच जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 हजार 500 रुपए जब्त किए है। खितौला पुलिस थाना प्रभारी श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि गत दिवस ग्राम सरदा के जंगल में जुआ मन्ना खेल रहे पठानी मोहल्ला पनागर निवासी निजाम खान उर्फ किल्लू, बहोरीबंद जिला कटनी निवासी अमित बर्मन, कुआं थाना बहोरीबंद जिला कटनी निवासी राकेश गुप्ता, पठानी मोहल्ला थाना पनागर निवासी जुबेर खान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते और 11 हजार 500 रुपये जब्त किए है। पुलिस ने पांचों जुआरियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, 2 महिलाएं व वृद्ध घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत बरनू तिराहा गोसलपुर में एक ट्रक ने एक कार को साईड से टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमे सवार एक वृद्ध व दो महिलाएं घायल हो गई। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कन्हवारा थाना कुठला जिला कटनी निवासी 34 वर्षीय सुनार विष्णु सोनी गत दिवस अपनी बेगनार कार क्रमांक एमपी 21 एए 6205 से अपनी पत्नी काजल सोनी, बहू प्रियंका सोनी, पापा घनश्याम दास सोनी और बच्चों को लेकर अपने मामा की लड़की की शादी में शामिल होने जबलपुर जा रहा था। शाम लगभग 6.45 बजे जैसे ही बरनू तिराहा गोसलपुर के आगे पहुंचा तभी पीछे से आ रहा ट्रक क्रमांक एमएच 49 एटी 1992 के चालक ने उसकी कार में साईड से टक्कर मार दी, जिसमें बैठे घनश्याम दास सोनी, बहू प्रियंका सोनी, पत्नी काजल सोनी को हाथ, पैर में चोटें आ गई वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### 3 युवक ने मिलकर युवक के साथ की मारपीट



**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम ग्वारी में बिजली के खंबे से तार हिल जाने से घर की लाईट चली जाने के कारण पिता, पुत्र और साले ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर दिया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ग्वारी निवासी 40 वर्षीय बबलू से गत रात लगभग 8 बजे बिजली के खंबे से तार हिल जाने से उसके मामा रघ्घू के घर की लाईट चली गई थी। इसी कारण ममेरा भाई चन्नू और मामा का साला मनोज दोनों गालीगलौज करने लगे। वह घर से बाहर निकलकर आया और गालियां देने से मना किया तो, इसी बात पर चन्नू, मनोज और मामा रघ्घू तीनों ने मारपीट कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**श्रीमती लीलावती रजक-** प्रगतिशील कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री हीरा लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती रजक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दर्शन कुमार विरमानी-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री दर्शन कुमार विरमानी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगतसिंह राय मांझी-** बापू नगर मद्रास लाइन रांझी निवासी श्री जगतसिंह राय मांझी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति देवी विश्वकर्मा-** कृष्णा नगर माढ़ोताल निवासी श्री बद्री प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी विश्वकर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता श्रीवास-** प्रेस्टीज एनक्लेव सिटी अस्पताल के पास निवासी श्री राजा बाबू श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती गीता श्रीवास (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार नामदेव-** घोड़ा नक्कास हनुमानताल निवासी श्री विनोद कुमार नामदेव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती बीना भागवती-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री जमना दास भागवती की धर्मपत्नी श्रीमती बीना भागवती (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश कश्यप-** फूटाताल निवासी श्री कैलाश कश्यप (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान




भूमि में किया गया।

**श्री गुलाब चौधरी-** बागड़ा दफाई पोलीपाथर निवासी श्री गुलाब चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री फकीरा लाल साहू-** मिलौनीगंज निवासी श्री फकीरा लाल साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद रावत-** अंजनी परिसर गंगासागर रोड निवासी श्री विनोद रावत (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री माधव सोनकर-** ग्वारीघाट अवस्थी मोहल्ला निवासी श्री विनोद सोनकर के पुत्र श्री माधव सोनकर (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अहिंसक डोंगरे-** भानतलैया खेरमाई निवासी श्री अहिंसक डोंगरे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मूलचंद माहोड़-** कटरा अधारताल निवासी श्री मुलचंद माहोड़ (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कस्तूरी बाई कुलपारिया-** गुजराती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री होरी लाल कुलपारिया की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई कुलपारिया (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# प्रणब, चिदंबरम के रहते आरबीआई पर रहता था दबाव : सुब्बाराव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने अपने संस्मरण में कहा है कि प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम के वित्त मंत्री रहते समय वित्त मंत्रालय आरबीआई पर ब्याज दरें नरम करने और आर्थिक वृद्धि की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के लिए दबाव डालता था।

- मंत्री आरबीआई पर ब्याज दरें नरम करने का दबाव डालते थे

सुब्बाराव ने हाल में प्रकाशित अपनी किताब 'जस्ट ए मर्सिनरी?: नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर' में यह भी लिखा है कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार में 'थोड़ी समझ और संवेदनशीलता' ही है।

*सरकार के भीतर थोड़ी समझ और संवेदनशीलता है :* पूर्व गवर्नर ने किताब में कहा, 'सरकार और आरबीआई दोनों में रहने के बाद मैं तनिक अधिकार से कह सकता हूं कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार के भीतर थोड़ी समझ और संवेदनशीलता ही है।' सितंबर, 2008 में लेहमैन ब्रदर्स संकट शुरू होने के पहले आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने से पहले सुब्बाराव वित्त सचिव थे।

*भारत में रिजर्व बैंक का रुख अड़ियलः मायाराम :* इसके अलावा रिजर्व बैंक को सरकार के साथ जिम्मेदारी साझा करने के लिए उच्च वृद्धि दर और कम मुद्रास्फीति दर का अनुमान पेश करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने उस प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा, 'मायाराम ने एक बैठक में यहां तक कह दिया था कि 'जहां दुनिया में हर जगह सरकारें और केंद्रीय बैंक सहयोग कर रहे हैं, वहीं भारत में रिजर्व बैंक बहुत अड़ियल रुख अपना रहा है।'

**आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने संस्मरण में कहा**

### मांग से हमेशा असहज रहा

सुब्बाराव ने कहा कि वह इस मांग से हमेशा असहज और नाखुश थे कि आरबीआई को सरकार के लिए 'चीयरलीडर' बनना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'मुझे इस बात से भी निराशा हुई कि वित्त मंत्रालय इन दोनों मांगों के बीच स्पष्ट असंगति पर ध्यान दिए बगैर ब्याज दर पर नरम रुख के लिए बहस करते हुए वृद्धि के लिए उच्च अनुमान की मांग करेगा।'



### बेहतर अनुमान पेश करने डाला था दबाव

लेहमैन ब्रदर्स के दिवालिया हो जाने से दुनियाभर में गहरा वित्तीय संकट पैदा हो गया था। सुब्बाराव ने ''सरकार का जय-जयकार करने वाला रिजर्व बैंक?' शीर्षक अध्याय में कहा है कि सरकार का दबाव नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के रुख तक ही सीमित नहीं था। उस समय सरकार ने आरबीआई पर वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन से इतर वृद्धि और मुद्रास्फीति के बारे में बेहतर अनुमान पेश करने के लिए दबाव डाला था।
*व्यक्तिपरक धारणाएं बढ़ गई थी :* सुब्बारान ने कहा, 'मुझे प्रणब मुखर्जी के वित्त मंत्री रहते समय का ऐसा वाकया याद है। वित्त सचिव अरविंद मायाराम और मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने हमारे अनुमानों को अपनी धारणाओं और अनुमानों से चुनौती दी थी।' सुब्बाराव को यह बात नागवार गुजरी थी कि चर्चा वस्तुनिष्ठ तर्कों से हटकर व्यक्तिपरक धारणाओं की ओर बढ़ गई।

## खबर संक्षेप

### रामकृष्ण फोर्जिंग्स को मिला वंदे भारत ट्रेन का ठेका



**नई दिल्ली।** रामकृष्ण फोर्जिंग्स लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसे वंदे भारत ट्रेनों के बोगी फ्रेम की आपूर्ति के लिए 270 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह ठेका भेल के नेतृत्व वाले गठजोड़ से मिला है। परियोजना के दायरे में वंदे भारत ट्रेन के शयनयान संस्करण के लिए बोगी फ्रेम का विकास और सत्यापन शामिल है।

### अस्थायी कार्यबल उद्योग 3.6 प्रतिशत बढ़ा : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** अस्थायी कार्यबल उद्योग (फ्लेक्सी) बीते वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा। भारतीय स्टाफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अस्थायी कार्यबल या स्टाफिंग उद्योग के तहत अनुबंध या काम के हिसाब से निश्चित अवधि के लिये लोगों को भर्ती किया जाता है।

### शेयरचैट निवेशकों से डिबेंचर से 4.9 करोड़ डॉलर जुटाएगी

ShareChat

**नई दिल्ली।** घरेलू सोशल मीडिया कंपनी शेयरचैट ने मौजूदा निवेशकों लाइटस्पीड, टेमासेक और एल्केन कैपिटल तथा अन्य से परिवर्तनीय डिबेंचर (ऋण पत्र) के जरिये 4.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 407 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। जुटाई गई पूंजी से उसे अपनी विज्ञापन लक्ष्यीकरण तकनीक, शेयरचैट लाइव और मोज लाइव की वृद्धि बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### दीपक बिल्डर्स का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा

DEEPAK BUILDERS & DEVELOPERS

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं। दीपक बिल्डर्स चालू वित्त वर्ष (2024-25) में आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराने वाली पहली कंपनी है।

### एस्टर प्रति शेयर 118 रुपए का विशेष लाभांश देगा

Aster

**नई दिल्ली।** एस्टर डीएम हेल्थकेयर के निदेशक मंडल ने जीसीसी व्यवसाय की बिक्री से प्राप्त आय में से प्रति शेयर 118 रुपये का विशेष लाभांश देने को मंजूरी दे दी है। 23 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। इतने बड़े लाभांश के बावजूद कंपनी के पास जीसीसी व्यवसाय की बिक्री से मिले 1,500 करोड़ रुपये तब भी बचे रहेंगे।

### सोना 300 रुपए मजबूत चांदी में 500 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 300 रुपये की तेजी के साथ 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पहले के कारोबारी सत्र में सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपये के उछाल के साथ 85,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 85,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

## निवेशकों को लगी 5.12 लाख करोड़ की चपत

# ईरान-इजरायल तनाव से बाजार का मूड बिगड़ा सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का, निफ्टी 247 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.74 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 246.90 अंक की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ।

### दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1638 अंक टूटा

इससे पहले, शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में रहा था। कुल मिलाकर दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई।

### भारत-मारिशस संधि का नकारात्मक प्रभाव

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से अधिक बढ़ने से बाजार नुकसान में रहा। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने तथा भारत-मॉरीशस कर संधि में प्रस्तावित बदलाव से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

### निवेशकों को 5.18 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट से निवेशकों को 5.18 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। इस गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,18,953.97 करोड़ रुपए गिरकर 3,94,48,097.90 करोड़ रुपए रहा।



### विप्रो, टाटा मोटर्स रहे नुकसान में

सेंसेक्स के शेयरों में विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ नेस्ले, मारुति और भारती एयरटेल के शेयर लाभ में रहे।

### ऊर्जा, तेल व गैस के शेयर रहे लाभ में

क्षेत्रवार बात करें तो सेवाओं में 2.12 प्रतिशत, वित्तीय सेवाओं में 1.81 प्रतिशत, आईटी में 1.58 प्रतिशत, बैंकेक्स में 1.55 प्रतिशत और यूटिलिटी में 1.37 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर ऊर्जा और तेल एवं गैस शेयर लाभ में रहे। कारोबार के अंत में कुल 2,991 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 913 बढ़त में रहे और 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### एशिया व यूरोपीय बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को नुकसान में रहा था।
*कच्चे तेल के दाम में नरमी :* नायर ने कहा, 'दूसरी तरफ यूरोपीय बाजार में शुरुआती कारोबार में सकारात्मक रुख रहा जबकि तेल के दाम में नरमी आई। बाजार प्रतिभागियों का मानना है कि राजनयिक स्तर पर जारी प्रयासों से पश्चिम एशिया में तनाव खत्म होने की उम्मीद है।' इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.04 प्रतिशत फिसलकर 89.51 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### कंपनियों की कमाई में कमी आने का अनुमान

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर राजनीतिक तनाव बढ़ने और अमेरिका में महंगाई दर अनुमान से अधिक होने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अधिक मूल्यांकन और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनियों की कमाई में कमी आने के अनुमान के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में मुख्य रूप से गिरावट रही।'

# ऑनलाइन मूल्यांकन में उम्मीदवारों के फर्जीवाड़े से आशंकित रहती हैं कंपनियां

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑनलाइन मूल्यांकन के दौरान उम्मीदवारों का गलत तरीके अपनाना कंपनियों और प्रतिभा अधिग्रहण (टीए) विशेषज्ञों के सबसे बड़े डर में से एक है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

कृत्रिम मेधा (एआई) पर संचालित भर्ती स्वचालन फर्म 'हायरप्रो' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऑनलाइन मूल्यांकन के दौरान उम्मीदवारों के धोखाधड़ी करने की आशंका 39 प्रतिशत प्रतिभागियों को होती है। इसके बाद निर्धारित भूमिका के लिए सही उम्मीदवार ढूंढने की चिंता 37 प्रतिशत नियोक्ताओं को है। रिपोर्ट के मुताबिक, उम्मीदवारों के विशिष्ट कौशल को मापने के लिए प्रभावी माध्यमों की कमी 26 प्रतिशत भर्तीकर्ताओं के बीच अगली बड़ी चिंता बनकर उभरी है। यह रिपोर्ट अक्टूबर, 2023 से मार्च, 2024 के बीच 837 भर्तीकर्ताओं, प्रतिभा अधिग्रहण विशेषज्ञों और मानव संसाधन पेशेवरों के बीच एक सर्वेक्षण पर आधारित है। इससे पता चलता है कि भर्ती योजना चरण में किसी भूमिका के लिए सही उम्मीदवार ढूंढने की चिंता 37 प्रतिशत भर्तीकर्ताओं और प्रतिभा अधिग्रहण विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता है। इसके बाद नियुक्ति लक्ष्य को पूरा करने को लेकर 32 प्रतिशत नियोक्ता अनिश्चित हैं।



- प्रतिभा अधिग्रहण विशेषज्ञों के सबसे बड़े डर में से एक
- धोखाधड़ी करने की आशंका 39 प्रतिशत प्रतिभागियों को होती है

### प्रबंधकों की उपलब्धता को भी बड़ी चुनौती

उम्मीदवारों के एक साथ कई नौकरियों की पेशकश की तलाश में होने की चिंता भी भर्तीकर्ताओं को सता रही है। इसके अलावा नौकरी का प्रस्ताव ठुकरा देने या उम्मीदवार के नहीं आने की चिंता भी होती है। रिपोर्ट में साक्षात्कार के स्तर पर उम्मीदवारों का प्रबंधन और नियुक्ति प्रबंधकों की उपलब्धता को भी बड़ी चुनौती बताया गया है। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों का मौजूद न होना भर्तीकर्ताओं के बीच सबसे बड़ा डर है। हायरप्रो के मुख्य परिचालन अधिकारी एस पशुपति ने कहा, 'इस रिपोर्ट के नतीजे एक दर्पण की तरह हैं जो हर दिन भर्ती टीमों को पेश होने वाली भावनात्मक चुनौतियों और आशंकाओं को दर्शाते हैं।'

# ओला ने प्रवेश स्तर के स्कूटर की कीमत 10 हजार रुपए तक घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी।

कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है। ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा, ''हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।'



- एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5 से 10 हजार तक कटौती
- इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपए रखी गई थी

*परंपरागत स्कूटर के बराबर आई कीमतें :* खंडेलवार ने कहा कि एक औसत इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत एक लाख रुपये रहने के बीच उपभोक्ताओं से ऐसी प्रतिक्रिया मिली है कि जब इसकी कीमतें पेट्रोल स्कूटर के बराबर होंगी तो वे उसके बारे में सोचेंगे। इस राय को ही ध्यान में रखते हुए कीमतों में कटौती का फैसला किया गया है।

## अंबुजा सीमेंट्स ग्राइंडिंग इकाई करेगी अधिग्रहण...

Ambuja Cement

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स तमिलनाडु के तूतीकोरीन में माई होम समूह की सीमेंट 'ग्राइंडिंग' इकाई का कुल 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। अदाणी समूह का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स ने सोमवार को बयान में बताया कि माई होम समूह की सीमेंट 'ग्राइंडिंग' इकाई का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इकाई की क्षमता 1.5 एमटीपीए है। बयान के अनुसार, 'आंतरिक स्रोतों के जरिए 413.75 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर अधिग्रहण से तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी बाजारों में कंपनी को तटीय पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।' अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा, बुनियादी ढांचे और भौगोलिक लाभों के अलावा अंबुजा सीमेंट्स को मौजूदा डीलर नेटवर्क भी मिलेगा।

# वोडाफोन की चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद

- कंपनी 18 हजार करोड़ रुपए का एफपीओ लाने जा रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई।




दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) को छह से नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अक्षय मूंदड़ा ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले सोमवार को यह बात कही।

मूंदड़ा ने कहा कि 5जी सेवाओं को शुरू करना जनता से पूंजी जुटाने के उद्देश्यों में से एक है और एक बार कोष आने के बाद....इसे शुरू करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5जी की शुरुआत से अगले 24-30 महीने में कंपनी के कुल राजस्व में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत होगी।

हालांकि, मूंदड़ा ने 5जी सेवाएं कब शुरू की जाएंगी, इसपर कोई विशिष्ट समयसीमा साझा नहीं दी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत के लिए 5,720 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। मूंदड़ा ने इसकी शुरुआत किस स्थान से की जाएगी यह जानकारी भी नहीं दी।

# देश का वस्तुओं का निर्यात मार्च में मामूली रूप से घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तुओं का निर्यात भू-राजनीतिक तनाव की वजह से मार्च में मामूली रूप से घटकर 41.68 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में यह 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.06 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के महीने में देश का आयात भी 5.98 प्रतिशत घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम महीने में देश का व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर का रहा। निर्यात और आयात आंकड़ों के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल आयात 677.24 अरब डॉलर रहा, जो वर्ष 2022-23 के 715.97 अरब डॉलर से 5.41 प्रतिशत कम है। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 240.17 अरब डॉलर था।



- भू-राजनीतिक तनाव के कारण घटकर 41.68 अरब डॉलर

### दवाओं और औषधि का निर्यात बढ़ा

इस दौरान दवाओं और औषधि का निर्यात 25.39 अरब डॉलर से 9.67 प्रतिशत बढ़कर 27.85 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2.13 प्रतिशत बढ़कर 109.32 अरब डॉलर हो गया।

# थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़त के साथ 0.53 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही।' आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही।



- सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी का असर
- मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक शून्य से नीचे बनी हुई थी

### मुद्रास्फीति आने वाले माह में बढ़ने का अनुमान

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आने वाले महीनों में बढ़ने का अनुमान है। सिन्हा ने कहा कि वैश्विक जिंस कीमतों में हालिया वृद्धि, विशेष रूप से ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों तथा औद्योगिक धातु की कीमतों में वृद्धि से डब्ल्यूपीआई पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

### खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई गिरावट

इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 5.66 प्रतिशत हो गई। यह फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी।

## मस्क की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से पहले बनने लगा माहौल

# टेस्ला की कारों के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाएगा टाटा समूह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में एक एलन मस्क की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से पहले माहौल तैयार होने लग गया है। एलन मस्क की पहली भारत यात्रा कई लिहाज से अहम साबित होने वाली है।

इस यात्रा में वह टेस्ला समेत अन्य बिजनेस के जरिए भारत में अरबों डॉलर के निवेश का ऐलान कर सकते हैं। उससे पहले बताया जा रहा है कि मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला ने सेमीकंडक्टर के लिए भारत के सबसे प्रमुख औद्योगिक समूहों में एक टाटा के साथ एक डील फाइनल की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी ने टाटा समूह की टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सेमीकंडक्टर को लेकर सौदा फाइनल कर लिया है। इस स्ट्रेटजिक डील के तहत टेस्ला अपने वर्ल्डवाइड ऑपरेशन के लिए टाटा की कंपनी से सेमीकंडक्टर चिप खरीदने वाली है। बताया जा रहा है कि इस डील को गोपनीय तरीके से महीनों पहले ही फाइनल कर लिया गया। हालांकि अभी इस सौदे को लेकर टेस्ला या टाटा किसी ने भी आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।






- टेस्ला ने चिप के लिए टाटा के साथ एक डील फाइनल की

*सरकार से मिली है राहत :* हाल के नीतिगत बदलावों ने वाहन निर्माताओं को 15 प्रतिशत कम आयात शुल्क पर 35,000 डॉलर या उससे अधिक कीमत वाले ईवी आयात करने की अनुमति दी है। लेकिन, यह भारत में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए तीन वर्षों के भीतर 500 मिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए वाहन निर्माताओं की प्रतिबद्धता पर निर्भर होगा। टेस्ला शुरुआत में भारतीय बाजार के लिए प्रीमियम, फीचर-आधारित इलेक्ट्रिक मॉडल पर दांव लगा सकती है।

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने शुरू कर दी है भर्ती

इस बीच, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने हाल के महीनों में 50-60 शीर्ष-स्तरीय प्रवासियों की भर्ती करके अपने कार्यबल को बढ़ाया है। ये लोग सेमीकंडक्टर टेक्नोलोजी, रणनीतिक योजना और डिजाइन में उनकी व्यापक विशेषज्ञता का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय संचालन को बढ़ावा दे रहा है।

### एप्पल पहले से है टाटा की ग्राहक

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए सेमीकंडक्टर बिजनेस बहुत पुराना नहीं है। भारत सरकार ने हाल-फिलहाल में देश को आत्मनिर्भर बनाने और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की शुरुआत की है। उनमें सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना भी शामिल है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी सेमीकंडक्टर पीएलआई योजना का लाभ उठाया है। टेस्ला से पहले एप्पल जैसी कंपनी भी टाटा के वैश्विक ग्राहकों में शामिल हो चुकी है।

## चिंतन

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को रोकना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव इस क्षेत्र के लिए खतरनाक तो है ही, लेकिन यह विश्व के लिए भी नुकसानदायक है। हमास व इजराइल युद्ध के बाद से ईरान जिस तरह सक्रिय हुआ है, इसे कूटनीतिक भाषा में अतिसक्रियता कही जा सकती है। विश्व पहले से ही रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से प्रभावित है, उसके बाद हमास व इजराइल के बीच जंग छिड़ने से संकट और बढ़ गया है। अब ईरान की ओर से इजराइल पर ड्रोनों व मिसाइलों से हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। ईरान की चाहे इजराइल से जो भी अदावत रही हो, लेकिन ईरान ने बदले की भावना से इजराइल पर हमले के लिए समय गलत चुना है। अमेरिका ने जिस तरह पहले ही चेतावनी दी कि अगर ईरान ने हमला किया तो, वाशिंगटन चुप नहीं बैठेगा, इसके बाद भी ईरान ने इजराइल के ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिका व ईरान के बीच तनातनी लंबे समय से है, अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंध से ईरान अमेरिका पर अधिक खफा है। यूं तो अमेरिका का यह प्रतिबंध अनुचित है, पर खफा ईरान अमेरिका को सबक देने की ताक में रहता है। इजराइल व हमास की जंग उसे यह मौका दे रही है, लेकिन ईरान समझ नहीं पा रहा है कि हमले करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, कूटनीतिक चैनल अधिक उपयोगी है। यूं तो जैसे इजराइल पर अमेरिका का हाथ है, वैसे ही ईरान पर रूस व चीन का हाथ है, लेकिन इजराइल व ईरान जैसे छोटी आबादी वाले देशों को समझना होगा कि वे अमेरिका, रूस व चीन जैसे बड़े व शक्तिशाली देशों की महत्वाकांक्षा व आपसी अदावत के शिकार न बनें। यूक्रेन से जंग में रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, बल्कि वह यूएस व नाटो से भी लड़ रहा है, यूएस रूस को घुटने पर लाना चाहता है, पर क्यों यह अमेरिका को भी पता नहीं होगा। लेकिन इसमें बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे ही इजराइल व हमास की जंग में पहले जिस तरह ईरान, कतर, आतंकी गुट हुती और कई मुस्लिम देश आतंकी गुट हमास के पक्ष में खड़े हो गए तो अमेरिका भी खुल कर इजराइल के पक्ष में आ गया। लेकिन बर्बादी तो गाजा पट्टी में हो रही है, लोग वहां के मारे जा रहे हैं। अरब स्प्रिंग के बाद पश्चिम व खाड़ी देशों में एक के बाद एक कई राजशाही का तो अंत हो गया, लेकिन वहां लोकतांत्रिक ढांचा विकसित नहीं पाया, इसके चलते वहां अराजकता की स्थिति पैदा हुई। इसका फायदा कुछेक प्रायोजित आतंकी गुटों ने उठाया, कमजोर सरकारें भी हैं, इसलिए क्षेत्र में अशांति है। तेल के खेल में यह क्षेत्र हमेशा पिसता रहा है, इसके बावजूद शायद पश्चिम व अरब क्षेत्र के मुल्कों को यह भान नहीं हो रहा है कि वे शांति की स्थापना के लिए काम करें, वे बाहरी तत्वों के हितों के शिकार न बनें। ईरान ने इजराइल पर हमला करके पश्चिम एशिया में शांति बहाली के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इजराइल ऐसा मुल्क है जो अपने ऊपर हमले को बर्दाश्त नहीं करता है, और बदला लेता है। बेशक अभी इजराइल हमास के साथ जंग में उलझा हुआ हो, लेकिन वह ईरान को यूं नहीं छोड़ेगा। अब इजराइल व ईरान के बीच दुश्मनी की बीज गहरी हो गई है, जो लंबे समय तक चलेगी। ईरान के कदमों से वैश्विक शांति की राह नहीं निकलेगी। ईरान के हमले की गूंज भारतीय शेयर बाजार तक पहुंची है, पश्चिम एशिया में तनाव के चलते शेयर बाजार औंधे मुंह गिरे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव को रोकने के लिए भारत, अमेरिका व चीन शांति के लिए आगे आएं।



विश्लेषण
निर्मल यादव

# हिंदुत्व से सनातन की ओर सियासत

**इस बार का चुनाव इस मायने में अलग माना जा रहा है कि इसमें धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। इसे हिंदुत्व से सनातन की ओर राजनीतिक शिफ्टिंग माना जा सकता है।**

इन दिनों भारत के नागरिक लोकतंत्र के महापर्व को पूरे जोश से मनाने के लिए तैयार है। अब तक के चुनावों में सियासी दलों की ओर से उठाए गए मुद्दों के आधार पर जनता, भावी सरकार की तस्वीर उकेरती थी, लेकिन इस चुनाव में मतदाताओं को यदि इस महापर्व को मनाने का जतन करना पड़ रहा है, तब फिर साफ है कि इस चुनाव के मुद्दे, गुजरे चुनावों से अलहदा हैं। चुनाव के मुद्दों की बात करने से पहले, चुनाव की ही बात कर ली जाए कि आखिर यह पिछले चुनावों से अलग क्यों है? भारत में आम चुनाव की परंपरा 75 साल पुरानी है। आजाद भारत के इतिहास में अब तक हुए 17 चुनाव किसी न किसी रूप में पिछले चुनावों से भिन्न रहे हैं। इस परंपरा को 18वां आम चुनाव भी शिद्दत से निभा रहा है। कई मायनों में यह चुनाव अनूठा है। इसमें तमाम सियासी दलों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सियासत में जातिवाद, परिवारवाद और बाहुबल की गहरी हो चुकी जड़ों का भविष्य भी यही चुनाव तय करेगा। इस चुनाव का फौरी तौर पर किया जा रहा विश्लेषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुस्तकबिल को तय करने तक सीमित है, वहीं इस चुनाव का विशद विश्लेषण, राजनीति में धर्म के इस्तेमाल की भवितव्यता को भी सुनिश्चित करेगा।

यह चुनाव इस मायने में अलग है कि इसमें धर्म की चाशनी को इस कदर गाढ़ा करके पेश किया गया है कि इसकी खुमारी अब मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी है। धर्म एक सार्वभौमिक सत्य है और इसका दायरा सिर्फ भारत तक ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सत्ता की ड्योढ़ी को यह अनादि काल से प्रभावित करता रहा है। दुनिया भर में राजनीति को धर्म के साथ पेश करने के अलौकिक आनंद की अनुभूति 'सनातन' रही है। भारत में भी यह बहस पुरजोर होती रही है कि धर्म की राजनीति होनी चाहिए या राजनीति का धर्म होना चाहिए। मनुस्मृति से लेकर हम्मूराबी की विधि संहिता तक, न जाने कितनी बार राजनीति को धर्म से अलग करने या इसी में समाहित करने की वकालत हो चुकी है। 21वीं सदी के भारत में एक बार फिर नए शब्द के आवरण में चुनाव के असल मुद्दों को ढकने की कवायद तेज हुई है, यह है 'सनातन'।

अब तक के चुनावों में 'धर्म की राजनीति या राजनीति का धर्म' विषय ही विमर्श का मुद्दा बनता था, मगर अब 'सनातन' शब्द ने ऐसे बहुत से नेताओं को पाला बदलने का सुरक्षा कवच दे दिया है, जिनका सनातन के सही मायने से भी कोई सरोकार नहीं है। समाज और व्यक्तियों के स्तर पर हर किसी ने अपनी समझ के आधार पर सनातन को परिभाषित किया है। सनातन का विशद और व्यापक स्वरूप ही इसे परिभाषित करने वाले समाज एवं व्यक्तियों की समझ को परखने का कारगर औजार भी बनाता है। इसलिए कम से कम यहां सनातन को परिभाषित करने के बजाए मौजूदा चुनावी मौसम में इसके सियासी गुणा-गणति पर बात करना बेहतर होगा। यह पहला चुनाव नहीं है, जब इस देश ने धर्म को राजनीति का चोला पहने देखा हो। इससे पहले आजादी के बाद शुरुआती दौर में सोमनाथ से शुरू हुई यह कहानी अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने से लेकर 1990



के दशक में विवादित ढांचा ढहाए जाने तक, चुनावी राजनीति के आवरण में ढंकी रही। मंदिर और मस्जिद के नाम पर होती रही राजनीति का लाभ, इससे सरोकार रखने वाले दोनों खेमों को मिलता रहा है। मंदिर के मुद्दे ने भाजपा के चुनावी सफर को सड़क से सत्ता तक पहुंचाया तो मस्जिद के नाम पर भाजपा के विरोधी दलों को भी सत्ता की खूब मलाई खाने को मिली।

इस बार का चुनाव इसी मायने में अलग माना जा रहा है कि इस चुनाव में धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन विरोध का मोर्चा खोल रखा है। दरअसल उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। बोलचाल की भाषा में भी हिंदी पट्टी के लोग सिर्फ सनातन शब्द का इस्तेमाल नहीं करते हैं, बल्कि 'सनातन संस्कृति' कहना ज्यादा पसंद करते हैं।

दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। हिंदी भाषी राज्यों में आम जन को भले ही आर्य बनाम अनार्य के प्राचीन संघर्ष का इल्म न हो, लेकिन अपनी कला, संस्कृति, पहनावा और भाषा को लेकर बेहद सजग रहे दक्षिण भारत में जन जन को इस संघर्ष का भान है। आजादी के बाद 1950 के दशक में भाषायी आधार पर राज्य बनाने के लिए दक्षिण भारत में हुए आंदोलन, इस संघर्ष के गवाह भी हैं। तत्कालीन नेहरू सरकार को इस मसले पर तीन सदस्यीय 'जेवीपी कमेटी' बनानी पड़ी थी। खुद पं नेहरू के अलावा सरदार पटेल और पट्टाभि सीतारमैया राजू की मौजूदगी वाली इस समिति को दक्षिण में भाषाई आधार पर राज्यों के विभाजन के लिए हुए आंदोलन को शांत करना पड़ा था। भाषायी राज्य बने।

अब 21वीं सदी के सबसे चर्चित चुनाव से पहले उदयनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिक्रिया में सनातन पर हमला नहीं किया, बल्कि इस हमले की जड़ काशी में है। पीएम मोदी की पहल पर काशी में चल रहे 'तमिल संगमम' की सफलता, उदयनिधि की प्रतिक्रिया का परिणाम है। पीएम मोदी की पहल पर हो रहे तमिल संगमम का मौन असर काशी से ज्यादा दक्षिण में हो रहा है। यही वजह है कि इस चुनाव में भाजपा ने राजनीति में भरपूर इस्तेमाल हो चुके 'हिंदुत्व' शब्द के बजाय व्यापक अर्थ वाले 'सनातन' शब्द को मारक हथियार बनाया है। अव्वल तो इस शब्द के निहितार्थ, धर्म और समाज के इतिहास को गहराई से समझने वाले ही जानते है। ऐसे में आर्य और भारतीय अस्मिता के विशद स्वरूप की गहरी समझ रखने वाले भाजपा के रणनीतिकारों को पता है कि सीमित ज्ञान से लैस विपक्षी खेमे के अधिसंख्य राजनेताओं को सनातन के जाल में फंसाना आसान है। बेहतर होता, उदयनिधि सनातन पर हमला करने से पहले उस रावण का जिक्र करते, जिसे दक्षिण में पूज्य और उत्तर में धरती का सबसे प्रकांड पंडित माना जाता है। उदयनिधि को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए था कि शिव जी के सबसे प्रिय भक्त रावण के पांडित्य पर उत्तर भारत में कभी सवाल नहीं उठा। सिर्फ राम के साथ बैर होने के कारण ही रावण को उत्तर में आज भी हर साल दहन होना पड़ता है। ऐसे में उदयनिधि के लिए भी बेहतर होता कि वे एक बार रावण की उस 'रक्ष संस्कृति' का अध्ययन कर लेते, जिसकी वजह से आज भी आसुरी प्रवृत्ति के लोगों को 'राक्षस' समझा जाता है, जबकि दक्षिण की मान्यता है कि आर्य संस्कृति के विरोध में रावण द्वारा प्रवर्तित की गई रक्ष संस्कृति को मानने वाले राक्षस कहे जाते हैं। उदयनिधि भेद को समझकर यदि सनातन का मुद्दा उठाते तो भाजपा इस चुनाव में राम मंदिर और सनातन को अलग करके लाभ नहीं ले पाती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जमीनी हालात
आर.के. सिन्हा




# पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की “सेवन सिस्टर्स” या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं, तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। अब नजरें इस चुनाव पर हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अशांत मन में अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
**दर्शन**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है।

लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
**प्रेरणा**

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनीष देवांगन**, दुर्ग

## ट्रेंड

### हैरान करने वाला



कांग्रेस के गठबंधन वाली बिहार की आरजेडी के नेता कहते है, अगर हमारी सरकार बनी तो हम मोदी जी को जेल में डालेंगे। जिनके अपने नेता खुद जेल में गए हों, वो मोदी जी को जेल में डालने की बात करते हैं। उनका कथन हैरान करने वाला है।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इनाम स्वरूप



भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें इनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे हैं।
-लालू यादव, राजद नेता

### ऐसा करके दिखाएंगे



दिल्ली के उपराज्यपाल साहब और भाजपा के नेता कह रहे थे, जेल से दिल्ली की सरकार तो नहीं चलेगी। हमने साफ कहा कि सरकार तो जेल से ही चलेगी, तुमको पीछे हटना पड़ेगा, हम लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम ऐसा करके पूरे देश को दिखाएंगे।
-संजय सिंह, आप नेता

### निराशाजनक




आईपीएल की शीर्ष फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस को घरेलू मैदान पर अपमानित होते देखना निराशाजनक है। हार्दिक पंड्या कप्तानी और प्रदर्शन में संतुलन बिठाने में अभिभूत नजर आ रहे हैं।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# डेलावेयर में बैसाखी के मौके पर किया गया भांगड़ा

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के गृह राज्य डेलावेयर के सात जनप्रतिनिधियों के एक समूह ने बैसाखी पर्व के मौके पर सिख समुदाय के साथ जुड़कर भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। सभी जनप्रतिनिधि परंपरागत पंजाबी पोशाक पहनकर आये थे। इस समूह में डेलावेयर सीनेट में बहुमत दल के नेता ब्रायन टाउनसेंड, सीनेट बहुमत दल की सचेतक एलिजाबेथ लॉकमैन, सीनेटर स्टेफनी हांसेन, सीनेटर लॉरा स्टुरगियोन और राज्य प्रतिनिध पॉल बॉमबैश, शैरी डोर्सी वॉकर और सॉफी फिलिप्स शामिल थीं। एक जनप्रतिनिधि के सहयोगी भी इस प्रस्तुति में समूह का हिस्सा बने।



टाउनसेंड ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समूह ने भांगड़ा प्रशिक्षक भारतीय अमेरिकी विश्वास सिंह सोढ़ी से दो महीने करीब 30 घंटों तक नृत्य सीखा था। उन्होंने कहा, ‘हमने करीब दो महीने में 30 घंटे तक अभ्यास किया था। हम आठ लोग थे। हमने साथ मिलकर जितना हो सकता था अभ्यास किया और हमारे पास विश्वास सिंह जैसे एक बेहद शानदार कोच थे।’ जनप्रतिनिधियों द्वारा पहनी गयी पोशाक भारत में सिली गयी थी और वहीं से मंगवाई गयी थी। टाउनसेंड ने प्रस्तुति के बाद बताया, ‘हमें इस बात की खुशी है कि (भांगड़ा करते वक्त) हममें से कोई भी नहीं गिरा।

## ऑफ बीट

# समुद्र में दुष्ट लहरें होती हैं विशाल लहरें

दुष्ट लहरें समुद्र की बहुत विशाल लहरें होती हैं – अपने आसपास की लहरों से दोगुनी ऊंची – जो कहीं से भी प्रकट होती हैं। दस मंजिला इमारतों जितने



ऊँचे पानी के अकल्पनीय पहाड़ों की कहानियाँ सदियों से समुद्री लोककथाओं और साहित्य में व्याप्त हैं। हाल की तकनीक ने वैज्ञानिकों को समुद्र में लहरों का पता लगाने में सहायता दी है, जिससे किंवदंती वास्तविकता बन गई है। पहला और सबसे प्रसिद्ध माप ड्रापनर लहर का था, जो 1 जनवरी 1995 को उत्तरी सागर में 25.6 मीटर का राक्षस दर्ज किया गया था। अवलोकनों के बावजूद, हम अभी भी नहीं जानते कि दुष्ट लहरें कितनी बार उठती हैं, या क्या हम उनकी भविष्यवाणी कर सकते हैं। दुष्ट लहर के रिकॉर्ड में ऐसी कोई खास विशेषताएं शामिल नहीं होती हैं, जो इसे इसके चारों ओर के समुद्र को अलग करती हैं, इसलिए हम तुलना नहीं कर सकते हैं या इसके बनने के लिए जरूरी आवश्यक स्थितियों की भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। हमारी टीम दक्षिणी महासागर में दुष्ट लहरों का पीछा करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी आइसब्रेकर एस.ए. अगुलहास-I पर रवाना हुई, जहां शक्तिशाली हवाएं पृथ्वी की सबसे भयंकर लहरों को आकार देती हैं। दुष्ट लहरें क्या पैदा करती हैं?

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ईरान-इजराइल की लड़ाई में दुनिया दो धड़ों में बंटी

# ईरानी हमले का जवाब देगा इजराइल, ब्रिटेन का भी मिला साथ, रूस ने कहा... हम ईरान के साथ, भारत की हिंसा से दूर रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ यरुशलेम

ईरान और इजराइल की लड़ाई ने दुनिया को एक बार फिर दो धड़ों में बांट दिया है। ईरान के हमले के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस डटकर इजराइल के पाले में खड़े हो गए। वहीं, रूस ने कहा है कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह ईरान का साथ देगा। ईरान के हमले के बाद इजराइल में रविवार को इजराइली वॉर कैबिनेट की मीटिंग हुई और इसमें इस बात पर सहमति बन गई है कि इजराइल काउंटर अटैक करेगा। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। इजराइल, ईरान पर कब हमला करेगा, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। वहीं, इजराइल का साथ देने के लिए इजराइल के विदेश मंत्री कात्ज ने ब्रिटिश विदेश सचिव और फ्रांस के विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया है।



### ब्रिटेन ने इजराइल का किया समर्थन




ब्रिटेन ने इजराइल का खुलकर समर्थन किया है। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन, इजराइल और अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा। युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है। यूके सरकार तनाव दूर करने के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है।

### काउंटर अटैक में इजराइल का साथ नहीं देगा अमेरिका



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जी-7 नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल की। उन्होंने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और इजराइल के पीएम नेतन्याहू के टेलीफोन पर बातचीत की। बाइडेन ने इजराइल को कहा है कि अगर इजराइल ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई की तो अमेरिका इसमें उनका साथ नहीं देगा।

### हम खुलकर ईरान को समर्थन देंगे: रूस



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह ईरान और इजराइल मामले में दखल नहीं दें। पुतिन ने कहा कि अगर ईरान पर इजराइल के काउंटर अटैक में अमेरिका शामिल होता है तो या किसी तरह से मदद करता है तो हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। हम खुलकर ईरान के समर्थन में खड़े हो जाएंगे।

### हिंसा से दूर रहें, कूटनीति के रास्ते वापस आएं: भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को इजराइली समकक्ष कात्ज और ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लानह्यान के साथ फोन पर बात की। जयशंकर ने कहा



कि मैंने घटनाक्रम पर अपनी चिंता शेयर की। व्यापक क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, तत्काल तनाव कम करने की अपील की। हम इजराइल और ईरान के बीच शत्रुता से ज्यादा चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। मंत्रालय ने सभी से हिंसा से दूर रहने और कूटनीति की अपील की है।

**भारत ने हर देश से बनाए रिश्ते**

भारत ने मिडिल ईस्ट के अब प्रमुख क्षेत्रीय अभिनेताओं - मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात - के साथ अपने जुड़ाव को संतुलित कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर के पीएम 15 मई को देंगे इस्तीफा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने सोमवार को



ऐलान किया कि वह आर्थिक रूप से समृद्ध देश की सरकार का नेतृत्व करने के लगभग 20 वर्षों के बाद 15 मई को पद छोड़ देंगे। उनकी जगह उप प्रधानमंत्री (डिप्टी) लॉरेंस वोंग लेंगे। 72 वर्षीय ली ने फेसबुक पोस्ट में इस बात की जानकारी भी दी है।

### कांगो में भूस्खलन से 15 लोगों की मौत



**किंशासा।** दक्षिण पश्चिम कांगो में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और करीब 60 लोग लापता हो गए। इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित पाए गए। ढेधे मुपासा ने यह जानकारी दी।

### तंजानिया में बाढ़ के कारण 58 लोगों की मौत



**नैरोबी।** तंजानिया में बाढ़ के कारण पिछले दो सप्ताह में कम से कम 58 लोगों की मौत हो गई। इस पूर्वी अफ्रीकी देश में जबरदस्त बारिश जारी है। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि तटीय इलाकों में बारिश से सबसे अधिक कहर ढाया और करीब 126,831 लोग प्रभावित हुए हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन में 18 लोगों की मौत



**तारा तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन के बाद खोज एवं बचाव दल ने 18 लोगों के शव मलबे से निकाल लिये हैं जबकि दो लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर को मकाले गांव में करीब 14 शवों को (मलबे से) बाहर निकाला।

### 30 लाख रुपए की हेरोइन जब्त



**आइजोल।** मिजोरम के चंपई जिले में 30.10 लाख रुपए की हेरोइन जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स के बयान के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राज्य पुलिस के सहयोग से रविवार को भारत-म्यांमा सीमा के निकट जोटे गांव में एक अभियान चलाया।

भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की विदेशों में बढ़ी मांग

# ‘तेजस’ और ‘प्रचंड’ पर आया फिलीपींस का दिल, अन्य देशों ने भी दिखाई रुचि



*भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉर्मेंस के चलते विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। निर्माता कंपनी एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं।*

*तेजस की खरीद को लेकर अर्जेंटीना और मिस्त्र से चल रही बातचीत*

*भारतीय वायुसेना तेजस और प्रचंड का कर रही है उपयोग*

*97 एलसीए की खरीद के लिए एचएएल को दिया ऑर्डर*

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

भारत में निर्मित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) ‘तेजस’ और हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) ‘प्रचंड’ की लोकप्रियता पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है।

इसे बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि ‘तेजस’ अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉर्मेंस होने की वजह से विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं। एचएएल ने हाल ही में गुयाना को डॉर्नियर-228 एयरक्राफ्ट भी डिलीवर किए हैं।

पीएम मोदी ने तेजस में भरी थी उड़ान



### प्रचंड को लेकर फिलीपींस उत्सुक

एचएएल चीफ को उम्मीद है कि एलसीए तेजस के साथ ही एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर प्रचंड की भी मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टरों की डिमांड को लेकर हमें देर-सबेर सफलता मिलेगी। इस हेलीकॉप्टर का आर्म्ड वर्जन एमके4 वेरिएंट भी उपलब्ध है। 2023 में, फिलीपींस तट रक्षक बल ने एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर एमके2 और भारत में निर्मित युद्धपोतों को लेकर गहरी रुचि दिखाई थी। पिछले साल फिलिपिनो तटरक्षक बल के प्रमुख ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, गोवा में एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर एमके3 की उड़ान का एक डेमो भी लिया था।

### तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर

एचएएल के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर सीबी अनंतकृष्णन ने उम्मीद जताई है कि एलसीए तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर मिलने की अधिक उम्मीद है। उन्होंने कहा जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजस में उड़ान भरी है, उसके बाद से दुनियाभर के देशों का ध्यान तेजस ने खींचा है, जिससे इसके निर्यात में और बढ़ोतरी मिलने की उम्मीद है। एक साक्षात्कार में सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि पांच-छह देशों ने रुचि दिखाई है। अर्जेंटीना के साथ इस पर अभी भी बातचीत चल रही है। फिलीपींस के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। मिस्र के साथ भी हम चर्चा कर रहे हैं और नाइजीरिया के साथ बातचीत सकारात्मक है।

### नाइजीरिया के साथ बातचीत अंतिम दौर में

*फिलीपींस के अलावा नाइजीरिया ने भी तेजस और प्रचंड के अलावा लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ‘ध्रुव’ में रुचि दिखाई है। 2023 में, नाइजीरिया ने भारत के साथ एक बिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा सौदों को मंजूरी दी। नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने एयरक्राफ्ट का डेमो देखा था, लेकिन अभी भी उन्हें उड़ाना बाकी है। इनकी खरीद के लिए बातचीत प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है। एचएएल ने छह नाइजीरियाई सेना के विमान पायलटों को पहले चेतक हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षित किया है। प्रशिक्षण का पहला चरण दिसंबर 2021 और दूसरा चरण दिसंबर 2022 में पूरा हो चुका है।*

### हर साल बनेंगे 24 तेजस एमके1ए एयरक्राफ्ट

एचएएल को भारतीय वायु सेना से 83 एलसीए एमके1ए के ऑर्डर मिले हैं। रक्षा मंत्रालय 97 अतिरिक्त एलसीए की खरीद के लिए पहले ही एचएएल को टेंडर जारी कर चुका है। जिन्हें अगले तीन से चार सालों में डिलीवर किया जाएगा। एचएएल ने इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, जिसके बाद सालाना उत्पादन क्षमता 8 एयरक्राफ्ट से 16 एयरक्राफ्ट हो जाएगी।

सिडनी के चर्च में भी चाकूबाजी

# अज्ञात शख्स ने पादरी पर किया हमला, 4 घायल



एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सोमवार को एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना में 4 लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स पादरी को चाकू मारता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना सिडनी के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई। यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई।

एक युवक ने चर्च के पादरी बिशप ‘मार मारी इमैनुएल’ पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद पूरे चर्च में भगदड़ मच गई। यह घटना लाइव स्ट्रीम में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल हुए लोगों की उम्र 20 से 70 साल के बीच हैं।

### सिर और शरीर पर चाकू से वार

सोशल मीडिया पर एक वीडियो में दिखाया गया है कि काला कपड़ा पहनकर एक व्यक्ति उपनगरीय वेकली में ‘क्राइस्ट द गुड शेफर्ड’ के बिशप के पास पहुंचता है और उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर कई बार चाकू से वार करता है। वीडियो में एकत्र श्रद्धालु (मंडली के सदस्य) चीखते हुए बिशप की सहायता के लिए दौड़ते नजर आ रहे हैं। चर्च की वेबसाइट ने बिशप की पहचान मार मारी इमैनुएल के रूप में की है।

एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस सेवा ने कहा कि उसने कई चोट से घायल 50 साल से अधिक उम्र के एक व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि तीन अन्य घायलों को एक या इससे अधिक चोटें लगी थीं लेकिन उनका इलाज घटनास्थल पर ही कर दिया गया।

### ‘एलजीबीटीक्यू प्लस’ समुदाय के बारे में की थी टिप्पणी

पुलिस ने कहा है कि पुलिस बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रही है और जनता से इस क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया गया है। बिशप पिछले साल सुर्खियों में थे। ‘एलजीबीटीक्यू प्लस’ समुदाय को लक्षित करने वाले एक अभियान के बारे में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन द्वारा मई 2023 में एक वीडियो पोस्ट किया गया था। इस वीडियो में बिशप को एक उपदेश में यह कहते हुए दिखाया गया है कि जब कोई पुरुष खुद को महिला कहता है, तो वह न तो पुरुष है और न ही महिला, आप इंसान नहीं हैं, तो फिर आप कुछ और हैं। चूंकि आप अब कुछ और हैं, मैं आपको एक इंसान के रूप में संबोधित नहीं करूंगा क्योंकि यह मेरी पसंद नहीं है, यह आपकी पसंद है।

यूक्रेन के शीर्ष कमांडर का दावा

# बखमुत के पास के शहरों पर कब्जा करना चाहता है रूस

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है।

इस बीच, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ने रविवार को दावा किया कि रूसी बलों ने नौ मई तक चासिव यार शहर पर कब्जा करने का लक्ष्य रखा है। रूसी हमलों को देखते हुए यह शहर अखाड़े के लिए तैयार हो गया है। बता दें, पूर्वी हिस्सों पर कब्जा करने के लिए यह शहर महत्वपूर्ण है।



### चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश

इस सप्ताह के अंत में कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की ने चेतावनी दी थी कि पूर्व में स्थिति काफी खराब हो गई है। अब उन्होंने फिर एक बार कहा कि रूस क्रामटोरस्क शहर की ओर बढ़ने से पहले चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश करेगा।

सलमान के आवास पर फायरिंग मामला

# क्राइम ब्रांच ने शुरू की जांच घटनास्थल का जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है।

इसी बीच सलमान खान के पिता सलीम खान ने कहा है कि डरने की कोई बात नहीं है, यह घटना पब्लिसिटी के लिए रची गई है। इसमें बताने को कुछ नहीं है।



### बिश्नोई ने घटना की जिम्मेदारी ली

गोलीबारी के कुछ घंटों बाद अनमोल बिश्नोई ने ऑनलाइन पोस्ट में घटना की जिम्मेदारी ली और बॉलीवुड अभिनेता को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यह एक ‘ट्रेलर’ था। आरोपियों में से एक की पहचान विशाल उर्फ कालू के रूप में हुई है।

## भारत ने निभाया ‘पड़ोसी धर्म’



**काठमांडू।** भारत ने रविवार को नेपाल के विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस व 66 स्कूल बसें भेंट कीं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल सरकार के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की मौजूदगी में अधिकारियों को एंबुलेंस व स्कूल बसों की चाभियां अधिकारियों को सौंपी। कुल 101 वाहनों में से दो एंबुलेंस भूकंप प्रभावित जजारकोट व पश्चिम रुकुम जिलों को सौंपी गईं।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ‘सिंगापुर समुद्री सप्ताह’ में भाग लिया

# समुद्री जहाज ईंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की तरफ बढ़ रही है दुनिया

**दुनिया भर से 10 हजार लोगों ने भाग लिया**

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारत ने नई प्रौद्योगिकियों और जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए वैश्विक पोत परिवहन उद्योग के साथ भागीदारी का आह्वान किया है।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सिंगापुर के दौरे पर आए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग रखी है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ‘सिंगापुर समुद्री सप्ताह’ में भाग लेने के लिए यहां आया है। इस सम्मेलन में दुनियाभर से 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं।

**खास बातें**

- भारत हाइड्रोजन उत्पादन में आगे बढ़ रहा
- पारंपरिक ईंधन अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं



### मेथनॉल और अमोनिया अच्छा विकल्प

बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव भूषण कुमार ने कहा कि हम सभी नई प्रौद्योगिकियों के लिए सहयोग तलाशने और जहाजरानी उद्योग के हितधारकों के साथ जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए यहां हैं। मेथनॉल और अमोनिया को पारंपरिक समुद्री ईंधन का स्वच्छ विकल्प माना जाता है।

### हरित ईंधन पर करना होगा काम

भूषण कुमार ने कहा कि हमें हरित ईंधन पर काम जारी रखना होगा। भले ही इस स्तर पर यह व्यावसायिक रूप से बहुत आकर्षक न हो लेकिन इसे वाणिज्यिक रूप से बेहतर बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन उत्पादन की दिशा में भारत के प्रयासों से उद्योग को ऊर्जा बदलाव में भी मदद मिलेगी।

भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

# भविष्य की सैन्य बातचीत की नींव को मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘डस्टलिक’ का 5वां संस्करण सोमवार) से उज्बेकिस्तान के टर्मेज जिले में शुरू हो गया है। यह अभियान 28 अप्रैल 2024 तक चलेगा। भारतीय सशस्त्र बलों और उज्बेकिस्तान गणराज्य के सशस्त्र बलों के भाग लेने वाले दल सहयोग और भविष्य की सैन्य बातचीत की नींव को मजबूत करने के लिए एक साथ प्रशिक्षण लेंगे। इस अभियान का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच परिचालन प्रभावशीलता और समन्वय को बढ़ावा देना है।



### सेना प्रमुख पांडे पहुंचे उज्बेकिस्तान

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे चार दिवसीय यात्रा पर उज्बेकिस्तान पहुंचे। वे उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव, प्रथम उप रक्षामंत्री और सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुक्रत गैरतजानोविच और वायुसेना प्रमुख मेजर जनरल बुरखानोव अहमद जमालोविच के साथ बातचीत करेंगे।



# गुरु आदित्य योग में मनाई जायेगी रामनवमी, 12 वर्ष बाद बना ऐसा योग

जबलपुर

बुधवार को देश भर में रामनवमी का त्यौहार मनाया जाएगा। पंचांग की गणना के अनुसार 17 अप्रैल को रामनवमी का पर्व अश्लेषा नक्षत्र, शूल योग व कोलव करण की उपस्थिति में कर्क राशि के चंद्रमा के साथ आ रहा है। वहीं गुरु आदित्य योग 12 वर्ष में बन रहा है।

पं. शिवशंकर तिवारी ने बताया कि इस बार ग्रह गोचर की गणना से देखे तो गुरु आदित्य के संयोग में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर रामनवमी का पर्व है। सूर्य व गुरु का एक साथ बैठना गुरु आदित्य योग की गणना में आता है। इस बार गुरु, सूर्य, मेष राशि में एक साथ है। सूर्य, मेष राशि में उच्च के माने जाते हैं और गुरु समकारक मित्र है। इस दृष्टि से यह युति मेष राशि के सूर्य, गुरु के क्रम में रहेगी। यह संज्ञा गुरु आदित्य योग के नाम से जानी जाती है। इस योग में किया गया धार्मिक कार्य चिरकाल तक समृद्धि का कारण बनता है।

### 12 वर्ष में एक बार बनता है संयोग

पं. तिवारी के अनुसार गुरु ग्रह के परिभ्रमण की स्थिति राशि वार अलग-अलग प्रकार से होती है। कुछ ग्रह 30 से 40 दिन में राशि का परिवर्तन करते है। बृहस्पति 1 वर्ष, शनि ढाई वर्ष में राशि परिवर्तन करते हैं। ग्रह गोचर की गणना से देखे तो रामनवमी पर बृहस्पति मेष राशि में गोचरस्थ रहेंगे और सूर्य का भी मेष राशि में युति संबंध रहेगा। बृहस्पति व सूर्य मेष राशि पर 12 वर्ष बाद आ रहे हैं। इस दृष्टि से यह गुरु आदित्य योग 12 वर्ष में बन रहा है। यह एक विशेष प्रकार की धार्मिक और आध्यात्मिक स्थिति है। सूर्य और गुरु दोनों धर्म के कारक ग्रह है। धर्म के प्रचार प्रसार की स्थिति बनेगी। आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से लोग परम शक्ति को समझने का प्रयास करेंगे।

## कन्याभोज और कन्या पूजन का सिलसिला शुरु

# वासंतेय नवरात्र की महाष्टमी पर देवालयों में अनुष्ठान आज

**जबलपुर। वासंतेय नवरात्र पर शहर में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। चारों ओर मातारानी के जयकारे गूंज रहे हैं। जगराते के आयोजन चल रहे हैं, महासप्तमी से कन्यापूजन और कन्या भोज के आयोजन भी प्रारंभ हो गये हैं। आज महाअष्टमी पर घर घर में अष्टमी पूजन होगा। देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना और उपासना होगी। इसके साथ ही कल रामनवमीं पर्व जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर शहर में श्री राम की एक शोभायात्रा भी निकाली जायेगी।**



वासंतेय नवरात्र पर्व पर नगर के देवी देवालयों और मठमंदिरों में श्रध्दा और आस्था का संगम देखने को मिल रहा है। तड़के 4 बजे से ही महिलायें माता रानी के पैर पखारने हाथ में जल कलश लिये मंदिरों की ओर निकल पड़ती हैं। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता है त्यों त्यों ही मंदिरों में भीड़ बढ़ जाती है। प्रात कालीन पूजा अर्चना के बाद शाम के वक्त पुन अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ होता है। और देर रात तक मंदिरों में चहल पहल बनी रहती है। शक्ति की उपासना पूरी भक्ति के साथ की जा रही है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब देवी मंदिरों में उमड़ रहा है। नगर के प्रसिद्ध देवी मंदिर देवालय, आकर्षक रंग बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे हैं। मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल बना हुआ है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। कल सप्तमी पर मां देवी के सांतवे स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। आज मॉ भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना और पूजा अर्चना की जायेगी।

बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, छोटी देवन राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, त्रिपुर सुन्दरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी मंदिर सिद्धपीठ मढ़ाताल, मॉ शारदा देवी मंदिर बरेला, काली मंदिर सदर, शीतलामाई मंदिर घमापुर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मढ़ाताल सिविक सेंटर स्थित श्री शंकराचार्य मठ में स्थापित बगला मुखी के मंदिर की यज्ञ शाला में प्रज्वलित की गई अखण्ड मनोकामना ज्योति बस देखते ही बनती है। यहां नित्य प्रति महा आरती अर्चन के अनुष्ठान हो रहे हैं।



# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की से गूंज उठा पंडाल

**श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कृष्ण जन्मोत्सव में जमकर झूमे भक्त**

**जबलपुर।** राम जानकी कॉलोनी शास्त्री नगर बाजनामठ में चार दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में रविवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वृंदावनधाम से पधारे कथाव्यास आचार्य जयराम महाराज ने अपने मुखार बिंद से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की..., के उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के स्वागत में पुष्प वर्षा की। उन्होंने कहा कि जिसका मन मक्खन की तरह होता है उसका मन कन्हैया चुरा लेता है। इसलिए ठाकुर जी की भक्ति में ही जीवन का हर क्षण लगाना चाहिए। कथा के यजमान विद्या रामदास तिवारी एवं प्रेमवती तिवारी सपरिवार ने ठाकुर जी का आरती एवं पूजन-अर्चन किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस के कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया।



# बाबा साहेब अंबेडकर को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर महाकौशल क्रीड़ा परिषद एवं अरुण टारगेट स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में तहसील चौक स्थित अंबेडकर परिसर में बाबा साहेब अंबेडकर की 133वीं जयंती का आयोजन अत्यंत गरिमा पूर्ण कार्यक्रम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों के द्वारा बाबा साहेब के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष भगवान गौतम बुद्ध के सूत्र वाक्य "आपः दीप भवः" को दोहराते हुए प्रतीकात्मक रूप से मोमबत्ती जलाकर बाबा साहेब का स्मरण किया गया। इस अवसर पर महाकौशल कीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्र, क्लब की संचालिका श्रीमती यादव, विवेचना के प्रमुख हिमांशु राय उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## रामराज्य की परिकल्पना से आदर्श देश बनायेंगे

# इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी का लोक सभा चुनाव 2024 घोषणा पत्र जारी

जबलपुर।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने 15 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया। देश में राम राज्य की स्थापना पर आधारित पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के अवसर पर इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि भगवान श्री राम का जब कलयुग में अवतरण हो गया है तो कलयुग को समाप्त कर अब राम राज्य की तर्ज पर एक आदर्श राज्य की स्थापना का समय भी आ गया है, एक ऐसा राज्य जिसमें कोई बेरोजगार ना हो, सबके साथ में न्याय हो, नारी का सम्मान हो, हम जो भी वायदा करें सच का करें यही हमारी इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की राम राज्य की परिकल्पना है। आईपीएपी के प्रमुख घोषणा पत्र और राम राज्य के वचन पत्र में इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी सम्पूर्ण भारत में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करते करते हुए, नये भारत भारतान निर्माण की ओर अग्रसर है। भारत के संविधान में कुछ ऐसे बदलाव किये जायेगें जिससे देश के राष्ट्रपति पद पर एक व्यक्ति केवल एक बार ही पदस्थ हो सके। प्रधानमंत्री पद पर एक व्यक्ति केवल दो बार ही पदस्थ हो सकता है। घोषणा पत्र जारी करते समय इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के मध्य प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पन्नालाल त्रिपाठी, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट राजकुमार बख्शी, राम नरेश तिवारी व प्रियांशु त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



# निष्पक्ष, पारदर्शी प्रक्रिया में हो मतदान

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर 19 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान निष्पक्ष व पूर्णतः पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाते हुये शांति पूर्वक व भयमुक्त वातावरण में निर्विध्न सम्पन्न कराया जाना है! इसके लिए अभी से तैयार रहे! गुण्डे बदमाशों के विरूद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुये प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये फायनल बाउंड ओवर, बंध पत्र का उल्लंघन करने पर प्राथमिकता के आधार पर 122 जा.फौ. के तहत कार्यवाही करें! उक्त निर्देश सोमवार को पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह ने थाना सिहोरा, खितौला एवं मझगवॉ का औचक निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को दिए! निरीक्षण के दौरान एसडीओपी सिहोरा सुश्री पारूल शर्मा, टीआई सिहोरा विपिन बिहारी सिंह, टीआई खितौला संगीता सिंह , टीआई मझगवॉ लोकमन अहिरवार उपस्थिति रहे!

### कमजोर वर्गो के प्रति रहे संवेदनशील

कप्तान सिंह ने अधीनस्थों से कहा कि महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं , इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये।

### सूचना मिलते ही पहुंचें तत्काल

कप्तान सिंह ने निर्देशित देते हुए कहा कि थाने के शासकीय वाहन में बलवा ड्रिल सामाग्री, टियर गैस, टार्च, वीडियो कैमरा, आवश्यक रूप से रखे, वाहन का पीए सिस्टम एवं सायरन चालू हालत मे हो यह सुनिश्चित करें। छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें, हमारी कार्यवाही निश्पक्ष होना चाहिये हमारा प्रमुख उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है इसमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वितरित किया भंडारा



**जबलपुर।** भारत देश संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविदास समाज जबलपुर के द्वारा विशाल 11 क्विंटल का भंडारा प्रसाद सभी माता बहनों समाज सेवियों को वितरण किया गया। बाबा साहेब अंबेडकर के मार्गदर्शन में सभी ने एक राय होकर चलने का संकल्प लिया। तहसील चौक हाई कोर्ट पर रविदास समाज जबलपुर के लोगों ने सभी से एक दूसरे से गले मिलकर जयंती की शुभकामनाएं बधाई दी तथा भारत देश के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजेंद्र चौधरी, महेश चौधरी, बालकिशन चौधरी, सूरज चौधरी, अशोक चौधरी, मनोज मास, बी विवेक सतनामी, विनोद चौधरी, मुन्ना भैया, राहुल चौधरी, नीरज चौधरी, कार्तिक चौधरी, अंकुर चौधरी, बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे।

# लोकतंत्र के महायज्ञ में राष्ट्रहित हेतु करें सौ प्रतिशत मतदान

जबलपुर।

गौरीघाट, परशुराम धाम, नर्मदा तट, जबलपुर में श्री परशुराम जी की महाआरती पुजारी पंडित राजकुमार दुबे द्वारा संपन्न हुई जिसमें ब्राम्हण संघ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में लोकतंत्र के महायज्ञ में हर मतदाता के मतदान की आहुति आवश्यक है का संदेश अवगत कराया। अतः लोकतंत्र एवं राष्ट्र की उन्नति हेतु हमें सौ प्रतिशत मतदान का संकल्प लेना चाहिए। देश हित और सही विकास के लिए अपने सही प्रत्याशी को मतदान का जरूर उपयोग करें। उक्त उदगार श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, (नियुक्ति समिति) डॉ.अरुण मिश्रा ने निर्वाचन जागरूकता अभियान के तहत अपने सभी साथी पदाधिकारियों के सहयोग से आरती पश्चात आयोजित कार्यक्रम में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया और संकल्प लिया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर नगर वरिष्ठ पंडित यदुवंश मिश्रा, विकास शुक्ला,अरुण तिवारी, कुलदीप शुक्ला, संदीप पाण्डेय, योगेन्द्र मालवीय, संजय शुक्ला, केके दुबे,प्रमोद तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति संध्या मिश्रा, मिथलेश तिवारी, वनिता मालवीय, रागनी तिवारी, सुनीता तिवारी, सुनीता दुबे, मीनाक्षी शुक्ला व वरिष्ठजन उपस्थित थे।



# श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज को व्हालीबॉल में मिला प्रथम स्थान

## महिला एवं पुरूष वर्ग में मिली सफलता



**जबलपुर।** बिट्स प्लानी गोवा में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता स्त्री 2024 में श्री राम इजीनियरिंग कालेज जबलपुर की टीम को महिला वालीवाल प्रतियोगिता में विजेता का खिताब प्राप्त हुआ है। कप्तान काजल कुश्वाहा की अगुवाई में श्री राम इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर की टीम ने प्रतियोगिता में एआरएसडी दिल्ली कालेज, महिन्द्रा पुणे कालेज को हरा सेमी फायनल में प्रवेश किया सेमी फायनल में श्री राम इंस्टीअयूट आफ टेक्नालोजी का मुकाबला बिटस गोवा कालेज से हुआ जिसमें श्री राम इंस्टीअयूट आफ टेक्नालोजी ने बिटस गोवा कालेज कालेज को सीधे सेटो में 25-3, 25-5 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। फायनल मे श्री राम इंस्टीअयूट आफ टेक्नालोजी का मुकाबला माता कालेज दिल्ली से हुआ इस मुकाबले में श्री राम इंस्टीअयूट आफ टेक्नालोजी ने २५-१०, २५-१५ एव २५-१० से जीत दर्ज कर खिताब पर अपना कब्जा किया वही पुरूष वर्ग मे कुल ७ टीमो ने भाग लिया जिसमें श्री राम इंस्टीयूट आफ टेक्नालोजी की टीम उप विजेता बनी साथ ही कब्बडी के पुरूष वर्ग मे भी श्री राम कालेज उप विजेता रही। छात्रों ने अपना अभ्यास श्रीराम इंजिनियरिंग कालेज के खेल प्राध्यापक हरविदंर सिह, भानु सुर्यवशी के निर्देशन में किया छात्रो की इस स्वर्णिम सफलता पर कोच हरविंदर सिंह, प्राचार्य डा. एल के पटैल, डायरेक्टर वाय एम दुबे, प्राचार्य डा शेलेश गुप्ता एंव श्रीराम इंजिनियरिंग कालेज के संचालक आर के करसौलिया ने छात्रो को बधाई दी।

# शीतला माता मंदिर में भगवान बालाजी, भोलेनाथ, गणेश भगवान की हुई प्राण प्रतिष्ठा

जबलपुर।

चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष के अवसर पर बड़ा फवारा शंकर घी भंडार बड़ी माता महाकाली के सामने शीतला माई माता मंदिर में भगवान श्री बालाजी महाराज भगवान भोलेनाथ एवं श्री गणेश भगवान जी की प्रतिमा स्थापित की गई। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कन्या पूजन कन्या भोज एवं 11 सुंदरकांड पाठ का आयोजन 10 तारीख से 15 तारीख तक किया गया। इस कड़ी में दिनांक 16 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा एवं 5 दिनों तक चले सुंदरकांड पाठ का पूर्ण आहुति के साथ समापन होगा। पंडित आचार्य नरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि यह मंदिर प्राचीन काल का है और 200 वर्ष से भी पुराना है जहां बड़ी संख्या में जयपुर संस्कारधानी के लोग आते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सात वैदिक आचार्य के द्वारा 5 दिनों तक वैदिक मेंट्रो कर के साथ दिन में 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक 11 सुंदरकांड पाठ का वाचन प्रतिदिन किया गया। आज 16 अप्रैल को भंडारा एवं पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा जिसमें उपस्थित की अपील पंडित आचार्य नरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी से की है।



**CHANGE OF NAME AND DOB**

I, ARMY NO. 15699526W RANK HAV NAME SANDEEP KUMAR S/O LATE RATAN LAL UNIT 2TTR, 1STC, JABALPUR (MP) R/O 360 B, ANAND VIHAR, NAUBASTA KANPUR, PIN-208021 I have change name and date of birth of my daughter from name **YOGITA RAWAT** and date of brith **08/10/2010** name and date of brith as per my army service record) to name **APRA RAWAT** and date of brith **08/04/2009** (name date of brith as per my daughter, AADHAR CARD vide affidavit dated 13/04/2024 (date of affidavit) formerly before public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court)

**CORRECT NAME-APRA RAWAT**
**INCORRECT NAME-YOGITA RAWAT**
**CORRECT DOB-08/04/2009**
**INCORRECT DOB-08/10/2010**

**नाम सुधार सूचना**

मैं अंजली उम्र 40 वर्ष पति Army no JC-733771 F RANK- सूबेदार, नाम- भांगे राजेंद्र महादेव हैं/ मेरा स्थाई पताः Village Post- शिंदेवाड़ी तहसील- माढ़ा जिला - सोलपूर, State- महाराष्ट्र, Pin Code-413209 है। मेरे पति भांगे राजेंद्र महादेव COD जबलपुर मे सर्विस कर रहे हैं / पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम अंजली है और जन्म तिथि 23 March 1983 (तेईस मार्च उन्नीस सौ तिरासी है) जो कि मेरा अधूरा नाम है और गलत जन्म तिथि है, जिसमे मेरे पति का नाम और सरनेम दर्ज नहीं है जबकि मेरे आधार कार्ड में और बैंक अकाउंट में मेरा पूरा व सही नाम अंजली राजेंद्र भांगे है और सही जन्म तिथि 23 March 1984 (तेईस मार्च उन्नीस सौ चौरासी है) जो कि सत्य और सही है। अंजली और अंजली राजेंद्र भांगे यह दोनो ही नाम मेरे ही है।

सही नाम : अंजली राजेंद्र भांगे
सही जन्म तिथि : 23 March 1984
गलत नाम : अंजली
गलत जन्म तिथि : 23 March 1983

भाजपा की ज्वॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नरोत्तम मिश्रा से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# विपक्षी दल सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रहे ये तो खिचड़ी और मिक्स वेज बनाने को लड़ रहे हैं

### ये भी बोले मिश्रा?

- पीएम मोदी का इस कदर जनाकर्षण है कि अब कोई कांग्रेस में नहीं रहना चाहता
- कांग्रेस से आने वालों की सूची हर स्तर पर है, उसे देख सकते हैं
- हमारे यहां 64000 बूथ, इन पर हमने 2-2 कार्यकर्ता ही ज्वॉइन कराए तो वे लाखों में हो गए




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वे अपनी बेबाकी से बात करने के लिए भी जाने जाते हैं। उनकी कार्य करने की शैली अन्य नेताओं से बिल्कुल अलग है। वे दतिया से तीन बार विधायक बने। 2023 के चुनाव में वे दतिया से हार गए, इसके बाद उन्हें पार्टी ने ज्वॉइनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाकर भाजपा का कुनबा बढ़ाने की अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी सूझबूझ के चलते ही पार्टी में लगातार कांग्रेसियों का आना लगा हुआहै। उनका मानना है कि पीएम मोदी का इस कदर जनाकर्षण है कि अब कोई कांग्रेस में नहीं रहना चाहता है। पर हम उन्हीं को ले रहे हैं जिनके लिए मंडल स्तर पर संवाद करते हैं। उनका दावा है कि कांग्रेस से आने वालों की सूची हर स्तर पर है, सो देख सकते हैं। दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार ज्वॉइनिंग लिस्ट में नहीं हैं। एनसीपी के अजित पवार, कांग्रेस के अशोक चाव्हाण समेत अन्य के मामले में आंशिक ही सहमत हूं, लेकिन मप्र में एक भी ऐसा उदाहरण नहीं है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष

## उनसे सीधी बात

**सवाल:** किससे दोस्ती और किससे दुश्मनी निभा रहे हैं नरोत्तम मिश्रा?

**जवाब:** राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी कोई स्थाई होती ही नहीं। यह तो सहज कार्य है। वर्तमान समय में पीएम मोदी का आभा मंडल है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुझे ज्वॉइनिंग कमेटी की जिम्मेदारी सौंपी है। तो स्वाभाविक रूप से हम सब पीएम मोदी के मिशन में लगे हुए हैं। मेरा कोई ज्यादा रोल नहीं है। लोग पीएम मोदी के आभा मंडल से स्वयं हमारी ओर चल देते हैं। मोदी के आभामंडल में हम सब प्रकाशित हो रहे हैं। संबंध और संवाद जब निरंतर बना रहता है तो मार्ग जल्दी निकल आता है और दूर तक दिखता रहता है। मेरे पास लगभग 18 साल तक संसदीय कार्य विभाग का कार्यभार रहा है। इतने लंबे समय से लोगों से संवाद और संबंध बने हैं। इससे अपनी बात पहुंचाने में सहूलियत होती है। उन संबंधों का मुझे लाभ मिला है। इसी के चलते पार्टी ने मुझे यह जिम्मेदारी दी।

**सवाल:** आप कहते हैं कि इतने लाख कार्यकर्ता भाजपा में आए और कांग्रेस कहती है कि हमें तो उतने कार्यकर्ता काम करते कभी नहीं दिखे, ये कांग्रेस कार्यकर्ता खोजकर कहां से लाए?

**जवाब:** देखिए, जब आप विकेंद्रीकृत व्यवस्था से आप चलेंगे तो ऐसा ही होगा। हमारे यहां 64000 बूथ हैं और इन पर हमने 2-2 कार्यकर्ता ही ज्वॉइन कराए तो वे लाखों में हो गए। तो यह बूथ का कार्यक्रम था। इस बूथ कार्यक्रम में हमारे कार्यकर्ता ने बहुत ताकत के साथ काम किया। स्थानीय स्तर के नेताओं का इसमें अहम योगदान रहा है। इसका नतीजा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मंत्री, वर्तमान और पूर्व विधायक, वर्तमान और पूर्व महापौर, वर्तमान और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, वर्तमान और पूर्व जिलाध्यक्ष, वर्तमान और पूर्व जनपद अध्यक्ष, पंच, सरपंच आदि की लंबी श्रंखला है जो भाजपा से जुड़े। जब इसको जोड़ते हैं तो आंकड़ा लाखों में आसानी से पहुंच जाता है। हमने इसका रिकॉर्ड भी जनता के सामने पेश कर दिया है। अपनी वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया है। इसमें उनके नाम और नंबर हैं, कोई शंका है तो उनको फोन लगा लो।

**सवाल:** कमी किस बात की थी कि भाजपा और नरोत्तम मिश्रा को इस तरह का अभियान चलाना पड़ा?

**जवाब:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी को 370 का लक्ष्य दिया था। इसको लेकर उन्होंने कारण भी बताए कि इससे पार्टी को यह फायदा होगा। 370 से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव है, इसलिए यह मिशन तय किया गया। अब हर बूथ पर इतने कार्यकर्ता बढ़ाना है तो कार्य को नीचे स्तर तक ले ही जाना पड़ेगा। अगर इस पर खरे उतरना है तो इसके लिए ज्वॉइनिंग तो करवाना ही पड़ेगा। इसके लिए हमारे पास बहुत गुंजाइश है। अभी ये कार्यक्रम और चलता रहेगा।

**सवाल:** जिन कांग्रेसियों ने देश और प्रदेश का बेड़ा गर्क किया, उनको भाजपा में किस लिए ले रहे हो?

**जवाब :** देखिए, न तो कमलनाथ आए और न दिग्विजय सिंह आए। जो आए वह तो वैचारिक लोग थे। यह लोग भगवान राम को मानते हैं और उन्हें लगता है कि कांग्रेस भगवान राम के खिलाफ हो गई है। वो सब लोग हैं। हमने कमलनाथ और उनके बेटे को कभी न्यौता नहीं दिया। ये उन्हीं के द्वारा उत्पन्न की हुई बात है। सज्जन वर्मा समेत अन्य ने अपनी डीपी से कांग्रेसी सिंबल हटा दिया तो इनके कारण ही भ्रम फैला। इस पिक्चर में हम तो कहीं थे ही नहीं। वैसे बात यह है कि जिन्होंने भी बेड़ा गर्क किया वह कोई नहीं आएगा। इन्होंने हमारे प्रदेश का बहुत नुकसान किया है।

**सवाल:** जिनके राज में सब-कुछ हुआ, वह शिवराज कहां हैं?

**जवाब:** शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के बड़े नेता हैं और वे वर्तमान में लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और वे पार्टी के नेता भी हैं। शिवराज जब मुख्यमंत्री थे, तब भी बड़े-बड़े कांग्रेसी भाजपा में आए और अब डॉ. यादव के कार्यकाल में लोग आ रहे हैं। उनके लिए 28 विधायक टूटे थे। कुल मिलाकर अब कांग्रेस में कोई रहना चाहता ही नहीं।

**सवाल:** भाजपा की बड़ी अभिलाषा रही है 29 सीटें जीतने की, इस बार क्या होगा?

**जवाब:** पिछले बार 28 सीटें भाजपा जीती थी और इस बार 29वीं सीट भी भाजपा जीतेगी। नरेंद्र मोदी के आने के बाद हम लगातार शताब्दी की स्पीड की तरह आगे बढ़ते चले गए हैं। यह भी सच है कि मोदी के कलेवर का कांग्रेस में कोई नेता ही नहीं है। देश में कोई भी पार्टी सरकार बनाने को लड़ ही नहीं रही, सिवाए भाजपा को छोड़कर। लोकसभा में बहुमत के लिए 273 चाहिए, लेकिन कांग्रेस लड़ ही 230 पर। सपा 37 सीट। बसपा 37 सीट। लालू यादव 20 सीट पर। ममता बेनर्जी 42 सीट पर। इनमें सबसे बड़ी संख्या इनकी 42 ही है। इससे नीचे ही बाकी सब हैं। इसलिए ये सरकार बनाने को लड़ ही नहीं रहे हैं। ये खिचड़ी और मिक्सवेज बनाने को लड़ रहे हैं। ये सब परिवारवाद के पोषक हैं। जितने भी इंडिया गठबंधन के लोग हैं यह या तो सनातन विरोधी हैं या परिवारवाद के पोषक हैं।

"छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" का सातवां दिन

# भारत को विश्व गुरु की मान्यता तब मिलेगी जब देश की सेना सबल और नागरिक धनवान होंगेः स्वामी गोविन्द देव गिरि

हरिद्वार।

पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित "छत्रपति शिवाजी महाराज कथा" के सातवें दिन पूज्य स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज ने कहा कि हमारा देश पहले से ही विश्व गुरु है, इसको विश्व गुरु बनाने की आवश्यकता नहीं है लेकिन भारत को विश्व गुरु की मान्यता तब मिलेगी जब इसकी सेना सबल और नागरिक धनवान होंगे। उन्होंने कहा कि संसार का कौन सा देश हमें क्या सिखाएगा, मानवता व अध्यात्म के लिए क्या ज्ञान व मार्गदर्शन देगा, विश्वगुरु तो यही भारत देश है। आज के समय में धन से काम होते नहीं हैं, लेकिन धन के बिना बड़े-बड़े काम रुक जाते हैं। इसको आधुनिक काल के महात्मा हमारे पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज और आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने स्वयं अनुभव किया और दान मांग-मांगकर मानव सेवा व देश के सृजन के कार्य किए किंतु लोगों से कितना मांग सकते हैं, कौन कितनी सहायता कर सकता है, जब लक्ष्य बड़ा हो तो उसको पूर्ण करने के लिए उसी प्रकार के साधन आवश्यक होते हैं और साधन एकत्र करने के लिए धन की आवश्यकता होती है। तब पतंजलि ने देशसेवा के लिए उद्योग प्रारंभ किया।

कथा के दौरान उन्होंने शिवाजी महाराज के पराक्रम और वीरता को प्रणाम करते हुए कहा कि सभी लोगों को जो लगभग असम्भव सा लग रहा था, वो कार्य शिवाजी महाराज ने कर दिखाया। पुणे शहर में लाल किले के भीतर लाखों की सेनाओं से आवृत्त घेरे में शाहिस्तेखान था। 258 सैनिक को साथ ले करके शिवाजी महाराज किले में कैसे घुसे और सुरक्षित कैसे बाहर निकल गए, यह चमत्कार था। कोलाहल और अंधकार का लाभ उठाकर शाहिस्तेखान जनानखाने में घुस गया और किसी तरह अपनी जान बचा पाया किन्तु उसके हाथ की उंगलियाँ कट गई और उसका पुत्रा फाजलखान भी मारा गया। शिवाजी महाराज द्वारा किया गया यह देश का पहला सर्जिकल स्ट्राइक था जिसमें 55 मुगल मारे गए तथा 6 मराठे भी वीरगति को प्राप्त हुए। शिवाजी महाराज को स्वराज्य के विस्तार के साथ-साथ इन सभी पापियों से भी लोहा लेना था।



कार्यक्रम में पतंजलि परिवार के वरिष्ठ पद्मसेन आर्य, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल, मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी आचार्या देवप्रिया, आचार्यकुलम की उपाध्यक्षा डॉ. ऋतम्भरा, भारत स्वाभिमान के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश 'भारत' व स्वामी परमार्थदेव, आचार्यकुलम की प्रधानाचार्या आराधना कौल, पतंजलि विश्वविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. सैल के अध्यक्ष प्रो. के.एन.एस. यादव, कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव सहित सभी शिक्षण संस्थान यथा- पतंजलि गुरुकुलम, आचार्यकुलम, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्यगण व विद्यार्थीगण, पतंजलि संन्यासाश्रम के संन्यासी भाई व साध्वी बहनें तथा पतंजलि योगपीठ से संबंधित समस्त इकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का सालाना टर्नओवर 50,000 करोड़ रुपये पार, जबलपुर में स्थापित करने जा रहीं ज्वेलरी कारखाना

कोझिकोड।

दुनिया की बड़ी ज्वेलरी कंपनियों में से एक और डेलॉइट की शीर्ष लक्जरी ब्रांडों की सूची में 9वें स्थान पर रहने वाली मालाबार गोल्ड एंड डायमंडूस ने एक उपलब्धि हासिल की है उसने पिछले साल दुनिया भर में बिक्री से कुल 51,218 करोड़ रुपये की कमाई की। इससे पता चलता है कि कम समय में ही मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स एक भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड बन गया है। केवल 30 सालों में, केरल स्थित मालावार गोल्ड एंड डायमंड्स ने वैश्विक ज्वेलरी उद्योग में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्व की अग्रणी कंपनी बनने के लक्ष्य के तहत यह कंपनी भारत और अन्य देशों में नए रिटेल स्टोर खोलने की योजना पर काम कर रही है। अभी, यह कंपनी 3 देशों में 345 स्टोर संचालित करती है, और न्यूजीलैंड, मिल, बांग्लादेश और यूरोप आदि में नए स्टोर खोलने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा,कंपनी अमेरिका, कनाडा, यू के. और ऑस्ट्रेलिया जैसे मौजूदा वाज़ारों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। इस तरह से कंपनी का लक्ष्य अगले साल 100 नए स्टोर लॉन्च करना है साथ ही, कंपनी की योजएंग 7,000 और कर्मचारियों को नियुक्त करने की है, जिसके वाद कर्मचारियों की कुल संख्या 28,000 हो जाएगी। 26 विभिन्न देशों में कार्यरत 21,000 लोगों की टीम के साथ, मालाबार में कार्य के जीवंत और मिलनसार वातावरण को बढ़ावा दिया जाता है।

भारत में और अधिक स्टोर खोलते के अलावा, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स एक योजना के तहत झारखंड, गोवा, असम, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में अपनी उपस्थिति पर विस्तार करना चाहता है। भारत के अलावा, कंपनी के पास पहले से ही यू-ए.ई., कतर, कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, बहरीन, सिंगापुर, मलेशिया, अमेरिका, कनाडा, यू के. और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों मे स्टोर है। इसके अतिरिक्त, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का अपना उन्नत डिज़ाइन स्टूडियो, एक प्रशिक्षण केंद्र और एक अनुसंधान और विकास विभाग है। यह कंपनी अन्सर्ट एंड यंग, डेलॉइट, एक्सेंचर और आई.वी.एम. जैसी विश्व स्तर पर प्रसिद्ध परामर्श फर्मों के साथ भी सहयोग करती है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का एक विशाल नेटवर्क है। इस कंपनी की 8 देशों में 14 आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन इकाइयाँ और 5 देशों में 15 ज्वैलरी निर्माण इकाईयाँ हैं। इन इकाइयों को डिज़ाइन स्टूडियो द्वारा समर्थित किया जाता है, जहाँ 25 से अधिक विशिष्ट ब्रांड कलेक्शन प्रदर्शित किए जाते हैं। भारत में, यह कंपनी केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसी जगहों पर ज्वेलरी बनती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनी की संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, ओमान और बांग्लादेश जैसे देशों में है और तो और कंपनी की योजना और अधिक विस्तार करने की है। कंपनी जबलपुर , सूरत, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे शहरों में नए ज्वेलरी कारखाने स्थापित करने की तैयारी कर रही है। 100 देशों में 6 मिलियन से अधिक ग्राहकों के साथ, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स एंड ज्वेलरी जगत में शीर्ष पायदान वाली कंपनी है। उसका मिशन भारत में बेहतरीन स्वेलरी बनाना और उसे पूरी दुनिया के साथ साझा करना है।

MALABAR GOLD & DIAMONDS

मालाबार समूह के चेयरमैन, एम.पी. अहमद ने अपनी अद्भुत सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि, "एक जिम्मेदार ज्वेलर बनना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है हम यह सुनिश्चित करते हैं कि जो सोना हम उपयोग करते हैं वह अच्छी खदानों से आता हो। जहाँ वे लोगों, जानवरों या उनके घरों को नुकसान नहीं पहुंचाते हों। हम नैतिक नियमों का भी पालन करते है और अपने धन का पारदर्शिता से प्रबंधन करते हैं। इस वजह से हमारे ग्राहक हम पर बहुत भरोसा करते है। हम जिम्मेदारी पूर्वक खनन की गई सामग्री का उपयोग करने और उन समुदायों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनके साथ हम काम करते हैं।' मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स को वास्तव में ग्राहकों की परवाह है। उनके पास 'वन इंडिया वन गोल्ड रेट' नाम की एक योजना है। इसका मतलब है कि आप भारत में कही भी हों, सोने की कीमत एक ही रहेगी। इस तरह से कोई भी नुक्सान में नही रहता है।

## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

# दरवाजे पर कुंडी, सो रहे तीन बच्चे जल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

## भागने का नहीं मिला मौका, तीनों ने एक-दूसरे को लगा रखा था गले

मैनपाट के बरिमा में बीती रात आग की घटना में एक साथ तीन मासूम बच्चों की जलकर मौत हो गई। तीनों बच्चे घर में सो रहे थे जबकि उनकी मां बाहर से दरवाजे पर कुंडी लगाकर मोहल्ले में ही किसी दूसरे व्यक्ति के घर खाने पीने गई हुई थी। वहीं बच्चों का पिता कमाने के लिए महाराष्ट्र के पुणे गया हुआ है। दुखद यह है कि आग लगने के बाद बच्चों ने भागने का प्रयास भी किया लेकिन बाहर से दरवाजा बंद था ऐसे में बच्चे आग के बीच आपस में लिपटकर बैठ गए और तीनों की एक साथ जलकर मौत हुई। घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद एसपी, एसडीएम, फोरेंसिक व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।मैनपाट विकासखंड के बरिमा पकरी पारा निवासी देवप्रसाद मांझी पत्नी सुधनी, 13 वर्षीय बेटी खुशबू, 8 वर्षीय गुलाबी, 6 वर्षीय सुषमा और 3 वर्षीय रामप्रसाद के साथ रहता था। पिता कुछ दिनों पहले कमाने के लिए महाराष्ट्र के पुणे गया हुआ था और मां बच्चों के साथ अकेली रहती थी।





■मां गई थी मोहल्ले में खाने-पीने

### एक साथ लिपटे मिले शव

घटनास्थल पर जब पुलिस पहुंची तो तीनों बच्चों के शव आपस में लिपटे हुए मिले। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि तीनों बच्चों ने आग लगने पर भागने का प्रयास किया लेकिन बाहर से दरवाजा बंद था।

### तीन बच्चों की हुई मौत

बरिमा में आग घर में आग की घटना हुई है। सूचना पर पुलिस व जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी। इस घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। घर का दरवाजा बाहर से बन्द था और मां मोहल्ले में गई हुई थी। पुलिस की जांच जारी है और जांच के बाद घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

- रवि राही, एसडीएम

### चल रही है जांच

घर के अंदर चूल्हे से आग लगी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। शवों का पीएम कराया गया है। बच्चों की मां का बयान भी लिया गया है। जांच के बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

- अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी सरगुजा

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें-9279501139, 7319476022 (रायपुर/16/अप्रैल/24)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5483



**बाएँ से दाएँ**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 548 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | था |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | बा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु बवाल - 5494

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5493 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सहेली





रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

## बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

### संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।



**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।

**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे। a

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

## इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे

विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।



### समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है, क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

### हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

### कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम आकर्षण दिखता है। यानी, अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे का भी भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो। a



### अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।

एडवाइस / विनीता

## हमेशा सही नहीं होता पहला इंप्रेशन

यह सही है कि किसी से पहली मुलाकात में ही काफी कुछ पता चल जाता है लेकिन उसकी पर्सनालिटी के बारे में पूरी तरह समझने के लिए कुछ और बातें मायने रखती हैं।

अंग्रेजी में एक कहावत है 'फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन।' यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि पहली मुलाकात में ही हम किसी के बारे में सब कुछ सही ढंग से जान लें। दूसरों के बारे में अपनी राय बनाने में हमें कभी इतनी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। कई मुलाकातों के बाद ही हमें उसको लेकर अपनी कोई राय कायम करनी चाहिए।

**धैर्यपूर्वक करें विचार:** हमारे आस-पास भिन्न-भिन्न स्वभाव वाले लोग आते हैं। कुछ लोगों का स्वभाव बहुत खुला होता है, ऐसे लोग पहली ही मुलाकात में सबसे घुल-मिल जाते हैं, इन्हें समझना आसान होता है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इंट्रोवर्ट होते हैं। ऐसे लोग स्वभाव के संकोची, शर्मीले और कम बोलने वाले होते हैं। इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। जब पहली बार ऐसे किसी व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो तो उसे अहंकारी समझकर उसके बारे में कोई गलत राय ना बनाएं। असल में जब हम पहली बार किसी से मिलते हैं तो उसके बारे में कुछ ही बातें जानते हैं। अपने पुराने अनुभवों के आधार पर उसके बारे में अपनी राय बना लेते हैं, जो कई बार गलत साबित होती है।


**परखने के बाद बनाएं राय:** किसी भी इंसान के व्यक्तित्व के कई पहलू होते हैं, जो दूसरों के सामने धीरे-धीरे आते हैं। इसलिए जब आप किसी से पहली बार मिलती हैं, तो इस मुलाकात में होने वाली बातचीत के आधार पर उसे अच्छा या बुरा समझने की गलती ना करें। साथ ही पहली मुलाकात में किसी अजनबी से बहुत ज्यादा प्रभावित ना हों, क्योंकि कुछ चालाक लोग दूसरों के सामने अच्छा इंप्रेशन जमाने की कला में बहुत माहिर होते हैं। ऐसे लोगों को कुछ दिनों तक परखने के बाद ही इनके बारे में अपनी कोई धारणा बनानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर शर्मीले लोगों से बातचीत की शुरुआत करके पहले उन्हें सहज महसूस करवाएं, तब वे आपके साथ खुलकर बातें कर पाएंगे। अगर आप खुद तनावग्रस्त हों, इस दौरान कोई पहली बार आपसे मिलने आया हो तो उस वक्त उससे बातें करने में आपकी रुचि नहीं होगी, उस व्यक्ति के प्रति आपके मन में अच्छी धारणा नहीं बनेगी, इसलिए दोबारा अच्छी मनोदशा में उससे मिलें, इत्मीनान से बात करें फिर उसके बारे में अपनी कोई राय बनाएं।

इस तरह जब आप धैर्यपूर्वक सोचने-समझने के बाद ही दूसरों के बारे में अपनी राय बनाएंगी तो आपके सामाजिक दायरे में हमेशा अच्छे लोग शामिल होंगे, इनसे आपके रिश्ते भी मधुर रहेंगे। a




गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अकसर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

## आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन



ब्यूटी सजेशन

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।



- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइज़र की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।



- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।



- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।
- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। a

## स्ट्रेच मार्क्स: अपनाएं ये घरेलू उपाय

हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-



- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए रोजाना पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं। इससे लाभ होगा।
- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर ऑयल की मालिश करना भी अच्छा उपाय है।
- एलोवेरा जैल को डेली स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं। a

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

851 चौके

487 छक्के

# फोटो-विडियो पोस्ट न करें खिलाड़ी, नहीं तो लगेगा नौ लाख का जुर्माना

**बीसीसीआई का फरमान, ब्रॉडकास्टर्स के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन**
**टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स पल-पल की जानकारी कर रहे पोस्ट**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सोशल मीडिया में फोटो-विडियो पोस्ट करने पर नाराज चल रहा है। आईपीएल टीमों, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स द्वारा यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन पर अब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक आईपीएल में 29 मैच हो चुके हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और ब्रॉडकास्टर्स को पंसद नहीं आ रही है।





### ब्रॉडकास्टर्स को होता है नुकसान







*दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत ब्रॉडकास्ट राइट्स होल्डर्स को ही हो रही है, क्योंकि अगर कोई भी ऐसा करता है तो ये नियम के खिलाफ है और इससे ब्रॉडकास्टर्स का नुकसान भी होता है। इसी के चलते बीसीसीआई ने एक ऐसा फरमान जारी किया है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज ने कमेंट्री के दौरान एक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस कमेंटेटर के 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ समय बाद ही बीसीसीआई के एक स्टाफ मेंबर ने उस फोटो को डिलीट करने का आदेश दे दिया।*



### स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास हैं राइट्स







*कमेंटेटर ने पोस्ट डिलीट करने से मना कर दिया। नियमों का हवाला देकर स्टाफ मेंबर ने बार-बार कमेंटेटर को फोटो डिलीट करने के लिए कहा। इसके बाद कहीं जाकर फोटो डिलीट किया गया। बता दें कि स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास डिजिटल राइट्स हैं। ऐसे में सबकुछ इन्हीं का है।*

### टीम पर लगा जुर्माना

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी को ये आदेश दे दिया है कि अगर कोई भी ये नियम तोड़ेगा तो उसे इसकी भरपाई करनी पड़ेगी। यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो 9 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लग सकता है। हाल ही में एक कमेंटेटर ने स्टेडियम से इंस्टाग्राम लाइव कर दिया था जिसपर मिलियन व्यूज आ चुके हैं। वहीं एक आईपीएल टीम पर लाइव मैच के दौरान वीडियो पोस्ट करने के लिए 9 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### फ्रेंचाइजी पर होगी कार्रवाई

बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि आईपीएल टीमों को मैच से फुटेज या वीडियो लेने और शेयर करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैच के दिन वो लिमिटेड फोटो डाल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स ने आईपीएल अधिकारों के लिए बड़ी रकम चुकाई है। इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वे लिमिटेड तरीके से ही तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव मैच अपडेट दे सकते हैं। ऐसे में दोषी पाए जाने पर फ्रेंचाइजी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### धोनी के खिलाफ करते हैं गेंदबाजी का अभ्यास

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि उनके गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी करते हैं और ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने वाली रणनीतियां मैच के दौरान भी अच्छा काम करती हैं। धोनी सुपरकिंग्स की पारी की आखिरी चार गेंदों पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाकर टीम को रविवार रात मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के आखिरी ओवर में 26 रन जुटाने में मदद की। उनकी चार गेंद में नाबाद 20 रन की पारी अंत में अंतर साबित हुई और मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

### जेहान ने फार्मूला ई में बनाया पहला अंक



**मिसानो।** भारत के जेहान दारुवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी।

### हार्दिक की बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी



**मुंबई।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अब तक 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पंड्या को रविवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी।

**आईपीएल : गंभीर के मेंटोर बनने के बाद नारायण कर रहे शानदार प्रदर्शन**

# रॉयल्स को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा कोलकाता

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है।

मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।



### अय्यर फेल, सॉल्ट का तूफान

केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी। मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है। टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। रिंकू सिंह को काफी मौके नहीं मिले हैं और वह चार पारियों में 63 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे।



### संजू, रियान बनेंगे चुनौती

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे।

### स्टार्क से मिल रहा सहयोग

मौजूदा सत्र में नारायण बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**राजस्थान रॉयल्स**
संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

**खास खबर**

### सीन नदी के बजाय स्टेडियम में हो सकता है उद्घाटन समारोह



***पेरिस।*** *फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर दूर तक परेड कराई जाएगी और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे। लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा। फ्रांस की मीडिया 'बीएफएम-टीवी' और 'आरएमसी' से बात करते हुए मैक्रों ने कहा, 'अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास 'बी' और 'सी' योजना भी है।'*

### बैंगनी रंग का होगा पेरिस ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

***पेरिस।*** *एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए 'वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे। तीन साल पहले टोक्यो में लाल ट्रैक पर तीन विश्व और 12 ओलंपिक रिकॉर्ड बने थे। 'मोंडो' ने 1976 में मॉन्ट्रियल के बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों का एथलेटिक ट्रैक तैयार किया है और कंपनी को पेरिस में और भी बेहतर ट्रैक बनाने की उम्मीद है।*

# बिलबाओ को विलारियल ने ला लिगा मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

कोपा डेल रे विजेता एथलेटिक बिलबाओ को स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारियल ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। पिछले सप्ताहांत एथलेटिक ने मालोर्का को हराकर चार दशक में पहली कोपा डेल रे ट्रॉफी जीती। रविवार को विलारियल के खिलाफ मुकाबले के दौरान ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन मेम्स स्टेडियम में रखा गया था। एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई।

इससे लगभग 20 मिनट पहले सेंटियागो कोमेसाना को फाउल करने पर दूसरा लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि जब लग रहा था कि एथलेटिक की टीम मैच जीत लेगी तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में डेनी पारेजो ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। इस ड्रॉ से एथलेटिक की चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम अभी चौथे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक पीछे है जबकि सात मैच बचे हैं। एटलेटिको ने शनिवार को तीसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को 3-1 से हराया था।



### भारतीय टीम स्पेशल ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रवाना

***फरीदाबाद।*** *भारत के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का 28 सदस्यीय मजबूत दल स्पेशल ओलंपिक दक्षिण एशिया यूनीफाइड सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ढाका रवाना हुआ। भारतीय दल में 22 खिलाड़ी और पांच कोच शामिल हैं जो आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दल को सोमवार को विदाई दी गई। स्पेशल ओलंपिक भारत के खेल निदेशक हरप्रीत सिंह ने समारोह के दौरान कहा, 'हमें एसओबी की महिला टीम से कम से कम एक कदम की उम्मीद है। पुरुष टीम को हालांकि अपने कौशल में सुधार करना होगा। महत्वपूर्ण चीज यह है कि गोल नहीं होने दें लेकिन हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।' स्पेशल ओलंपिक भारत बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय खेल महासंघ है जो खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।*

### एलेकना ने चक्का फेंक में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड...





**रेमोना।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया। इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है।

**कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच मैच ड्रॉ**

# गुजराती ने फिर दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला।

रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है। नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामूरा, गुजराती और कारुआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। अलीरेजा 3.5 अंक के साथ सातवें जबकि अबासोव तीन अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं। पहले हाफ में नाकामूरा को हराने वाले विदित ने दूसरे हाफ में भी अपनी इस सफलता को दोहराया। गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला 41 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अलीरेजा के खिलाफ नेपोमनियाची मुश्किलों में घिरा होने के बावजूद वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफल रहे। अबासोव ने भी सफेद मोहरों से खेलते हुए कारुआना को कोई मौका नहीं दिया और अंततः दोनों खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए।





### वैशाली को मिली हार

महिला वर्ग में आर वैशाली की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा जब उन्हें चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चीन की इस खिलाड़ी ने संभावित नौ में से छह अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। रविवार को टैन और वैशाली की बाजी के अलावा अन्य किसी बाजी का नतीजा नहीं निकला। भारत की कोनेरू हंपी ने रूस की कैटरीना लेगनो के साथ अंक बांटे जबकि कल तक शीर्ष पर चल रहीं टिंगजी लेइ और बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा की बाजी भी ड्रॉ रही। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना के साथ ड्रॉ खेला।

# '180 नॉटआउट' में रुख साझा करेंगे गंभीर, हरभजन, वाल्श

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और कर्टनी वॉल्श जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ी हाल में जारी पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉटआउट' में खेल की चुनौतियों, विवादों और भविष्य की संभावनाओं पर अपना रुख साझा करते नजर आएंगे। पॉडकास्ट में 60 से अधिक पूर्व क्रिकेटर और विशेषज्ञ शामिल हैं और पिछली दो शताब्दियों में क्रिकेट की यात्रा और विकास पर चर्चा करेंगे।

पंद्रह एपिसोड की इस श्रृंखला में गंभीर, हरभजन, वॉल्श, अफरीदी, क्रिस गेल जैसे खिलाड़ियों की अंतर्दृष्टि के साथ खिलाड़ियों पर खेल का प्रभाव, लीग, व्यावसायीकरण, कोचिंग, फिटनेस, विभिन्न प्रारूप और रिकॉर्ड सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है। श्रृंखला में तकनीकी प्रगति, विभिन्न लीग के उदय और खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा होगी।



## आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक के फरमान से खरीदी केन्द्रों में हड़कंप

**हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था**

# मेरे आदमी से खरीदा जाएगा धागा और टैग!

हरिभूमि, जबलपुर।

हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था, मेरी कश्ती वहां डूबी जहां पानी कम था। फिल्म दिलवाले का यह डायलॉग इन दिनों जिला प्रशासन पर सटीक बैठा रहा है। दरअसल एक तरफ जहां कलेक्टर दीपक सक्सेना गेंहू उपार्जन में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए अधीनस्थों को समय-समय पर दिशा निर्देश जारी कर सख्त हिदायत देने में लगे है। बावजूद इसके सहकारिता विभाग के जिम्मेदार उनके ही आदेशों का मखौल उड़ाकर हिटलर की तर्ज पर नित्य नए फरमान जारी कर रहे है। ऐसा ही एक फरमान हाल ही में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक प्रसन्ना कुमार सिद्धार्थ ने खरीदी केन्द्रों को दिया है। जिसमें उन्होंने दो टूक कहा है कि धागा और टैग उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही खरीदा जाएगा और जो इस फरमान को नहीं मानेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश के बाद खरीदी केन्द्रों में हड़कंप देखा जा रहा है।



**खरीदी केन्द्रों में मचा हड़कंप**

यह आदेश आने के बाद खरीदी केन्द्रों में हड़कंप देखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि खरीदी के अभी पूरे केन्द्र चालू नहीं हुए इसके बाद भी आयुक्त द्वारा सभी जगहों पर टैग और धागा भेज दिये गये हैं। जबकि यह कार्य समिति द्वारा किया जाता था। इतना ही नहीं कोई टैग 50 पैसे में लगाता था कोई 25 पैसे में अब आयुक्त की मर्जी जितना हो देना पड़ेगा।

### 70-70 हजार टैग भेजे

कहा जा रहा है कि खरीदी भले ही कम हो परंतु आयुक्त पीके सिद्धार्थ ने प्रत्येक समिति में 70-70 हजार टैग भेज दिए हैं। अब हालात यह हैं कि खरीदी केन्द्र प्रभारियों की समझ में नहीं आ रहा है कि अगर इतनी खरीदी नहीं हुई तो वह टैग का पैसा कैसे दे पाएंगे। साहब की बात टालने की हिम्मत किसी में भी नहीं है।

### कलेक्टर को शिकायत का बना रहे मन

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक के इस तुगलकी आदेश का कुछ खरीदी केन्द्र के प्रभारियों द्वारा कलेक्टर को शिकायत करने की बात की जा रही है। उनका कहना है कि हमारा काम ही जब हमको नहीं करने दिया जायेगा तो हम कैसे खरीदी करेगें। अगर सब कुछ जबलपुर से ही चलना है तो आयुक्त ही करवा लें खरीदी।

### कमीशन का खेल

बताया जाता है कि आयुक्त सहकारिता एंव पंजीयक का यह मौखिक आदेश पूरी तरह कमीशन का खेल है। क्योंकि टैग का जो भी बिल आयुक्त के व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा उसे मान्य करना खरीदी केन्द्र प्रभारियों की बाध्यता होगी। लगभग 1 करोड़ रूपये का व्यापार तो इससे हो ही जाएगा।

### मेरे द्वारा कोई आदेश नहीं दिया गया

मेरे द्वारा कोई आदेश नहीं दिया गया है। मैंने सिर्फ खरीदी केन्द्र प्रभारियों को बोला था कि यह व्यक्ति है अगर इससे खरीदना चाहो तो खरीद लो मैंने कोई दबाव भी नहीं डाला है।

-पीके सिद्धार्थ, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक

**नियुक्ति के बाद खरीदी में खेल**

*उल्लेखनीय है कि सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक पीके सिद्धार्थ का नाम हाल ही में हुई कैडर नियुक्ति में जमकर छाया हुआ है। नियुक्ति में उनके द्वारा जितने भी अनुमोदन किए गए हैं, उनमें संदेह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इसके बाद टैग और धागा की खरीद करने का आदेश कहीं न कहीं उनकी हठधर्मिता को दर्शा रहा है। ऐसा लगता है जैसे वह नियम कानून से नहीं नियम कानून उनसे चल रहा है। जिस प्रकार आदेश देकर खरीदी केन्द्रों का हक मारा है वह न केवल नियम विरूद्ध है बल्कि इसकी जांच होना चाहिए। चर्चा का केन्द्र बिन्दु बन चुके सहकारिता आयुक्त के खिलाफ जांच की बात भी उठने लगी है। जिन्हें इन्होंने नियुक्त किया है वह भी सहकारिता आयुक्त के इस कदम से परेशान नजर आ रहे हैं।*

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए

# प्राथमिक शिक्षक के पद पर जिनको नियुक्ति दी है उनका तुलनात्मक चार्ट पेश करो

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि प्राथमिक शिक्षक के पद पर जिन बीएड डिग्रीधारकों को नियुक्ति दी है उनका तुलनात्मक चार्ट पेश करो। जस्टिस शील नागू व जस्टिस अमरनाथ केसरवानी की खंडपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 24 अप्रैल को निर्धारित की है।

दरअसल, सैकड़ो डीएलएड छात्रों की ओर से मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर प्राथमिक शिक्षक के पद पर बीएड डिग्रीधारकों को नियुक्ति देने को चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 नवंबर



2023 को प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए बीएड डिग्री धारियों को अयोग्य घोषित किया था। इस फैसले के स्पष्टीकरण के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट पुनर्विचार याचिका दायर की थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर बताया था कि प्राथमिक शिक्षकों की कुल 21962 नियुक्तियों में से 11,583 बीएड अभ्यर्थी हैं। शेष पद डीएलएड उम्मीदवारों से भरे गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रतीक्षा सूची में से 284 बीएड डिग्री वाले अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया है।

पुनर्विचार याचिकाओं मे सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल 2024 को स्पष्ट किया है कि 8 नवंबर 2023 के बाद प्राथमिक शिक्षकों के रूप में बीएड डिग्री धारियों की नियुक्तियां पूर्णरूप से अवैधानिक हैं। जो नियुक्ति उक्त दिनांक के पूर्व की गई हैं और जिनमें हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश बरकरार है, उनकी वैधानिकता के समवंध मे मप्र हाईकोर्ट फैसला करेगा।

## होमगार्ड सैनिकों को सेवा में बने रहने की हाईकोर्ट ने दी अनुमति

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सीहोर व छिंदवाड़ा जिले के एक दर्जन से अधिक होमगार्ड सैनिकों को दो माह के कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी। गुरूवार को सुनवाई के बाद जस्टिस शील नागू व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मामले को सुनवाई हेतु स्वीकार कर पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिए। छिंदवाड़ा के बाबूलाल युवनती, बृजेश शर्मा, मगनलाल, मेवाराम धुर्वे व अन्य तथा सीहोर के मेहरबान सिंह, नारायण सिंह व मान सिंह की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं को एक अप्रैल 2024 से 31 मई 2024 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर 3 साल में 2 माह का कॉल ऑफ कर दिया गया। पहले एक साल में यह कॉल ऑफ दिया जाता था। वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी। वर्ष 2011 में हाईकोर्ट द्वारा आंशिक रूप से स्वीकार कर मध्य प्रदेश शासन को आदेशित किया था कि वे होमगार्डस की सेवा नियम बनाये एवं उन्हें पूरे वर्ष कार्य पर रखा जाए। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 में नियम बनाये और आदेश के विपरीत पुनः एक वर्ष में 2 माह का बाध्य कॉल ऑफ का प्रावधान रख दिया। अवमानना के बाद सरकार ने तीन साल वाला नियम बना दिया।

## *हाई कोर्ट ने स्वशासी महाविद्यालय से संबद्धता शुल्क वसूली पर लगाई रोक*



▸ अंतरिम आदेश : राटुवि सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिये स्वशासी माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर से संबद्धता शुल्क वसूली पर रोक लगा दी। इसी के साथ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता महाविद्यालय की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता महाविद्यालय एक स्वायत्त कालेज है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियमन के अनुसार स्वायत्त कालेज को स्वायत्त शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय अवैध रूप से माता गुजरी महिला महाविद्यालय से संबद्धता शुल्क की मांग कर रहा है। लिहाजा, इस मनमानी पर रोक अपेक्षित है।

## पटरी में नहीं आ रहे मौसम के बिगड़े मिजाज

# धूल भरी आंधी के बीच बारिश का दौर

**जबलपुर।** सोमवार को एक बार फिर दोपहर में मौसम अचानक बदला, पिछले पांच दिनों से मौसम के मिजाज पटरी पर नहीं है। इसी बीच सोमवार को अचानक तेज गर्जना के साथ दोपहर 4 बजे बारिश होने लगी और उसके बाद मौसम खुलते ही उमस बढ़ गई। दोपहर 4 बजे तक कड़ी धूप थी और इसके बाद अचानक बादल घिर आये और तेज गड़गड़हट के साथ बूंदाबांदी होने लगी। इस दौरान 40 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली धूल भरी आंधी ने अचानक वातावरण की रफ्तार रोक दी। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले दो दिनों तक बादल छाये रहेंगे और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम में अचानक बदलाव आया है। सोमवार को



लगातार दूसरे दिन शाम के वक्त मौसम से अपना रुख बदला। तेज हवाओं ने शहर को धूलधानी बना दिया। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दवाब वाले क्षेत्र के कारण बादल नीचे उतर आए हैं और आगामी 24 घण्टों के दौरान संभाग के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बरस भी सकते हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि असम और छत्तीसगढ़ के ऊपर बने हवा के कम दवाब का क्षेत्र मध्यप्रदेश के ऊपर आ गया है। लो-प्रेशर की वजह से बादल बन रहे हैं। आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 60 प्रतिशत और सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.48 पर और सूर्यास्त शाम 6.31 पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दक्षिण पूर्वी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। बारिश 3.6 मिलीमीटर दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ पानी बौछारें पड़ सकतीं हैं।

## गर्मी, बारिश के कॉकटेल से जनजीवन प्रभावित

# मौसम की मार से अस्पतालों में मरीजों का मजमा

**जबलपुर।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बेमौसम बारिश से जनजीवन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हैजा, डायरिया के साथ-साथ मलेरिया के मरीज तेजी से बढ़े हैं। आलम यह है कि शहर की शासकीय अस्पताल हो या निजी हास्पिटल, कहीं भी बेड खाली नहीं हैं। अस्पतालों हाऊसफुल चल रही हैं। वहीं दूसरी ओर प्रायवेट क्लीनिकों में मरीजों की कतारें लगी हैं। मौसम की प्रतिकूलता के कारण मच्छर, मक्खी और अन्य सूक्ष्म जीवाणुओं की पैदावार तेजी से बढ़ी है। जिसके परिणामस्वरूप संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

मौसम एकदम प्रतिकूल हो गया



है। गर्मी के सीजन में बरिश, धूप-छांव के कॉकटेल से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन भर तेज गर्मी और रात को नमी का वातावरण बनने से मच्छर, मक्खी के अलावा कई सूक्ष्म वैक्टीरिया तेजी से पनप रहे हैं। मच्छरों की नारायणी सेना ने तो लोगों का चैन से बैठना भी मुश्किल कर दिया है। मच्छरों के प्रकोप से मलेरिया तेजी से फैल रहा है। वहीं जलाशयों का जलस्तर घट जाने और जगह-जगह पाईप लाईनों के फूटी होने के कारण नलों में प्रदूषित पानी आ रहा है, जिससे हैजा डायरिया जैसी संक्रामक बीमारी तेजी से फैल रही है। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया हास्पिटल में प्रतिदिन दर्जनों मरीज पहुंच रहे हैं। विक्टोरिया अस्पताल का संक्रामक रोग वार्ड फुल है। इसी प्रकार शहर के तमाम निजी अस्पतालों में भी हाऊसफुल की स्थिति चल रही है। भीषण गर्मी की वजह से ब्लड प्रेशर और शुगर के पेशेंट भी बेचैनी व घबराहट से पीड़ित होकर चेकप कराने अस्पताल में पहुंच रहे हैं। उधर नगर निगम मौसम की प्रतिकूलता के बाद भी बेपरवाह है। मच्छरों के प्रकोप को रोकथाम के लिये मलेरिया विभाग भी उदासीन नजर आ रहा है। शहर की सफाई व्यवस्था ढंग से नहीं हो रही है, मच्छरों का विनिष्टीकरण करने वाली फागिंग मशीन भी नजर नहीं आती।

# उच्च शिक्षा विभाग करा रहा प्रोफाइल अपडेट

▸ मई में शुरू होंगे सरकारी और निजी कॉलेजों में प्रवेश

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा से संबंधित सभी 1300 से अधिक शासकीय और निजी महाविद्यालयों में अकादमिक-सत्र 2024-25 में प्रवेश मई माह में प्रारंभ होंगे। खास बात ये है कि इस बार उच्च शिक्षा विभाग यूजी, पीजी और बीएड क़ॉलेजों में प्रोफाइल अपडेट करने का काम प्रवेश से पहले करवा रहा है। महाविद्यालय को 16 अप्रैल तक ई-प्रवेश के पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करना होगा और 20 अप्रैल तक सत्यापन कराना होगा। पिछले साल निजी महाविद्यालयों ने प्रोफाइल अपडेशन सहित अन्य जानकारी प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में अपडेट की थी, जिससे बाद में सीटों बढ़ गई थी। इस कारण इस सत्र में पहले ही सीटें निर्धारित कर ली जाएगी।

### महाविद्यालयों से ले रहे ये जानकारी


प्रोफाइल अपडेशन में उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालयों को प्रोफाइल में पाठ्यक्रम, फैकल्टी सहित अन्य जानकारी जैसे प्राचार्य संबंधी, स्थान संबंधी, मोबाइल नंबर, बैंक संबंधी जानकारी सहित अन्य जानकारी ले रहा है। इसमें महाविद्यालयों को सत्र 2024-25 में स्वीकृत किए गए नए संकाय, विषय, डिप्लोमा व सिर्टिफिकेट आदि पाठ्यक्रमों की पूरी जानकारी देनी है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों का इंतजार

# पहले 10वीं-12वीं फिर 5वीं-8वीं का आएगा रिजल्ट

**जबलपुर।** बोर्ड परीक्षाओं कि विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार बेसब्री से बना हुआ है पहले 15 अप्रैल तक परिणाम जारी करने की डेड लाइन रखी गई थी लेकिन तकनीकी कारणो के चलते समय पर परिणाम आना मुश्किल लग रहा है एक सप्ताह में 10वीं 12वीं एमपी बोर्ड परिणाम जारी करने की कवायद की जा रही है इसके बाद ही पांचवी आठवीं का परिणाम आने की संभावना है।

राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का फिर से रैंडमली मूल्यांकन करने के निर्देश पिछले सप्ताह में दिए थे। इसके बाद तीन से चार दिन उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन किया गया। तकरीबन प्रदेश में पुनः मूल्यांकन का कर्ा भीय पूरा हो चुका है। दोबारा कॉपी जांचने के चक्कर में



परिणाम में देरी होना तय हो गया है। पांचवी आठवीं का परीक्षा परिणाम अब डेढ़ से 2 सप्ताह बाद ही आने की संभावना है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा 10वीं 12वीं परीक्षा का परिणाम एक सप्ताह में आएगा संभवतः आगामी सप्ताह यह परिणाम विद्यार्थियों के हाथ में आ जाएगा। चारों ही बोर्ड परीक्षाओं के विद्यार्थियों को अपने परिणामों का इंतजार बना हुआ है। इस बार बोर्ड की परीक्षाएं तय समय से पहले खत्म हो गई थी, विभागीय अधिकारी भी लोकसभा चुनाव के जोर पकडऩे से पहले परीक्षा परिणाम का काम पूरा करना चाहते हैं। तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए विभागीय प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। उधर सीबीएसई का परीक्षा परिणाम भी 30 अप्रैल तक आने की पूरी संभावना व्यक्ति की जा रही है।

### चुनावी ड्यूटी में शिक्षक

1 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत औपचारिक हो चुकी है लेकिन कक्षाओं मे विद्यार्थियों का इंतजार भी बना हुआ है। सीमित सख्या में ही छात्र पहुंच रहे हैं। उधर शिक्षक भी चुनाव ड्यूटी में खुद के व्यस्त होने से सरकारी स्कूलों में फिलहाल नए सत्र की कोई खास तैयारी नहीं हो पा रही है। आगामी दो सप्ताह बाद गिष्मकालीन अवकाश सरकारी स्कूलों में शुरू हो जाएगा यानी अब छुट्टियों के बाद ही कक्षाओं में बच्चों की ठीक-ठाक उपस्थिति दर्ज होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240